वाराणसी, गुरुवार, 12 दिसम्बर, 2024
मार्ग शीर्ष, शुक्ल पक्ष 12, वर्ष 13, अंक 304, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

# जनसंदेश टाइम्स
परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : सिंधु ने पीएम मोदी से मुलाकात कर शादी का निमंत्रण दिया



अन्दर : अब सीरिया में भी तालिबानी हिंसा का राज

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# संविधान के अपमान पर बवाल

## आगजनी के बाद पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले, एक गिरफ्तार

**ब्यूरो, मुंबई।** महाराष्ट्र के परभणी में संविधान के अपमान के बाद बुधवार को हिंसा के दौरान आगजनी हुई। यहां कुछ उपद्रवी तत्वों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान का अपमान किया। इससे लोग नाराज हो गए। गुस्साए लोगों ने तोड़फोड़ और कई जगह आगजनी की। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। वंचित बहुजन अघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर ने घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि परभणी में जातिवादी मराठा उपद्रवियों ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर भारतीय संविधान की धज्जिया उड़ाईं। यह बहुत ही शर्मनाक है। यह पहली बार नहीं है, जब बाबासाहेब और उनके द्वारा बनाए गए संविधान का अपमान किया गया है। वीबीए परभणी जिले के कार्यकर्ता सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे और



उनके विरोध प्रदर्शन के कारण पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक यशवंत काले ने कहा कि बुधवार दोपहर करीब एक बजे एक दुकान के बाहर पाइपों में आग लगा दी गई। जैसे ही भीड़ हिंसक हो गई, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और उन्हें तितर-बितर किया। प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि पुलिस को पता लगाना चाहिए कि तोड़फोड़ की घटना के पीछे कौन था? स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के वासमत इलाके में भी बंद रहा। परभणी के डीएम रघुनाथ खांडू गावड़े ने कहा कि पुलिस प्रशासन सड़क पर है। हम सभी से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हैं।पुलिस ने बताया कि भारतीय संविधान की प्रतिकृति को नुकसान पहुंचाने पर मध्य महाराष्ट्र के परभणी शहर में बुधवार को दूसरे दिन भी हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए।

अधिकारियों ने बताया कि अंबेडकरवादी कार्यकताओं की तरफ से बुलाए गए बंद के दौरान भीड़ ने आगजनी की और जिला कलेक्टर कार्यालय में तोड़फोड़ की गई।

### यह संविधान और बाबा साहब का अपमान : अठावले

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा, मंगलवार को एक व्यक्ति ने बाबा साहब की मूर्ति के सामने संविधान का शीशा तोड़ दिया, यह संविधान और बाबा साहब का अपमान है। पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किया। हम मांग करते हैं कि उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसकी जांच होनी चाहिए। इस मामले में एनसीपी-एसपी सांसद फौजिया तहसीन खान ने कहा कि, परभणी मेरा गृहनगर है और मुझे दुख है कि वहां ऐसी घटना हुई है। मैं लोगों से अपील करती हूं कि वे शांति बनाए रखें और ऐसे मामलों का शिकार न बनें। परभणी शहर में हुई हिंसा पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा, जब से यह सरकार (महायुति) सत्ता में आई है, यहां ऐसी घटनाएं आम हो गई हैं। लोगों को शांति बनाए रखनी चाहिए, सभी जानते हैं कि हम, महाराष्ट्र के लोग हमेशा बाबासाहेब और उनके विचारों के साथ रहे हैं। इस मामले में सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

## 'ईएमआई से ज्यादा पत्नी के गुजारा भत्ते को दें प्राथमिकता'

**नई दिल्ली।** पत्नी को दिए जाने वाले गुजारा भत्ता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि लोन की ईएमआई कितनी है, कब देनी है इन सबसे ज्यादा प्राथमिकता पत्नी को गुजारा भत्ता देने की होना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भूयान की बेंच ने यह फैसला एक पति की याचिका को खारिज करते हुए दिया। पति, जो एक डायमंड फैक्ट्री का मालिक है, ने अदालत से अनुरोध किया था कि वह अपनी अलग हो चुकी पत्नी को बकाया गुजारा भत्ता देने में असमर्थ है, क्योंकि उसकी फैक्ट्री घाटे में चल रही है और उस पर भारी कर्ज है। अदालत ने स्पष्ट किया कि तलाकशुदा पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी पति की संपत्ति पर प्राथमिक अधिकार रखती है। अदालत ने कहा, जीने का अधिकार, सम्मान के साथ जीने का अधिकार, और एक बेहतर जीवन का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित हैं।

### अपहरण व रेप में दो को 20 साल की कैद, जुर्माना भी

बहराइच । जिले की पॉक्सो कोर्ट ने 10 वर्षीय बालिका के अपहरण और बलात्कार के दो अभियुक्तों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास के साथ-साथ 14-14 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। न्यायाधीश दीपकान्त मणि ने वकीलों की बहस सुनने के बाद सुनाया गया। मुकदमे की वादिनी की सूचना के आधार पर 4/5 जुलाई 2015 को मेराज पुत्र स्व. अजमेरी तथा कोलई उर्फ शहजाद पुत्र स्व. अजमेरी निवासी जोशियापुर थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। बुधवार को इसी मामले में दोनों को 20-20 साल की सजा सुनाई गई। अभियुक्तों पर 14-14 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

### तीन बांग्लादेशियों को 5-5 साल की जेल

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की स्पेशल कोर्ट ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत में दाखिल होने वाले तीन बांग्लादेशी नागरिकों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। मुंबई की स्पेशल कोर्ट ने बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद हबीबुर रहमान हबीब, हनन अनवर हुसैन खान और मोहम्मद अजाराली शुभानल्लाह को पांच साल जेल की सजा सुनाई गई है। उन पर दो-दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला पहली बार 2018 में उस समय सामने आया था।

## आजम खान का आरोप, मेरे साथ जुल्म को संसद में सपा ने मजबूती से नहीं उठाया

**रामपुर।** जेल में बंद समाजवादी पार्टी (एसपी) नेता आजम खान सपा और इंडिया गठबंधन से खासे नाराज हैं। उन्होंने खासतौर से सपा को इस बात के लिए कठघरे में खड़ा किया कि पार्टी ने उनके साथ हुई कथित ज्यादती का मुद्दा मजबूती से संसद में नहीं उठाया। रामपुर के एसपी जिलाध्यक्ष अजय सागर के लेटर पैड पर जारी किए गए एक संदेश में उन्होंने रामपुर की बबार्दी का मामला उठाते हुए इंडिया गठबंधन से भी सवाल किए हैं। आजम खान ने कहा कि जब रामपुर में उनके खिलाफ जुल्म हो रहा था तो समाजवादी पार्टी ने इस मुद्दे को संसद में उतनी मजबूती से क्यों नहीं उठाया, जितना कि आजकल संभल के मुद्दे को उठाया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर भी कड़ी आपत्ति जताई कि रामपुर की बबार्दी पर इंडिया गठबंधन चुप रहा और तमाशबीन बना रहा। इसके अलावा, आजम खान ने इंडिया गठबंधन पर मुस्लिम लीडरशिप को खत्म करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा, इंडिया ब्लॉक को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी, अन्यथा मुसलमानों के हालात और भविष्य पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। आजम खान ने अपनी टिप्पणी में यह भी कहा कि अगर मुस्लिम वोटों का कोई महत्व नहीं है और उनका अधिकार उनकी नस्लकुशी करवा रहा है, तो मुसलमानों को यह विचार करने पर मजबूर होना पड़ेगा कि उनके वोट का अधिकार रहना चाहिए या नहीं।

## केंद्र ने व्यापारियों के लिए गेहूं भंडारण की सीमा घटाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा बुधवार को खुदरा और रिटेल व्यापारियों के लिए गेहूं भंडारण की सीमा को घटा दिया है। यह कदम गेहूं की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए सरकार द्वारा निरंतर किए जाने वाले प्रयासों का हिस्सा है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, थोक व्यापारियों के लिए गेहूं के भंडारण की सीमा 2,000 मीट्रिक टन से घटाकर 1,000 मीट्रिक टन कर दी गई है, जबकि खुदरा व्यापारियों के लिए इसे 100 मीट्रिक टन से घटाकर 50 मीट्रिक टन कर दिया गया है। निचली भंडारण सीमा का उद्देश्य जमाखोरी को रोकना है, जिससे पर्याप्त गेहूं उपलब्ध होने के बावजूद कीमतें बढ़ जाती हैं। सरकार द्वारा कहा गया कि गेहूं का भंडार करने वाली संस्थाओं को गेहूं स्टॉक लिमिट पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा और प्रत्येक शुक्रवार को भंडारण की जानकारी अपडेट करना आवश्यक है।

**कीमतों में आएगी कमी**

### जमाखोरी रोकना है सरकार का उद्देश्य

आधिकारिक बयान में कहा गया कि कोई भी संस्था जो पोर्टल पर पंजीकृत नहीं पाई गई या भंडार सीमा का उल्लंघन करती है, आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 6 और 7 के तहत उचित दंडात्मक कार्रवाई के अधीन होगी। साथ ही बताया कि यदि उपरोक्त संस्थाओं का गेहूं भंडार उपरोक्त निर्धारित सीमा से अधिक हैं, तो उन्हें अधिसूचना जारी होने के 15 दिनों के भीतर इसे भंडारण की निर्धारित सीमा में लाना होगा। खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और जमाखोरी और बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के लिए भारत सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और प्रोसेसरों पर यह सीमा लागू की है।

## 50% किसानों पर कर्ज का भार

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में जानकारी देते हुए कहा, 28 राज्यों के किसानों पर औसतन 74121 रुपए का कर्ज है। भारत के 50.2 फीसदी किसान कर्ज में डूबे हुए हैं। आंध्र के 93.2 फीसदी किसान कर्जदार हैं। आंध्रा में प्रति किसान 2.45 लाख रुपए का कर्ज है। उत्तर भारत के राज्यों में 60.3 फीसदी किसान बैंक के कर्जदार हैं। उत्तर भारत के किसानों पर औसतन 1.13 लाख का कर्ज है। मध्य प्रदेश के

**भयावह हालात**

### 18 फीसदी आबादी कर्ज लेकर कर रही है जीवन यापन



48.4 फीसदी किसानों पर बैंक का औसत कर्ज 74420 रुपए है।




# ट्रैक्टर से टकरायी बाइक, दो की मौत

जनसंदेश न्यूज

हादसा

## हरहुआ पुलिस चौकी के करीब रिंग रोड की घटना



**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत रिंग रोड फेज एक पर बुधवार शाम सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि उनके साथ बाइक पर बैठा एक व्यक्ति बाल-बाल बच गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ागांव थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों का शव कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देने के साथ ही पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

जानकारी अनुसार फूलपुर थाना क्षेत्र के ताड़ी नेवादा निवासी 35 वर्षीय राम विलास और 28 वर्षीय महताब आलम तथा ठठरा निवासी जय प्रकाश विश्वकर्मा तीनों लोग फर्नीचर का काम करते हैं। जय प्रकाश ने बताया कि तीनों लोग सारनाथ में काम करने के बाद सायंकाल 5.30 एक ही बाइक से तीनो लोग अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रिंग रोड फेज 1 पर प्रतापपट्टी क्रासिंग के समीप एक ट्रैक्टर चालक भेलखा गाँव की तरफ से रिंग रोड फेज एक को पार कर रहा था। ट्रैक्टर देखकर बाइक चला रहा महताब आलम ने नियंत्रण खो दिया। जिससे बाइक ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर की ट्राली का पहिया राम विलाश और महताब को कुचलते हुए आगे निकल गया। कुचले जाने के चलते दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं जय प्रकाश बच गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक तथा ट्रैक्टर को कब्जे में ले ली। वहीं घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस द्वारा बताया गया की शव कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## पेटीएम चालू करने के नाम पर ले उड़ा एक लाख

जनसंदेश न्यूज

**मिर्जामुराद।** शिवरामपुर गांव निवासी रमेश पटेल का शिवरामपुर चट्टी पर इलेक्ट्रॉनिक का दुकान है, भुक्तभोगी रमेश ने बताया कि मंगलवार की शाम दुकान पर एक युवक आया बताया कि आपका पेटीएम नही बना है, मैं पेटीएम कम्पनी से हूं, मोबाइल दीजिए चालू कर देता हूं।युवक के बातों में आकर मैं अपनी मोबाइल दे दिया युवक खाता नंबर लेकर मोबाइल से ओटीपी के जरिये पेटीएम बना दिया।युवक पेटीएम बनाकर चला गया।रात में जब में घर पहुंचा तो देखा कि मेरे मिजार्मुराद एसबीआई के खाते से पेटीएम के जरिये सात बार में 1 लाख 6 हजार रुपया अलग-अलग नंबर पर भेजा गया है।बुधवार की सुबह युवक बैंक में जाकर खाते में बचे पैसे को निकाल लिया।उसके बाद भुक्तभोगी रमेश पटेल ने मिजार्मुराद थाने पहुंच घटना के बावत सूचना देने के बाद साइबर थाने पहुंच शिकायत दर्ज करवायी।

# अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** मोहनसराय लहरतारा सिक्स लाइन सड़क चौड़ीकरण कार्य को प्रगति देने हेतु रोहनिया स्थानीय क्षेत्र के गोविंदपुर मोड़ से लेकर 20 मीटर के एरिया को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा जोखन माली की माला फूल की दुकान दीपक गुप्ता जनरल स्टोर की दुकान लल्ला गुप्ता चाट की दुकान घनश्याम पटेल मिठाई की दुकान राजेंद्र यादव मिठाई की दुकान महेंद्र यादव राजू यादव जनरल स्टोर की दुकान इत्यादि पर भारी फोर्स के साथ-साथ मंडुआडीह व रोहनिया पुलिस के मौजूदगी में बुलडोजर लगाकर तोड़ा गया जब निर्मला देवी की चाय की दुकान पर बुलडोजर पहुंचा तो उन्होंने अपने परिवार के साथ मिलकर विरोध करना शुरू किया उनका कहना है कि जब आराजी नंबर 212 और 213 नंबर (रजिस्ट्री ) की जमीन है तो बिना मुआवजा दिए क्यों अतिक्रमण को तोड़ा जा रहा है विरोध करने वालों में अरारी नंबर 212 से लेकर 213 में शामिल निर्मला देवी बंटी मोदनवाल गांधी साव बाबा सिंह ओम प्रकाश जायसवाल गोविंद जायसवाल सुमन जायसवाल लाल बहादुर पटेल सुमन जायसवाल महेंद्र पटेल लक्ष्मी शंकर मिश्रा अली अहमद दिलीप त्रिपाठी अशोक त्रिपाठी विजय गुप्ता राधेश्याम गुप्ता निजामुद्दीन शाह इत्यादि लोगों ने बताया कि बिना मुआवजे के उक्त सभी के मकानों को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा जबरन बिना नोटिस दिए तोड़ा जा रहा है। मौके पर कोई भी राजस्व अधिकारी नहीं है जब बात करने के लिए उन्हें बुलाया जा रहा है तो वह सिर्फ फोर्स की बदौलत आगे का कार्यक्रम बढ़ा रहे हैं राजस्व विभाग सिर्फ और सिर्फ पीडब्ल्यूडी विभाग को आदेश कर रहा है और पीडब्ल्यूडी विभाग फोर्स को आदेश कर रहा है

## संक्षेप

### आरोपित के घर पुलिस ने किया नोटिस चस्पा

**वाराणसी।** सारनाथ धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी के घर पुलिस ने डुगडुगी बजाकर नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने आरोपी के घर वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि आरोपी हाजिर नहीं होगा तो उसके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की जायेगी। उपनिरीक्षक संदीप शर्मा ने बताया कि न्यू कालोनी आशापुर निवासी राकेश मौर्या के खिलाफ धोखाधड़ी व फजीर्वाड़ा सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। वह न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा है। उपनिरीक्षक ने परिजनों को चेताया कि एक माह के भीतर आरोपित हाजिर नहीं होगा तो उसके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

### ग्राहक बनकर आये लोगों ने उड़ाये गहने

**चौबेपुर।** क्षेत्र के सोनबरसां बाजार में बुधवार की शाम साढ़े 5बजे दो बाईक सवार युवक सुरेंद्र सेठ ऊर्फ गामा सेठ की दुकान पर आकर दो सोने की लाकेट खरीदने के लिए दिखाने को कहा। जब व्यवसायी सोने की लाकेट देखकर तौल कर दिया जब पुर्जा बनाने की बात भुक्त भोगी ने पूछा तो उसने अपना नाम उमेश यादव निवासी बलुआ बताया और रुपए भेजने के लिए स्कैनर मांगने लगा । तब तक दोनों लाकेट लेकर बाईक पर सवार होकर चौबेपुर की तरफ भाग निकले। व्यवसायी के अनुसार दोनों लाकेट की कीमत 14हजार रूपए है।

### चोरों ने मकान से उड़ाई नगदी व बर्तन

**लोहता।** लोहता छोटी कोईरान में मंगलवार की रात चोर सूरज पटेल के चाय और दूध की दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखा वर्तन और चार हजार रुपए उठा ले गए। सूरज रात दस बजे दुकान बंद कर के अपने घर विशुनपुर चला गया था। चोरो ने पास में एक टावर पर गार्ड का काम करने वाले भूपेंद्र पटेल के कमरे का ताला चटकाकर वर्तन और हजारो रुपए उठा ले गए। बुधवार को सूरज अपनी चाय और दूध की दुकान खोलने आया तो देखा कमरे का ताला टूटा हुआ सामान और रुपए गायब थे। सूरज पटेल और भूपेंद्र ने चोरी की सूचना थाने पर दे दिया है।

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**चौबेपुर।** चौबेपुर पुलिस टीम ने बुधवार को गैर इरादतन हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा चौबेपुर के अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने 25 अक्टूबर को मृतक की मां उषा देवी ने मुकदमा दर्ज कराया था कि मेरे पुत्र विकास को पुरानी रंजिश में लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया गया था। उसे बीएचयू ट्रामा सेंटर मे भरती कराया गया था। जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई थी। अभियुक्त सोनू पुत्र सुरेन्दर राम निवासी श्रीकंठपुर धोबहिया को गांव के ही पास श्रीकंठपुर नहर रेलवे लाईन के किनारे के पास से बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### शव मिलने से क्षेत्र में हड़कम्प

**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत भेलखा गांव में देशी शराब ठेका के पीछे बुधवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारियों के साथ ही फॉरेंसिक तीन भी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। मामले में एक युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पकड़ा गया युवक अपने दो साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। वहीं दोनों फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी अनुसार भेलखा गांव के ग्रामीण बुधवार सुबह में टहलने के लिए निकले थे। इस दौरान लोगों ने शराब ठेके के पीछे शव देखकर पुलिस को सूचना दिया। हत्या की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे उसके बाद लोगों ने शिनाख्त शिवपुर थाना क्षेत्र के सभईपुर निवासी राजेश सरोज (30) के रूप में की। घटनास्थल पर खून से सने चार ईंट और देसी शराब की करीब दर्जनभर खाली पाउच भी मिले। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, डीसीपी गोमती जोन प्रमोद कुमार, एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार ने भी लोगों से पूछताछ की। **शराब पीने के बाद हुई थी मारपीट** : घटना के बारे में पुलिस ने शराब ठेका के सेल्समैन और वहां पर चखना बेचने वाले युवक से पूछताछ की। पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पता चला कि मंगलवार सायं काल राजेश और बड़ागांव थाना क्षेत्र वाजिदपुर गांव के रहने वाले तीन चार युवकों के साथ मारपीट हुई थी। मारपीट होने के बाद उन लोगों ने राजेश को जान से मारने की धमकी दी थी। उसके बाद रात में जब राजेश फिर ठेके पर शराब पी रहा था, इसी दौरान वाजिदपुर के रहने वाले युवक वहां पहुंचे और दोबारा उसके साथ मारपीट की। आशंका है कि इसी दौरान उन लोगों ने ईंट से सिर कूचकर राजेश की हत्या कर दी। इस मामले में वाजिदपुर निवासी एक युवक को गिरफ्तार कर बड़ागांव थाने की पुलिस पूछताछ कर रही है।

# तहसील बार पिंडरा के चुनाव में नामांकन

जनसंदेश न्यूज

**पिंडरा।** तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के वार्षिक चुनाव में नामांकन के पहले दिन 16 लोगों ने विभिन्न पदों के लिए धूमधाम से नामांकन पत्र दाखिल किया।

बुधवार को सुबह से तहसील परिसर में नामांकन को लेकर वकीलों में उत्साह दिखा और समर्थक अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष के माहौल बनाते दिखे। नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए सन्तोष कुमार सिंह व कृपाशंकर पटेल तथा महामंत्री पद के लिए सुधीर कुमार सिंह तथा रविशंकर यादव ने जुलूस के साथ नामांकन दाखिल किया। नामांकन के पूर्व प्रत्याशियों ने तहसील परिसर स्थित मौनी बाबा के समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद जुलूस के रूप में नामांकन स्थल पहुचे।

इसके पूर्व पूरे तहसील भ्रमण कर वकीलों का समर्थन हासिल किया। वही बार चुनाव समिति के अधिकारियों के समक्ष नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष व महामंत्री के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए मो0 जुबैद खा के अलावा उपाध्यक्ष (10 वर्ष से अधिक ) के लिए तीन पद तथा उपाध्यक्ष (5 वर्ष से कम) के लिए दो लोगों ने नामांकन किया। उसके अलावा अन्य पदों पर एक एक लोगों ने नामांकन किया गया। इस दौरान पूर्व बार अध्यक्ष शिवपूजन सिंह, पंधारी यादव, विजय कुमार शर्मा, जवाहरलाल वर्मा, प्रितराज माथुर, बार अध्यक्ष उदयनाथ भारती, श्याम शंकर सिंह, अंकित मिश्रा, दीपक कुमार सैनी, रूकद्दीन खा व अनिल यादव समेत दर्जनों वकील रहे। एल्डर्स कमेटी के अधिकारी बच्चालाल यादव ने बताया कि पहले दिन अध्यक्ष व महामंत्री समेत विभिन्न पदों पर 16 लोगों ने नामांकन किया। गुरुवार को भी नामांकन होगा। मतदान 23 दिसंबर व मतगणना 24 दिसम्बर को होगा।

## फर्जी टोल कर्मी बन ट्रक चालक से की वसूली

**चौबेपुर।** क्षेत्र के राजवाड़ी हवाई पट्टी पर कतिपय दबंगो ने ट्रक को रोककर जबरन खलासी की पिटाई कर एक हजार रुपये वसूल लिए।बुधवार को प्रातः एक ट्रक खाली रजवाड़ी हवाई पट्टी से गाजीपुर जा रही थी।तभी अपाचे बाइक से दो युवकों ने एनएचआइ का कर्मी बताकर एक हजार रुपये मांगने लगे। ट्रक खलासी फूलचंद निवासी कठवा मोड़ गाजीपुर को मारने पीटने लगे।फिर ड्राइवर महेश चंद्र से एक हजार लेकर कैथी की ओर चले गए। पुलिस के शिकायत किये बिना चले गए। रजवाड़ी के रमेश यादव ने बताया कि कुछ लोग टोल टैक्स बचाने के चक्कर में राजवाड़ी कैथी हवाई पट्टी धौरहरा बारी गांव भंदहा गांव के रास्ते से दुर्गवा टेकुरी होते हुए रोजाना सैकडो वाहन गुजर रहे हैं वही बड़े छोटे वाहन के आने जाने से बड़ी दुर्घटना होने का डर बना रहता हैं ।कुछ गांव के दबंग किस्म के लोग टोल टैक्स के नाम पर वसूली करते है।अपने को एनएचआइ का कर्मचारी बताते है।इस सम्बंध में टोल प्लाजा कैथी के मैनेजर प्रवीण कौशिक ने बताया कि कुछ लोग अवैध ढंग से कुछ गाड़िया पैसा लेकर पास कराते हैं।जो गाड़ी वाले पैसा नही देते उनसे मारपीट करते है। इसकी लिखित शिकायत चौबेपुर थाने में कई गयी है।

# चोरी के चार लाख के गहनों समेत तीन लोग गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज



**रामनगर।** रामनगर थानांतर्गत भीटी क्षेत्र के बजरंग नगर कालोनी में एक हफ्ते पूर्व हुई चोरी का खुलासा करते हुए क्राइम ब्रांच और रामनगर पुलिस ने चोरी में शामिल दो चोरों सहित एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर चोरी के चार लाख की कीमत के आभूषण और 11 सौ रुपए नगद बरामद कर करने का दावा किया है।

बुधवार की दोपहर रामनगर थाना परिसर में हुई प्रेस कांफ्रेंस में एसीपी ईशान सोढ़ी ने बताया कि रामनगर भीटी क्षेत्र के बजरंग नगर कालोनी निवासी हरेंद्र नाथ तिवारी बीते एक दिसंबर को अपने छोटे भाई के रिंग सेरेमनी के कार्यक्रम में भाग लेने परिवार समेत मेरठ गए थे। जब चार दिसंबर को लौटे तो पता गेट का ताला टूटा देख भौंचक रह गए जब अंदर कमरे में गये तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। उनको समझते देर नहीं लगी कि घर में चोरी हो चुकी है। चोर गहने समेत नगदी ले उड़े थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। पता चला कि घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को तो चोरों ने तोड़ दिया था लेकिन डीवीआर नहीं ले जा सके जिससे पुलिस का काम आसान हो गया चोरों तक पहुंचने में सीसीटीवी फुटेज में ताला तोड़ते दिख रहे चोरो को पकड़ने के लिए पुलिस और क्राइम ब्रांच ने जाल बिछाया और मुखबिर की सटीक सूचना पर बंदरगाह रोड से विशाल गुप्ता निवासी मच्छरहट्टा, शिवशंकर उर्फ पप्पू चौहान 62 वर्ष निवासी गोलाघाट और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। उनके निशानदेही पर चोरी के 11 सौ रुपए और लगभग चार लाख रुपए के गहने बरामद कर लिए गए। टीम में काशी जोन एसओजी प्रभारी कृष्ण कुमार रामनगर थाना प्रभारी राजु सिंह, समेत क्राइम ब्रांच के तेज तर्रार पुलिस शामिल थी।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में पिंडरा ब्लॉक को मिला प्रथम स्थान

## शानदार प्रदर्शन करने वाले 22 बच्चों का किया गया सम्मान



**पिंडरा।** जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में 200 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बुधवार को पिंडरा ब्लाक के विजेता बाल खिलाड़ियों का विद्यालय में सम्मान किया।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में योग में राष्ट्रीय पहचान बना चुके कंपोजिट स्कूल रमईपट्टी पिंडरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अकेले 13 सोना और नौ चांदी सहित कुल 22 पदक ब्लॉक की झोली में डाले। योग प्रशिक्षक एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक कमलेश कुमार पांडेय ने बताया कि बालिकाओं में ज्योति, शशि, श्रद्धा, प्रीति, गरिमा और सुनैना ने छह गोल्ड मेडल एवं बालकों में सूर्य, अनुराग, आयुष, रवि, सूरज और आदित्य ने छह सिल्वर मेडल के साथ गोला प्रक्षेपण में बालिका वर्ग से काजल ने स्वर्ण तथा चक्र प्रक्षेपण में सिल्वर मेडल, बैडमिंटन में बालिका वर्ग से रिमा ने स्वर्ण, बैडमिंटन में बालक वर्ग से मन ने सिल्वर मेडल, कुश्ती में बालक वर्ग से प्रवेश, शिवम, राहुल ने स्वर्ण, जूडो में बालक वर्ग से प्रवेश एवं राहुल ने स्वर्ण पदक तथा बालक वर्ग से आयुष ने 100 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल निकालकर विद्यालय का मान बढ़ाया। वहीं कंपोजिट विद्यालय समोगरा की टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर डायट प्राचार्य उमेश कुमार शुक्ल, बीएसए डा. अरविंद पाठक व बीईओ विनोद मिश्रा ने पिंडरा ब्लॉक के विजेताओं को मंडल प्रतियोगिता के प्रति शुभकामनाएं दीं। पिंडरा के प्रदर्शन में ब्लॉक व्यायाम शिक्षक कैलाश यादव, प्रधानाध्यापकों अनुदेशक, अध्यापकों और शिक्षामित्र के सहयोग मिली जीत पर बीईओ ने प्रसन्नता जताई। बताते चले कि जनपद में पिंडरा प्रथम, बड़ागांव द्वितीय व आराजी लाइन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## हजरत रहीम शाह बाबा के उर्स में उमड़ी भीड़

**रामनगर।** रामनगर दूर्ग रोड पर स्थित हजरत रहीम शाह रहमतुल्लाह अलैह का 98 वां उर्स पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। दूर्ग रोड स्थित बाबा के आस्ताने पर फातिहा पढ़ने और मन्नतों की चादर चढ़ाने के लिए अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ पड़ा। दूरदराज से आए तमाम अकीदतमंदो ने बाबा के दर पर हाजिरी लगाई। देर शाम तक तकरीर और नात-ए-पाक का नजराना बाबा की शान में पेश किया जाता रहा। हजरत रहीम शाह बाबा के उर्स का आगाज मगरिब की नमाज के बाद नाते पाक के साथ हुआ। मीलाद शरीफ में बड़ी तादाद में अकीदतमंद शामिल हुए। शाम को तकरीर और देर रात्रि तक लंगर भी चलता रहा। सुबह से देर रात तक बाबा के दर पर फातिहा पढ़ने वालों की भीड़ लगी रही। मोहम्मद सलीम रजा,कलीम रजा, वसीम रजा और फहीम रजा ने किया। आने वालों का शुक्रिया अदा किया। इस उर्स में उत्तर प्रदेश के कई जिलों के अलावा बिहार से भी तशरीफ लाए मौलानाओं ने तकरीर की। जिसमें आजमगढ़ से तशरीफ लाए मौलाना मश्कूर साहब ने अपने तकरीर से अकीदतमंदो के दिलों को मुनव्वर किया। इसमें मुख्यरूप से मोहम्मद सलीम रजा खान,कलीम खां,हाजी वसीम खां, साजिद खां,मेराज खां, वसीम खां,फहीम खां,सय्यद रजी जैदी, इनाम रजा, जीशान, एहसान, वारिस,अलीशान,आजम रिजवी, शमीम अख्तर, अम्बर तुराबी, बाकर रजा,एबाद रजा, कुमैल रजा आदि लोग शामिल रहे।

# रंगदारी के मामले में आरोपी को जमानत

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** एक दिसंबर की देर रात सिगरा थाना अंतर्गत मलदहिया चौराहे के पास प्रतिष्ठित साड़ी व्यापारी की गाड़ी रोककर जान से मारने की धमकी देते हुए रंगदारी मांगने के मामले में अशोक विहार कॉलोनी थाना सारनाथ निवासी आरोपी हिमांशु यादव को पुलिस ने अंधरापुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। उस पर कुछ और धारायें बढ़ायी गई है। इसके ऊपर पूर्व में भी मामले दर्ज हैं। बाद में पुलिस ने उसे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार की कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जमानत मिल गयी।

अदालत में आरोपी हिमांशु यादव की ओर से उसके अधिवक्ताओं अनुज यादव, नरेश यादव व कृष्णा यादव ईलू ने जमानत के लिये अर्जी दी। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गयी कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में कहीं भी रंगदारी मांगने का जिक्र नहीं किया गया है। वहीं घटना की प्राथमिकी भी घटना के 48 घंटे बाद दर्ज कराया गया है। अदालत ने पत्रावली के अवलोकन के बाद आरोपी की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। जानकारी के अनुसार गुरुबाग निवासी साड़ी व्यापारी की वाराणसी में कई नामी प्रतिष्ठान है। एक दिसंबर को वे रात्रि में किसी होटल में एक व्यापारिक मीटिंग के बाद अपने मित्र के साथ घर आ रहे थे, तभी आंधरापुल के पास खड़ी एक स्कॉर्पियो जो कई दिनो से व्यापारी की रेकी कर रही थी, मलदहिया पर ओवरटेक करते हुए साड़ी व्यापारी की गाड़ी रोक दी। संयोग से जिस गाड़ी को रोका गया उसमें व्यापारी का गनर और ड्राइवर थे। साड़ी कारोबारी के न मिलने पर आरोपी ने उसके ड्राइवर और सरकारी गनर को धमकी देते हुए कहा, अगर आज तुम्हारा मालिक मिल जाता तो उसे गोली मार देते। उससे रंगदारी मांगी है, लेकिन उसने नहीं दिया। इस घटना की रिकार्डिंग सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसके आधार पर साड़ी व्यापारी की तहरीर पर सोना तालाब निवासी ट्रांसपोर्टर भाला यादव के पुत्र हिमांशु यादव सहित अज्ञात के खिलाफ सिगरा पुलिस ने रंगदारी मांगने, जान से मारने की धमकी व 7 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पिछले कई दिनों से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इस बीच बुधवार को उसे अंधरापुल के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

### ट्रक का तिरपाल काटकर 300 बैटरी चोरी

**रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मोहन सराय चौकी अंतर्गत करनाडाड़ी स्थित एक्साइड बैटरी के कारखाने के बाहर खड़ी ट्रक से तिरपाल काट कर उसमें रखे लगभग 300 बैट्रीया गायब हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंदूपुर खेड़ा संभल उत्तर प्रदेश निवासी मोहम्मद फैजान 5 दिसंबर को सुबह लगभग 4 बजे इंडस्ट्री के बाहर गाड़ी को खड़ा कर दिया क्योंकि कारखाने में जगह नहीं था और खाना पीना के बाद ट्रक में सो गया जब सुबह उठा तो देखा कि ट्रक से तीन सौ के लगभग बैटरियां चोरी हो गई थी जिसके बाद पीड़ित ने रोहनिया थाने में मुकदमा दर्ज करा कर कार्यवाही की मांग की है।

**सूचना**

अमर वीर इण्टर कालेज धानापुर, चन्दौली के प्रबंध समिति का निर्वाचन दिनांक 15.12.2024 को स्थान संस्था पर होना सुनिश्चित है जिसमें नामांकन 10 AM - 11 AM, जाँच 11 AM - 12.30 PM, नाम वापसी 12.30 PM - 1 PM तथा चुनाव 1 PM - 4 PM तक संपन्न होगा। कृपया मातृ समिति के सदस्य प्रतिभाग करें।
धन्यवाद।
रविंद्र नारायण सिंह
निर्वाचन अधिकारी

**न्यायालय तहसीलदार जखनियाँ, जिला-गाजीपुर**
मु0 नं0-499/2012
फिरदौस बानो आदि
बनाम
तारा देवी
अन्तर्गत धारा 34 भू0 रा0 अ0
मौजा-खड़वाडीह,
परगना-शादियाबाद,
तहसील-जखनियाँ,
जिला-गाजीपुर
उपरोक्त वाद सुनवाई हेतु विचाराधीन है एक सप्ताह के अन्दर उपस्थित होकर जवाब दावा करें वरना निस्तारित कर दिया जायेगा।
तहसीलदार,
जखनियाँ,
गाजीपुर

# सीसीआरएस ने परखा रेलखंड का दोहरीकरण

जनसंदेश टाइम्स **वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1993 अनुक्रमांक 1024192 व इण्टर परीक्षा वर्ष 1995 अनुक्रमांक 441910 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र खो गया है। सोनी गुप्ता पुत्री श्रीनाथ प्रसाद गुप्ता बाँसडीह, बलिया।

मेरा शास्त्रीय वर्ष 2004 अनुक्रमांक 64810 का माइग्रेशन प्रमाण पत्र खो गया है। कु0 विनीता देवी पुत्री त्रियुगीनाथ मिश्रा ग्राम-परसोहिया, पो0-सिहारी सरदहा, जिला-बस्ती।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2426341 का अंकपत्र खो गया है। इंतेजार खान पुत्र फिरोज खान माता का नाम वहीदा बेगम ग्राम व पोस्ट-महेन्द, जिला-गाजीपुर उ0 प्र0।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2409492 व इंटरमीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 216935181 का सह अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। ताहिरा पुत्री मोहम्मद गुलजार, रौजाद्वार, सैदपुर, जिला-गाजीपुर।

जनसंदेश न्यूज

निरीक्षण

## बनारस के प्रयागराज तक किया निरीक्षण, अधिकारियों संग की बैठक



**वाराणसी।** वाराणसी-माधोसिंह-प्रयागराज रेलवे दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत वाराणसी मंडल के प्रयागराज रामबाग-झूंसी (5.40 किमी) रेल खण्ड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकृत लाइन पूर्ण होने के उपरान्त बुधवार को मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग ने इस रेल खण्ड एवं इस पर नवनिर्मित मेजर ब्रिज सं-111 का संरक्षा निरीक्षण किया।

मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ने अपने निरीक्षण का आरंभ प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन से किया जहाँ उन्होंने यार्ड रिमाडलिंग, स्टेशन विस्तार, विद्युतीकृत एवं दोहरीकृत सेक्शन के मानक के अनुरूप स्टेशन की पूर्ण ब्लॉक वर्किंग, कलर लाइट सिगनलों के स्टैण्डर्ड-।। स्टेशन पैनल एवं रूट रिले इलेक्ट्रानिक इंटरलॉकिंग के साथ यार्ड रिमाडलिंग से जुड़े विभिन्न कार्यों के विषय में सम्बंधित अधिकारियों से कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की। तदुपरांत मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त मोटर ट्राली से प्रयागराज रामबाग-झूंसी ब्लॉक सेक्शन का निरीक्षण करने हेतु लाइन सं-13 से रवाना हुए और किमी सं-325/9-10 पर स्थित रेलवे अंडर ब्रिज सं-122 पर ओपन वेब टाइप थ्रू गर्डर का गहन निरीक्षण,लोड परिक्षण एवं फार्मेशन परीक्षण किया। इसके बाद वे मोटर ट्राली से ब्लॉक सेक्शन का निरीक्षण करने रवाना हुए और गंगा नदी पर नवनिर्मित मेजर ब्रिज के आरंभ में किमी सं-323/3 से 324 तक दारागंज साइड(1737.2+ 19730.5+2724.4 मीटर )872 मीटर पुल का संरक्षा निरीक्षण किया स्लीपर स्पेसिंग/फिटिंग्स की जाँच की और ट्रैक्शन फिटिंग्स की ऊँचाई का मापन करते हुए किमी सं-321/4 से 323/4 तक निर्मित मेजर ब्रिज सं-111 पर पहुँचे और गंगा नदी पर 1,934.40 मीटर लम्बे बड़ी लाइन के दोहरी लाइन का नए पुल के 76.20 मीटर के 24 स्पैन, रेल पुल की मजबूती और लचीलेपन के लिए वॉरेन ट्रस डिजाइन में ओपन वेब स्टील गर्डर का गहन निरीक्षण किया। इस पुल के माध्यम से इस रेल खंड पर डबल-हेडेड लोकोमोटिव चलाने की सुविधा का भी संज्ञान लिया । इस महत्वपूर्ण पुल के निरीक्षण के पश्चात उन्होंने पुल से जुड़े झूंसी साइड किमी सं-321/2-5 पर वाईडक्ट (6724.4 मीटर) पुल का भी संरक्षा निरीक्षण किया । इसके पश्चात मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त झूंसी पहुँचे और दोहरीकरण के मानकों के अनुरूप विस्तार एवं यात्रियों की सुरक्षा का गहन निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने स्टेशन वर्किंग मैनुअल के संशोधनों,पॉइंट क्रासिंग,स्विच एक्सटेंसन जॉइंट,सिगनल ओवर लैप, ब्लॉक ओवर लैप, अप लाइन के फार्मेशन,प्लेटफार्म क्लियरेंस, फुट ओवर ब्रिज के विस्तार समेत यात्रियों की संरक्षा से सबन्धित विभिन्न पहलुओं की जाँच की । प्रयागराज रामबाग-झूंसी रेल सेक्शन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अप एवं डाउन लाइन के फार्मेशन, रेल पथ जड़ाई,बैलास्ट फैलाई,ब्रिज की फाउंडेशन,ट्रैक फिटिंग्स, ओवर हेड ट्रैक्शन पोल फिटिंग्स तथा ब्रिज का लोड परीक्षण भी किया । निरीक्षण के अंत में रेल संरक्षा आयुक्त ने अपनी सी आर एस स्पेशल से झूंसी से प्रयागराज रामबाग 5.40 किमी रेल खण्ड का 70 किमी प्रति घण्टे की रफ्तार से स्पीड ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा किया। वाराणसी-माधोसिंह-प्रयागराज खंड के दोहरीकरण परियोजना के पूर्ण होने से छपरा से प्रयागराज तक वाराणसी के रास्ते दोहरी लाइन उपलब्ध होगी, जिससे रेल संपर्क और परिचालन दक्षता में काफी वृद्धि होगी। इस परियोजना में 2,511.53 करोड़ रुपये का निवेश शामिल था, जिसमें 14 क्रॉसिंग स्टेशन, 9 हॉल्ट स्टेशन का निर्माण किया गया, 150.8 किमी से अधिक ट्रैक लिंकिंग, 157 छोटे पुल, 3 बड़े पुल, 4 रोड अंडर ब्रिज और 1 रोड ओवर ब्रिज शामिल था। इस खंड का महत्वपूर्ण नवनिर्मित पुल संख्या 111 और इसके एप्रोच वायडक्ट के साथ पूरा किया गया हैं। इस नए रेलवे पुल के चालू होने के साथ ही दारागंज स्टेशन अब निष्क्रिय हो गया है। वाराणसी-माधोसिंह-प्रयागराज दोहरीकरण परियोजना के निष्पादन के दौरान सामने आई प्राथमिक चुनौतियों में से एक प्रयागराज के दारागंज में अतिरिक्त, घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सीमित स्थान और बढ़ी हुई सुरक्षा चिंताओं के साथ महत्वपूर्ण रसद चुनौतियां थीं।

दारागंज और प्रयागराज रामबाग के बीच उपयुक्त पहुंच मार्ग न होने तथा रिवर बैंक की ऊंची ऊंचाई ने सामग्री परिवहन को और जटिल बना दिया, जिससे यह एकतरफा आवाजाही तक सीमित हो गया और परियोजना के सफल समापन को सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक मद्धम गति से कार्य किया गया। छपरा से प्रयागराज तक (328 किमी) खंड का विद्युतीकरण एवं बनारस से प्रयागराज जंक्शन (120.2 किमी) तक के खंड का दोहरीकरण रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा किया गया है।

**न्यायालय सिविल जज (सी0 डी0) गाजीपुर**
मूलवाद संख्या 622 सन 2023
सब्बर हसन
बनाम
दुर्गा प्रसाद सिंह आदि
1-चुनमुन खातून उम्र लगभग 36 वर्ष
2-जुगनू खातून उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्रीगण स्व0 सगीरुल हसन
3-रन्नू उम्र लगभग 38 वर्ष
4-डेजी उम्र लगभग 36 वर्ष
5-लाडो उम्र लगभग 34 वर्ष
6-गुलक्शा उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्रीगण आसमा वसरी पत्नी स्व वजीरुल हसन समस्त निवासीगण ग्राम व पोस्ट अराजी कस्बा स्वाद परगना बहरियाबाद, जिला गाजीपुर।
हरगाह............ने दरख्वास्त गुजारी है कि आपको इत्तेला दी जाती है कि आप दिनांक 10 माह 01 सन् 2025 ई0 ववक्त 10.00 बजे दिन खुद या वकील द्वारा दी गयी तारीख को हाजिर होकर वजह दिखाये यदि ऐसा न करेंगे तो दरख्वास्त आपकी गैरहाजिरी में एकतरफा समायत होगी।
दिनांक 10 माह 12 सन् 2024
मुंशरिम

## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
80000/inc.GST


चांदी (99.50)
94100/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी



# ओटीएस के पहले चरण में रजिस्ट्रेशन से सर्वाधिक छूट

जनसंदेश न्यूज

**योजना**

### बिजली विभाग की ओटीएस योजना तीन चरणों में 15 से होगी शुरू

### मूल बकाये का 30 प्रतिशत जमा करने पर होगा पंजीकरण

**वाराणसी।** बिजली विभाग की एकमुश्त समाधान योजना 15 दिसम्बर से शुरू होगी। योजना का पहला चरण 15 दिसम्बर 2024 से 31 दिसंबर 2024, दूसरा चरण एक जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025, तीसरा चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी 2025 में लागू होगा।

इस योजना को जल्दी आयें एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पायें के सिद्धान्त पर चलाया गया है प्रथम चरण में पंजीकरण कराकर उपभोक्ता विद्युत अधिभार के छूट में ज्यादा लाभ ले सकते हैं। एकमुश्त भुगतान करने में विलम्ब या किश्तों में भुगतान करने पर उपभोक्ता को मिलने वाली छूट की धनराशि समय या चरण के साथ कम होती जाएगी। पूर्वांचल डिस्कॉम के तहत सभी श्रेणियों के कुल 67.67 लाख उपभोक्ता ओटीएस योग्य हैं, जिन पर विद्युत बिल का कुल 23978 करोड़ है जिसमें मूल बकाया 13955 करोड़ तथा विद्युत अधिभार का 10022 करोड़ बकाया है। उपभोक्ता एकमुश्त समाधान योजना के तहत अपना पंजीकरण विभागीय खण्ड, उपखण्ड कार्यालय, कैश काउन्टर, जन सेवा केन्द्र व विभागीय वेबसाइट के माध्यम से मूल बकाये का 30 प्रतिशत जमा कर करा सकते है। पंजीकरण कराते समय शेष बकाया विद्युत बिल का भुगतान करने के लिए विकल्प की सुविधा उपलब्ध होगी जिसमें उपभोक्ता एकमुश्त भुगतान या किश्तों किसी एक का चुनाव कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद उपभोक्ता शेष बकाया धनराशि का भुगतान विभागीय खण्ड, उपखण्ड कार्यालय, कैश काउन्टर, जनसेवा केन्द्र, विद्युत सखी, फिनटेक प्रतिनिधि या मीटर रीडर (बिलिंग एजेन्सी) के माध्यम से कर सकेंगे।

### कोर्ट व फोरम के मामलों का भी समाधान

ओटीएस योजना के तहत स्थाई रूप से विच्छेदित बकायेदारों के प्रकरणों में पीडी फाइनल बिल के सापेक्ष अधिभार की छूट के बाद भुगतान योग्य धनराशि का ऑनलाइन भुगतान एकमुश्त करते हुए पीडी ऑनलाइन फाइनल की जाएगी। विवादित व विभिन्न न्यायालयों में लम्बित प्रकरण भी समाधान के लिए अर्ह होंगे, इसके लिए उपभोक्ताओं को यह घोषणा पत्र देना होगा कि यदि उनके विरूद्ध कोई कार्रवाई किसी न्यायालय या किसी अन्य फोरम में लम्बित है तो समाधान होने पर और पूर्ण भुगतान करने के बाद व्यक्ति द्वारा केस वापस ले लिया जायेगा। इस योजना में वो उपभोक्ता भी पात्रता की श्रेणी में होंगे जिनके विरूद्ध आरसी जारी हो चुकी है, लेकिन ऐसे प्रकरणों में नियमानुसार देय कलेक्शन चार्जेस का भी भुगतान करना अनिवार्य होगा।

## पान दरीबा में एक फर्म में पकड़ी गई 40 लाख की कर चोरी




**वाराणसी।** जीएसटी विभाग ने बुधवार को पानदरीबा क्षेत्र में पान मसाला व गुटखा का कारोबार करने वाली एक फर्म पर छापा मारा। जानकारी के मुताबिक फर्म ने कई साल से रिटर्न दाखिल नहीं किया था लेकिन इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) का लाभ ले रहा था। छापेमारी टीम ने खरीद-बिक्री रजिस्टर, बैंक के पासबुक व कंप्यूटर की हार्ड डिस्क समेत अन्य कागजात जब्त कर लिया है। अभी तक सवा करोड़ से ऊपर के मामले में 40 लाख की कर चोरी का मामला सामने आया है। विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) के अधिकारियों ने कहा कि पूरी छानबीन होने के बाद ही तस्वीर सामने आ पाएगी।

# 31 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**चुनाव**

### बनारस बार चुनाव के प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी

**वाराणसी।** चुनाव एल्डर कमेटी द्वारा बनारस बार एसोसिएशन वाराणसी के वार्षिक चुनाव 2025 के प्रत्याशियों के नामांकन पत्र के जांचोपरांत सूची मंगलवार को जारी कर दिया गया था। एल्डर कमेटी के वरिष्ठ समिति सदस्य क्षत्रधारी सिंह ने बताया कि बुधवार को नाम वापसी का दिन था, परन्तु किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र वापस नहीं लिया गया। कुल 20 पदों पर 44 प्रत्याशीयो ने नामांकन किया था।

प्रबंध समिति सदस्य 15 वर्ष से ऊपर में 6 पद पर 6 प्रत्याशी व प्रबंध समिति सदस्य 15 वर्ष से कम व 7 वर्ष से अधिक में 6 पद पर 6 प्रत्याशी ही अंतिम सूची में होने के कारण निर्विरोध हो गए। वही आय व्यय निरीक्षक एक पद पर एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन किया गया था जो निर्विरोध हुए। इस प्रकार कुल 07 पद पर 31 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। बता दे कि कुल नामांकन फॉर्म 60 विभिन्न पद पर प्रत्याशियों द्वारा लिए गए, चुनाव लड़ने के लिए कुल 44 नामांकन पत्र दाखिल विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों द्वारा किया गया। कुल मतदाता की संख्या 5367 है, जिसमें से आजीवन सदस्य 3457 व साधारण सदस्य 1910 हैं।

### प्रत्याशियों की अंतिम सूची

**अध्यक्ष पद**
अभय कुमार दीक्षित
अजय विक्रम सिंह
अरुण कुमार दुबे
अरविंद कुमार राय
सजन लाल गुप्त
सतीश कुमार तिवारी
सत्येंद कुमार सिंह
सुरेश चंद्र यादव

**वरिष्ठ उपाध्यक्ष**
कृष्णकांत दीक्षित
नियाजउद्दीन
ओमप्रकाश
राजेश कुमार सिंह

उपाध्यक्ष
राहुल श्रीवास्तव
राघवेंद्र नारायण दुबे
राजेश्वर प्रसाद
संतोष कुमार चौधरी
सतीश कुमार यादव

महामंत्री
अभिषेक कुमार राय
अखिलेश यादव
रोहित कुमार
शशांक कुमार श्रीवास्तव
सुधांशु मिश्रा
वीरेंद्र कुमार सिंह

कोषाध्यक्ष
दिलीप कुमार श्रीवास्तव
प्रेम शंकर चौहान

आय व्यय निरीक्षक (1 पद निर्विरोध)
अश्विनी कुमार यादव

संयुक्त मंत्री(प्रशासन)
चंद्रशेखर तिवारी
संदीप कुमार मौर्य
शैलेंद्र कुमार सिंह

## गीता है सम्पूर्ण शास्त्रों का सार : डॉ. दयाशंकर



**वाराणसी।** श्री विश्वेश्वर वेद विज्ञान संरक्षण फाउंडेशन की ओर से वेद एवं वेदाङ्गादि के समुन्नयन के लिए विभिन्न प्रकल्पों का साकार रूप प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में संस्था की ओर से गुरुकुल प्रकल्प में विश्वेश्वर वैदिक गुरुकुलम द्वारा श्रीमदभागवत गीता जयन्ती के उपलक्ष्य में बुधवार को महामनापुरी कालोनी लेन नं.10 में आयुष मन्त्री डॉ. दयाशंकर मिश्र के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अनेक गुरुकुलों एवं विद्यालयों के छात्रों ने भगवान श्रीकृष्ण एवं अनेक विषयों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में प्रो.हरि हृदय अवस्थी एवं डॉ. संजय त्रिपाठी आदि विशिष्ट अतिथियों की विशिष्ट सान्निध्य रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयालु गुरु ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण शास्त्रों का सार गीता है। हम सभी को जीवन में गीता को अवधारित करना चाहिए। संस्था द्वारा गीता कण्ठस्थ प्रतियोगिता एवं गीता भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें श्री स्वामी नारायणानन्दतीर्थ वेद विद्यालय, धर्मसंघ शिक्षा मण्डल, रणवीर संस्कृत विद्यालय एवं स्वामी विमलानन्द गुरुकुल वेद पाठशाला आदि से अनेकों छात्रों ने प्रतिभाग किया।

# पीएम ई- बस सेवा को 5 एकड़ जमीन की जरूरत

## जमीन उपलब्ध कराने के लिए डीएम ने एडीएम सिटी को किया नामित

**कमर कसी**

### ई-ऑटो के लिए रूट तय करेगी एडीएम सिटी व डीसीपी ट्रैफिक की टीम


सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज की बैठक करते मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा।

**वाराणसी।** जनपद में पीएम ई- बस सेवा को सुदृढ़ करने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। पीएम ई- बस सेवा के लिए पांच एकड़ भूमि निशुल्क उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी ने एडीएम सिटी को नामित किया है। ई-ऑटो के रूट निर्धारण के लिए एडीएम सिटी व डीसीपी ट्रैफिक को जिम्मेदारी सौंपी गयी। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बुधवार को वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज की 30वीं बोर्ड की बैठक में सिटी ट्रांसपोर्ट सेवाओं को मजबूत करने पर विचार- विमर्श किया गया। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा कि सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के तहत बसों, ई-बसों को पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। परिवहन सेवाओं को लोगों की जरूरत और सुविधा को देखते हुए बढ़ाया जाए। उन्होंने परिवहन व ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों को सेवाओं के विस्तार के लिए और प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को भी बढ़ाया जाए। उन्होंने पीएम ई- बस सेवा के लिए पांच एकड़ भूमि की आवश्यकता पर जिलाधिकारी को इसकी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए एडीएम सिटी को नामित किया। सिटी बसों के रूट में आ रहे टोल प्लाजा पर टोल टैक्स जमा कराने की चर्चा के दौरान सिटी बसों के लिए टोल के मासिक पास बनवाने का अनुमोदन किया गया। वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज की नीलाम होने वाले बसों के संबंध में आरटीओ स्तर से बसों का मूल्यांकन कराकर नीलामी की प्रक्रिया को पूरा कराने का निर्देश दिया। वीसी वीडीए व नगर आयुक्त को निर्माण के लिए बस स्टॉपेज की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में उप्र परिवहन निगम के नए क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पाण्डेय को प्रबंध निदेशक मनोनीत किया। बैठक में जिलाधिकारी एस राजलिंगम, अपर पुलिस आयुक्त एस चिनप्पा, वीसी वीडीए पुलकित गर्ग, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा, एडीसीपी ट्रैफिक व परिवहन विभाग के उपस्थित रहे।

## वंदे भारत निरस्त होने पर यात्रियों का बवाल

**आक्रोश**

### लोकमान्य तिलक जा रही कामायनी एक्सप्रेस को यात्रियों ने रोक जतायी नाराजगी



**वाराणसी।** वंदे भारत एक्सप्रेस निरस्त होने से नाराज यात्रियों ने बुधवार को कैंट स्टेशन स्थित प्लेटफार्म नंबर एक पर प्रदर्शन किया। कामायनी एक्सप्रेस के आगे खड़े होकर रेलवे प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। मौके पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने मान मनौवल से यात्रियों को शांत कराया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान कामायनी एक्सप्रेस 15 मिनट तक खड़ी रही।

मिली जानकारी के अनुसार प्रयागराज रामबाग रेलखंड पर निर्माण कार्य के चलते वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन परिवर्तित मार्ग से किया जा रहा है। अचानक बुधवार को सुबह रेलवे प्रशासन ने वाराणसी से प्रयागराज के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को निरस्त करने का निर्णय ले लिया। सुबह 11.32 बजे मोबाइल संदेश मिलने पर यात्रियों ने अपना टिकट रिफंड कर दिया। जबकि कुछ ने मोबाइल फोन पर संदेश न मिलने का आरोप लगाया। लगभग 50 की संख्या में निदेशक कार्यालय पहुंचे लोगो ने अपनी नाराजगी जताई। निदेशक अर्पित गुप्ता के न मिलने पर हंगामा किया। अपनी बात मनवाने के लिए प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ी कामायनी एक्सप्रेस को रोक दिया। निदेशक को बुलाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे जीआरपी हेमंत कुमार सिंह और आरपीएफ निरीक्षक संदीप यादव ने यात्रियों को समझाया बुझाकर शांत कराया। अधिकारियों से बात कर उनकी समस्या का हल ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शनरत लोगों में शामिल कुछ यात्री को ड्यूटी ज्वाइन करने की चिंता थी, तो कुछ ने फ्लाइट छूट जाने का हवाला दिया। कुछ फौजी भी परेशान दिखे। यात्रियों की माने तो मोबाइल फोन पर ट्रेन के निरस्त होने की सूचना नहीं मिली।

# विश्वनाथ धाम में अहिल्याबाई का उनके वंशजों ने किया पूजन

**स्मरण**

### अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का किया पुष्पार्चन

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** महारानी अहिल्याबाई होल्कर का राज्याभिषेक तिथि पर्व मनाया गया। इस दौरान श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर में स्थित माता अहिल्याबाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया गया। अहिल्याबाई होलकर की राज्याभिषेक पर्व तिथि के अवसर पर काशी विश्वनाथ धाम में स्थापित माता अहिल्याबाई होल्कर के प्रतिमा का षोडशोपचार पूजन संपन्न किया गया। अहिल्याबाई के परिवार के सदस्य उदयसिंह राजे होलकर सपत्नीक पहुंचे और श्री काशी विश्वनाथ धाम में मौजूद माता अहिल्याबाई की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर नमन किया। कहा कि आज पहली बार विश्वनाथ धाम परिसर में यह विशाल स्वरुप मंदिर का देखकर खुशी हुई। देश के प्रधानमंत्री ने अहिल्याबाई होल्कर के स्वप्नों को साकार किया है। मुख्यकार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण ने सभी पदाधिकारियों को मंदिर प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया। कार्यक्रम में शामिल हुए साथ ही में सभी लोगों मंदिर परिसर स्थित भारत माता की प्रतिमा में माल्यार्पण किया।

# एयरपोर्ट की बाउंड्री से लगे गांवों की होगी निगरानी

जनसंदेश न्यूज

**चौकसी**

### एयरपोर्ट की सुरक्षा समिति की बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की बनी रणनीति

### एंटी हाई जैकिंग व फायर सेफ्टी के संसाधनों को लेकर अफसरों ने किया सलाह- मशविरा

**बाबतपुर।** लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को हुई सुरक्षा समिति बैठक में एयरपोर्ट के अंदर से लेकर बाहर तक की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में विमान यात्रियों के आवागमन के साथ ही पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र में विशिष्टजनों के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सलाह- मशविरा किया। अफसरों ने हवाई अड्डा परिसर में बने आनंद कानन बगिया व पार्किंग एरिया का भी निरीक्षण किया।

एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन में हुई बैठक में सभी बिंदुओं पर अधिकारियों ने चर्चा की। एंटी हाई जैकिंग, फायर सेफ्टी पर भी अफसरों ने रणनीति तैयार की। किसी आपातकालीन स्थिति से निबटने के लिए एयरपोर्ट पर तैयारी व सुरक्षा साधनों की उपलब्धता को लेकर भी अफसरों ने विस्तार से बातचीत की। अधिकारियों का कहना था कि एयरपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई के लिए सभी संसाधन उपलब्ध होने चाहिए जिससे की किसी भी आपातकालीन स्थिति में बिना समय गंवाए एक्शन लिया जा सकें। प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने एयरपोर्ट के रनवे, एप्रन, आगमन- प्रस्थान, मेन इंट्री, पार्किंग एरिया के अलावा एयरपोर्ट के बाहर चहारदीवारी से सटे गांवों में भी सुरक्षा व्यवस्था व निगरानी का खाका तैयार करने पर चर्चा की। अधिकारियों ने इन सभी एरियाज की नियमित चेकिंग की व्यवस्था पर भी बातचीत किया। एसडीएम पिण्डरा प्रतिभा मिश्र ने बताया कि एयरपोर्ट की सुरक्षा समिति की बैठक में सुरक्षा सम्बन्धित सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। इसमें सभी प्रमुख बिंदु शामिल रहे। एयरपोर्ट के अंदर से लेकर बाहर तक अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रणनीति तैयार की गयी।

# अमिताभ ठाकुर ने की एफआईआर की मांग

**एयरपोर्ट का मामला**

### पुलिस कमिश्नर को पत्र भेजकर गैर कानूनी ढंग से प्रतीक चिह्नों को नष्ट करने का लगाया आरोप

**वाराणसी।** उप्र कैडर के रिटायर्ड आईपीएस व आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट के सामने बने हुए अशोक चिह्न, भगवान बुद्ध की मूर्ति, भगवान शिव के प्रतीक सहित तमाम अन्य धार्मिक प्रतीक को एक निजी कंपनी का टेंडर समाप्त होने पर बिना किसी विधिक अधिकारिकता के गैरकानूनी ढंग से नष्ट करने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 की धारा 2 के साथ ही धारा 298 बीएनएस के तहत कार्रवाई की मांग पुलिस कमिश्नर से की है। अमिताभ ठाकुर ने पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल को पत्र भेजकर इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इस बाबत एयरपोर्ट के बाहर की वर्तमान स्थिति के साथ ही पूर्व की फोटो भी भेजी है।

# उप्र में बिजली के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी आंदोलन

**फिर तैयारी**

### नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की राष्ट्रीय कार्यसमिति की लखनऊ में हुई बैठक में की गई घोषणा

### निजीकरण के विरोध में 13 व 19 दिसंबर को देश भर में विरोध सभायें 22 को लखनऊ व 25 को चंडीगढ़ में विशाल बिजली पंचायत

**वाराणसी।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) की राष्ट्रीय कार्यसमिति की लखनऊ में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण की किसी भी एकतरफा कार्यवाही के विरोध में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 13 दिसंबर व 19 दिसंबर को निजीकरण के विरोध में देश भर में विरोध सभाएं की जायेंगी। 22 दिसंबर को लखनऊ में और 25 दिसंबर को चंडीगढ़ में निजीकरण के विरोध में विशाल बिजली पंचायत आयोजित की जायेगी।

एनसीसीओईईई की लखनऊ में हुई बैठक की अध्यक्षता इलेक्ट्रीसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इण्डिया के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने की। बैठक में ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव, ऑल इण्डिया पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स के अध्यक्ष आरके त्रिवेदी, ऑल इण्डिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज के जनरल सेक्रेटरी मोहन शर्मा उपस्थित थे।

एनसीसीओईईई ने निर्णय लिया कि यदि उप्र में विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण की कोई भी एकतरफा कार्यवाही प्रारंभ की गयी तो उसी दिन बिना नोटिस दिये देशभर के 27 लाख बिजलीकर्मी सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होंगे और देशव्यापी विरोध प्रदर्शन होगा। यह भी निर्णय लिया गया कि चंडीगढ़ की विद्युत व्यवस्था जिस दिन निजी कंपनी को हैंडओवर करने की कार्यवाही होगी तो उसी दिन इसी प्रकार की राष्ट्रव्यापी कार्यवाही की जाएगी। एनसीसीओईईई ने यह निर्णय भी लिया कि 13 दिसंबर को देश भर में बिजलीकर्मी निजीकरण विरोधी दिवस के रूप में मनायेंगे। 19 दिसंबर को काकोरी क्रांति के महानायक पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस पर 'शहीदों के सपनों का भारत बचाओ - निजीकरण हटाओ' दिवस मनाया जायेगा और पूरे देश में जनपद एवं परियोजना मुख्यालयों पर सभाएं की जायेंगी। एनसीसीओईईई ने निर्णय लिया कि लखनऊ में 22 दिसंबर को विशाल बिजली पंचायत एवं चंडीगढ़ में 25 दिसंबर को विशाल बिजली पंचायत आयोजित की जायेंगी, जिसमें बिजली कर्मियों के साथ बड़ी संख्या में किसान और आम उपभोक्ता सम्मिलित होंगे, जिन्हें बिजली के निजीकरण से उपभोक्ताओं और कर्मचारियों को होने वाले नुकसान से अवगत कराया जायेगा।

एनसीसीओईईई ने उप्र पावर कारपोरेशन द्वारा विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के साथ में समझौतों का उल्लंघन करते हुए निजीकरण की एकतरफा कार्यवाही की घोर निंदा की और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यह मांग की कि वे प्रभावी हस्तक्षेप करें, जिससे पावर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा अनावश्यक रूप से उप्र के ऊर्जा क्षेत्र में उत्पन्न की गयी औद्योगिक अशांति के वातावरण को समाप्त किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि पांच अप्रैल 2018 को तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा एवं छह अक्टूबर 2020 को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना एवं तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा के साथ लिखित समझौते में कहा गया है कि उप्र में विद्युत वितरण निगमों में वर्तमान व्यवस्था में ही कर्मचारियों को विश्वास में लेकर सुधार किया जायेगा और उप्र में ऊर्जा क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निजीकरण कर्मचारियों को विश्वास में लिये बगैर नहीं किया जायेगा।

एनसीसीओईईई ने कहा कि भारत सरकार द्वारा सितंबर 2020 में स्टैण्डर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट का ड्राफ्ट जारी किया गया था, जिसे अभी फाइनल नहीं किया गया है। अतः बिना स्टैण्डर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के किस आधार पर पावर कारपोरेशन बिजली का निजीकरण कर रहा है, इसे सार्वजनिक किया जाए। जानकारी के अनुसार विद्युत वितरण निगमों की रिजर्व प्राइस बेहद कम लगभग 1000 से 1500 करोड़ रुपए रखी गयी है, जबकि विद्युत वितरण निगमों में अरबों-खरबों रुपए की परिसंपत्तियों का आज तक कोई मूल्यांकन नहीं किया गया है। स्पष्ट है कि निजीकरण की आड़ में अरबों-खरबों रुपए की बिजली की परिसंपत्तियां कौड़ियों के मोल बेचने की साजिश हो रही है। एनसीसीओईईई ने यह कहा कि यदि उप्र और चंडीगढ़ में परिसंपत्तियों का सीएजी से ऑडिट कर मूल्यांकन किये बगैर निजीकरण की प्रक्रिया की गयी तो एनसीसीओईईई जनता के बीच जायेगी और परिसंपत्तियों की लूट के विरोध में समस्त लोकतांत्रिक कदम उठायेगी और विधिक कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय,सुहैल आबिद, पीके दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल, चंद्र भूषण उपाध्याय, आरवाई शुक्ला, छोटेलाल दीक्षित, देवेन्द्र पाण्डेय, आरबी सिंह, राम कृपाल यादव, मो वसीम, मायाशंकर तिवारी, राम चरण सिंह, मो0 इलियास, श्रीचन्द, सरयू त्रिवेदी, योगेन्द्र कुमार, एके श्रीवास्तव, केएस रावत, रफीक अहमद, पीएस वाजपेयी, जीपी सिंह, राम सहारे वर्मा, प्रेम नाथ राय एवं विशम्भर सिंह आदि उपस्थित रहे।




# सब्जी अनुसंधान व उत्पादन में भी एआई जरूरी : विशेषज्ञ

**व्याख्यान**

### बीज नेटवर्क से दूर होगी किसानों की बीज की समस्या

### ई-प्लेटफॉर्म किसानों को बाजार उपलब्ध कराने में सक्षम



बैठक में मंथन करते विशेषज्ञ

**वाराणसी।** कृषि क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने सब्जी अनुसंधान से लेकर इसके उत्पादन तक की प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को जरूरी बताया। उनका कहना था कि एआई तकनीकी का प्रयोग कर खेती- किसानी को आसान बनाया जा सकता है। इससे न सिर्फ रिसर्च वर्क में सहयोग मिलेगा बल्कि आधुनिक खेती का भी नया तौर- तरीका विकसित होगा। यह सारी बाते भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के शहंशाहपुर स्थित कैंपस में बुधवार को हुई बैठक में हुई।

क्यूआरटी के अध्यक्ष डॉ राजेंद्रन ने कृषि और खासकर सब्जी फसलों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों को अच्छे बीज की उपलब्धता के लिए बीज नेटवर्क को स्थापित करना होगा। बीज नेटवर्क के जरिए किसानों को आसानी से सब्जी के बीज उपलब्ध होंगे। शहरी बागवानी के लिए बीज की मिनी किट की आवश्यकता व शंकर बीज उत्पादन को बढ़ाने के लिए पालेन बैंक के विकास की जरूरत है। कमेटी में सदस्य विधानचंद्र कृषि विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल के डॉ प्रनब हाजरा ने युवाओं को सब्जियों से जुड़ी मूल्य श्रृंखला में उद्यमी बनाने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता बतायी। सदस्य उप निदेशक भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद हैदराबाद के डॉ के भास्कराचार्य ने सब्जियों में पोषक तत्वों का डेटाबेस और किसानों के लिए डिसिजन सपोर्ट सिस्टम विकसित कर सब्जी उत्पादकों तक नवीन तकनीकीयों को पहुंचाने का सुझाव दिया। समिति के सदस्य बीएचयू के पूर्व प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष डॉ हरिकेश बहादुर सिंह ने सब्जियों में किसानों की ओर से इस्तेमाल होने वाले रसायनों को कम करने के लिए माइक्रोबियल उपायों को अपनाने और जैविक खेती के उन्नयन की आवश्यकता बताई। सदस्य डॉ केपी सिंह ने उच्च गुणवत्ता की टेक्नालॉजी को किसानों तक ले जाने के लिए उचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को चलाने की सलाह दी। प्रधान वैज्ञानिक डॉ नीरज सिंह ने संस्थान की ओर से किसान हित में किये जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। एआईसीआरपी के अध्यक्ष डॉ राजेश कुमार ने सब्जियों की देशव्यापी परियोजनाओं की कार्यवृत्ति को प्रस्तुत किया। टीम के सदस्य सचिव डॉ आरके दुबे ने टीम के सदस्यों को सब्जी उत्पादन के अनुसंधान प्रक्षेत्र व प्रयोगशाला के कार्यों का विवरण दिया। कार्यकारी निदेशक डॉ नागेंद्र राय ने आईआईवीआर की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस दौरान डॉ अनंत बहादुर, डॉ एएन सिंह, डॉ जगेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं की रक्षा के लिए बटुकों ने किया गीता पाठ



**कार्यक्रम**

### संसार की समस्त शुभता गीता में निहित

### गीता जयंती पर शास्त्रार्थ महाविद्यालय में हुआ पाठ

**वाराणसी।** गीता जयंती के अवसर पर जहां दुनिया भर में गीता के श्लोक गूंज रहे थे वहीं काशी में दशाश्वमेध स्थित शास्त्रार्थ महाविद्यालय में पूर्वाह्न 11 बजे से शास्त्री व आचार्य कक्षा के बटुकों ने एक साथ सस्वर गीता पाठ किया।। इसमें पवित्र ग्रंथ गीता के पहले श्लोक, मध्यस्थ और अंतिम श्लोक का उच्चारण किया गया। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.गणेश दत्त शास्त्री ने कहा, बांग्लादेश में हिन्दुओं की रक्षा और मंदिरों की सुरक्षा के लिए यह सामूहिक गीता पाठ समर्पित रहा। कहा कि छात्रों के लिए भगवद गीता की शिक्षाएं व्यक्तिगत और शैक्षणिक विकास के लिए एक मूल्यवान मार्गदर्शक प्रदान करती हैं। गीता का ज्ञान छात्रों के अध्ययन और जीवन की चुनौतियों के प्रति दृष्टिकोण को बदल सकता है। इस मौके विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित काशी पंडित सभा के मंत्री व संस्कृत के विद्वान डॉ.विनोद राव पाठक ने कहा कि गीता कर्तव्य (धर्म), धार्मिकता, निःस्वार्थ कर्म, भक्ति और वास्तविकता की प्रकृति पर गहन दार्शनिक विचार प्रस्तुत करती है। कार्यक्रम संयोजक व संस्था के प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शुक्ल ने संचालन करते हुए बताया कि गीता महज उपदेश भरा ग्रंथ ही नहीं है बल्कि मानव इतिहास की सबसे महान सामाजिक, धार्मिक, दार्शनिक और राजनीतिक वार्ता भी है ।

## संक्षेप

### 108 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ होगा



**वाराणसी।** गायत्री परिवार के संयोजन में 108 कुण्डीय शक्ति संवर्द्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन आगामी 24 मार्च से वाराणसी में होगा। जिला समन्वयक गंगाधर उपाध्याय के संयोजन में ज्योति कलश गायत्री तीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार से वाराणसी लाया गया। जिसकी स्थापना गायत्री महामंत्र के सस्वर उच्चारण के साथ गायत्री शक्तिपीठ, नगवां, वाराणसी स्थित जोनल कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम संयोजक पं गंगाधर उपाध्याय ने बताया कि वाराणसी में 108 कुण्डीय शक्ति संवर्द्धन गायत्री महायज्ञ 24 मार्च से 27 मार्च 2025 तक आयोजित होगा। कार्यक्रम स्थल का निर्धारण 15 दिसंबर 2024 को होने वाले जिला स्तरीय संगोष्ठी में किया जाएगा। गायत्री तीर्थ शान्तिकुन्ज हरिद्वार से ज्योति कलश लाने वालों में मुख्य रुप से विजय सिंह, गंगाधर उपाध्याय, विद्याधर मिश्र, रामाश्रय सिंह, घनश्याम राम, अवधेश सिंह, कल्लन पटेल, नगीना कुमार यादव, कन्हैया लाल, रमन श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी, किरण सिंह, रेखा श्रीवास्तव, सुमन देवी, आशा सिंह आदि रहे।

### स्नातक तृतीय सेमेस्टर समाज कार्य विषय की मौखिक परीक्षा 18 व 19 को

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समाज कार्य विभाग में स्नातक तृतीय सेमेस्टर समाज कार्य विषय की आंतरिक मौखिक परीक्षा 18 एवं 19 दिसंबर को आयोजित है। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. एमएम वर्मा ने बताया कि परीक्षा सुबह 11 बजे से समाज कार्य संकाय भवन के प्रो. राजाराम शास्त्री सभागार में होगी।

### भौतिक विज्ञान विषय की शोध समिति की बैठक 16 को

**वाराणसी।** विज्ञान व प्रौद्योगिकी संकाय में भौतिक विज्ञान विषय की शोध समिति की बैठक 16 दिसंबर को आयोजित है। संकायाध्यक्ष डा. आशुतोष कुमार ने बताया कि बैठक में पीएचडी पंजीकरण के लिए छात्रों का मौखिक एवं पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन होगा। बैठक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के संकायाध्यक्ष कक्ष में सुबह 11 बजे से होगी।

### बाबा धाम की तीसरी वर्षगांठ पर दो लाख भक्त पहुंचेंगे



**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ धाम की तीसरी वर्षगांठ 13 दिसम्बर को मनायी जायेगी। काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण 13 दिसम्बर 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इसके तीन साल पूरा होने पर लोकार्पण वाले दिन विशेष महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जायेगा। इस दिन 24 घंटे आयोजन चलता रहेगा। इस वर्ष काशी विश्वनाथ धाम में दो लाख भक्तों के पहुंचने की संभावना है। इस अवसर पर 13 दिसम्बर को बाबा विश्वनाथ परिसर में विराजमान 105 विग्रहों की विशेष पूजा की जायेगी। इसी दिन शिव बारात समिति की ओर से मैदागिन से शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा मैदागिन से प्रारंभ होकर बुलानाला, नीचीबाग, चौक, ज्ञानवापी, काशी विश्वनाथ धाम, बांसफाटक होती हुई दशाश्वमेधघाट पहुंचेगी। समिति के संयोजक दिलीप सिंह ने बताया कि इस वर्ष महाकुंभ की थीम पर शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। शोभायात्रा में कई आकर्षक झांकियां भी होंगी। इसके साथ ही महिलाओं का भी जत्था इसमें शामिल रहेगा।

# छात्रों को दी व्यक्तित्व विकास की टिप्स



**कार्यशाला**

### काशी विद्यापीठ के मनोविज्ञान विभाग में विद्यार्थियों के स्किल्स डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के मनोविज्ञान विभाग में प्लेसमेंट सेल द्वारा शैक्षणिक समन्वयक, जीएलए विश्वविद्यालय के सहयोग से बुधवार को 'पर्सनालिटी एन्हांसमेंट एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट' के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यदायी संस्था की प्रतिनिधि शैक्षणिक समन्वयक पूनम लखानी एवं कशिश फैजल खान ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास तथा सॉफ्ट स्किल्स डेवलपमेंट संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

अतिथियों का स्वागत स्वागत सेल की समन्वयक व निदेशक प्रो. शेफाली वर्मा ठकराल ने किया। इस अवसर पर डा. मुकेश कुमार पंथ, डा. पूर्णिमा सिंह, डा. पुनम सिंह, डा. कंचन शुक्ला एवं डा. दीपमाला सिंह बघेल, विश्वविद्यालय सेवायोजन केन्द्र के करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम प्रभारी मदन लाल आदि उपस्थित रहे।

# महिला व पुरुष दोनों वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग विजेता

**स्पोर्ट्स**

### काशी विद्यापीठ में फिट इंडिया वीक के तहत बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित फिट इंडिया वीक के तीसरे दिन बुधवार को बास्केटबाल (पुरुष/महिला) की प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि समाजकार्य विभाग के डा. चंद्रशेखर सिंह रहे। पुरुष वर्ग में कुल पांच टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मैच वाणिज्य संकाय व गंगापुर परिसर के बीच खेला गया, जिसमें गंगापुर की टीम ने वाणिज्य संकाय को 25-13 से हराया। दूसरा मैच विज्ञान संकाय व शारीरिक शिक्षा के मध्य खेला गया, जिसमें शारीरिक शिक्षा विभाग ने 21-14 से जीत दर्ज की।

प्रतियोगिता का तीसरा मैच गंगापुर कैंपस एवं मानविकी संकाय के बीच होना था, लेकिन मानविकी संकाय के उपस्थित न होने के कारण गंगापुर को वाकओवर मिला। चौथा मैच शारीरिक शिक्षा विभाग एवं और छात्रावास के बीच हुआ, जिसमें शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम ने 35-34 से जीत दर्ज की। फाइनल में शारीरिक शिक्षा विभाग ने 32-28 से गंगापुर परिसर को परास्त कर विजेता बना।

महिला वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग ने 25-10 से जीत दर्ज की। निर्णायक के रूप में अनुपम, रोहित, सत्यम रहे। इस दौरान क्रीड़ा परिषद के सचिव डा. नवरत्न सिंह, डा. राधेश्याम राय आदि उपस्थित रहे। क्रीड़ा परिषद के सचिव डा. नवरत्न सिंह ने बताया कि 12 दिसंबर को बैडमिंटन का मैच सुबह 11 बजे से खेला जाएगा। वहीं, 15 दिसंबर को होने वाली छात्रों की क्रिकेट प्रतियोगिता अपरिहार्य कारणों से रद कर दी गई है।

# गीता ग्रंथ नहीं, जीवन दर्शन है: कुलपति



**संबोधन**

### संपूर्णानंद संस्कृत विवि में गीता जयंती पर कुलपति प्रो. बिहारीलाल शर्मा ने रखे विचार

**वाराणसी।** गीता जयंती का पावन पर्व न केवल भारतीय संस्कृति का गौरव है, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए अमूल्य उपहार है। यह वह दिन है, जब भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की रणभूमि में अर्जुन को धर्म, कर्म और मोक्ष का अद्वितीय उपदेश दिया। गीता का प्रत्येक श्लोक जीवन के हर पहलू को आलोकित करता है और यह सिद्ध करता है कि यह ग्रंथ मात्र एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि एक सार्वभौमिक दर्शन है, जो हर युग और हर परिस्थिति में प्रासंगिक है।

यह विचार संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में गीता जयंती आयोजित समारोह में कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता का दर्शन हमें जीवन के उच्चतम आदर्शों का मार्गदर्शन देता है। इसमें निष्काम कर्म का जो संदेश दिया गया है, वह आज के भौतिकतावादी युग में और भी प्रासंगिक हो गया है। जब मानव अपने स्वार्थ और भौतिक सुखों में उलझा हुआ है, तब गीता का संदेश हमें अपने कर्तव्यों को निस्वार्थ भाव से निभाने और आत्मा की शुद्धता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रो. शर्मा ने कहा कि संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा का एक अद्वितीय केंद्र है। यह विश्वविद्यालय सदियों से गीता और अन्य संस्कृत ग्रंथों के अध्ययन, अध्यापन और प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित है। गीता जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय विभिन्न संगोष्ठियों, व्याख्यानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गीता के शाश्वत संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करता है। हमारा मानना है कि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का मार्गदर्शन करने वाला प्रकाशस्तंभ है। विश्वविद्यालय इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि गीता के सिद्धांतों को न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में प्रचारित किया जाए, ताकि मानवता को सच्चे अर्थों में इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मैं संपूर्ण मानव समाज से यह आह्वान करता हूं कि वे गीता के दिव्य संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करें। इस मौके पर विश्वविद्यालय के आर्चाय, कर्मचारी व विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

## काशी विद्यापीठ में मनाई गई गीता जयंती

### गीता में वर्णित कर्म, ज्ञान एवं भक्ति योग पर विद्वानों ने विस्तार से डाला प्रकाश



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के संस्कृत विभाग की भाव प्रबोधिनी सभा के अंतर्गत बुधवार को श्रीमद्भागवत गीता जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता पाठ से हुआ। मुख्य वक्ता प्रो. भावना वर्मा ने श्रीमद्भागत गीता के समाज कार्य से संबंध विषय पर वार्ता करते हुए कहाकि गीता के समत्वयोग को समाज के प्रत्येक प्राणी में देखते हुए कार्य करना चाहिए। बीज वक्तव्य देते हुए डा. अनीता ने गीता में वर्णित कर्म, ज्ञान एवं भक्ति योग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समस्त योग में भाव का होना अति आवश्यक है। प्रो. राजमुनि ने श्रीमद्भागवत गीता का हिंदी साहित्य पर प्रभाव विषय पर बोलते हुए कहा कि कामायनी भी सदाचार को प्रेरित करती है। डा. दीपक कुमार ने श्रीमद्भागवत गीता में वर्णित योग पर चर्चा की। इस मौके पर डा. सीमा यादव व डा. अनीता द्वारा श्रीमद्भागवत गीता का शिक्षकों एवं छात्रों में वितरण किया गया। संचालन डा. उपेंद्र देव पांडेय एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. सीमा यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ला, डा. शमा मिश्रा, डा. श्वेता अग्रहरि, डा. रेखा यादव, डा. विभा सिंह, डा. कुमुद कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# सत्कर्म करने व सद्मार्ग पर चलने की दी प्रेरणा

**समारोह**

### हरिश्चंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज में मोक्षदा एकादशी पर गीता जयंती व पुरस्कार वितरण समारोह -2024 का आयोजन



**वाराणसी।** हरिश्चंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज के भारतेंदु सभागार में मोक्षदा एकादशी पर बुधवार को गीता जयंती एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के संस्कृत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. राममूर्ति चतुर्वेदी रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. उमेश कुमार सिंह के अनुसार विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बीते 22 नवंबर को विद्यालय परिसर में श्रीमद्भागवत ?गीता विषयक विविध प्रतियोगिताएं अंतर विद्यालय स्तर पर 'प्रहलाद राय झुनझुनवाला स्मृति गीता स्वाध्याय केंद्र' की ओर से आयोजित की गई थीं। इन प्रतियोगिताओं में 25 विद्यालयों के 165 बच्चों ने प्रतिभाग किया, जिन्हें गीता जयंती के अवसर पर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर गीता प्रतियोगिता के आयोजक गीता मर्मज्ञ एवं गीता स्वाध्याय केंद्र के मंत्री दीनानाथ झुनझुनवाला, अध्यक्ष रमा रमन एवं अन्य गणमान्य सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। बच्चों को सत्कर्म करने एवं सद् ?मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. उमेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में अखिलेश, अजय त्रिपाठी, राजकुमार गौतम, प्रीति, अंबिका, अवशिष्ट प्रकाश गोयल व अन्य लोगों की सहभागिता रही ।

## इतिहास विभाग में शोध सलाहकार समिति की बैठक 23 दिसंबर को

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के इतिहास विभाग में सत्र-2019 एवं 2021 के प्राचीन इतिहास तथा मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विषय (महाविद्यालय) की शोध सलाहकार समिति की बैठक 23 दिसंबर को आयोजित है। विभागाध्यक्ष प्रो. जया कुमारी आर्यन ने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे से विभाग में होगी है। बैठक में सभी शोध छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है। वहीं इतिहास विभाग के सत्र-2019 एवं 2021 के मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विषय (महाविद्यालय) की शोध सलाहकार समिति की बैठक 19 दिसंबर को आयोजित है। विभागाध्यक्ष प्रो. जया कुमारी आर्यन ने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे से विभाग में होगी है। बैठक में सभी शोध छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है।


## कार्यालय नगर पंचायत चोपन-सोनभद्र

पत्रांक-145/न0पं0चो0/2024-25 दिनांकः 11.12.2024

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना**

सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत चोपन सोनभद्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर शीत लहर से बचाने के लिए अलाव जलवाना है, अलाव जलाने के लिए सूखी सकड़ी (छोटा बोटा) आपूर्ति करने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता नगर पंचायत चोपन के कैम्पस में पहुँचा कर प्रति कुण्टल की दर से दिनांक 17.12.2024 को दोपहर 03:00 बजे तक मोहर बन्द लिफाफे में कोटेशन आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे कोटेशनदाताओं के उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोला जायेगा। कोटेशनदाताओं द्वारा जी0 एस0 टी0 प्रमाण पत्र, पैन, आधार व चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं जमानत राशि के रूप में रू0-5,000/- (पांच हजार रूपया) मात्र का नगद या एफ0 डी0 आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चोपन, सोनभद्र के नाम से बन्धक होगा, जो निविदा/कोटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा पत्र दिनांक-16.12.2024 तक कार्यालय में रू0-1,000/- (एक हजार) मात्र जमा कर कार्यालय नगर पंचायत चोपन, सोनभद्र से प्राप्त किया जा सकता है। कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा स्वीकृत होने के पश्चात निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध करना होगा। अन्य नियम एवं शर्तें कार्यालयावधि में कार्यालय नगर पंचायत चोपन, सोनभद्र से प्राप्त की जा सकती है।

(मधूसूदन जायसवाल)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत चोपन
सोनभद्र।

(उस्मान अली)
अध्यक्ष
नगर पंचायत चोपन
सोनभद्र।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मझवॉ, मीरजापुर

पत्रांक-975/टेण्डर-नोटिस/2024-25 दिनांकः 11.12.2024

**अल्प निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत मझवॉ द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की अनुमोदित मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, केन्द्रिय पन्द्रहवा वित्त की निम्न परियोजनाओं के कार्य हेतु विकास खण्ड में अर्ह एवं विकास खण्ड में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार जो कार्य कराने/आपूर्ति हेतु इच्छुक हो, दिनांक 12.12.2024 से दिनांक 18.12.2024 को दोपहर तक कार्यालय अवधि में ससमय निविदा अपने लिया जायेगा एवं निविदा फार्म बंद लिफाफे में कार्यालय में जमा कर सकते है दिनांक 18.12.2024 को सायं काल 4 बजे मेरी देखरेख में कमेटी द्वारा खोला जायेगा। निविदा सबसे कम दर का ही स्वीकृत किया जायेगा। शेष निरस्त कर दिया जायेगा। निविदा दाता का आयकर एवं व्यापार कर/जी0एस0टी0 के अन्तर्गत रजिस्टर्ड होना आवश्यक होगा अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जायेगी। निविदा के साथ धरोहर की धनराशि अनुमानित लागत की धनराशि का 2 प्रतिशत एफ0 डी0/डिमाण्ड ड्राफ्ट अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में/फर्म के पक्ष में तैयार कर मूल रूप से जमा करनी होगी। निविदा फार्म कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आकलित धनराशि (लाख रू0 में) | धरोहर की धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा मूल्य रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ख0वि0अ0 कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत लरवक में कमलेश के दुकान से सारनाथ मन्दिर तक मिट्टी व इण्टरलाकिंग कार्य। | 8.99 | 0.17 | 225+500 and 131 GST 18% | 2 माह | मझवॉ |
| 2 | ग्राम पंचायत वादीपुर में मेन रोड से मोनू राजभर के घर तक मिट्टी व इण्टरलाकिंग कार्य। | 9.10 | 0.18 | 225+500 and 131 GST 18% | 2 माह | मझवॉ |

नोट-नियम व शर्तें तथा अन्य कोई भी जानकारी कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(संजय कुमार श्रीवास्तव)
खण्ड विकास अधिकारी
मझवॉ, मीरजापुर

# समय के अंदर परियोजनाएं करें पूरी : डीएम

**निर्देश**

### जिलाधिकारी ने जनपद में निर्माणाधीन कई परियोजनाओं का किया निरीक्षण



**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने बुधवार को जनपद में निमार्णाधीन कई परियोजनाओं का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत निमार्णाधीन राजकीय महिला आईटीआई का निरीक्षण किया गया। यह परियोजना वित्तीय वर्ष 2019-20 में स्वीकृत हुई थी जिसकी कुल स्वीकृत लागत 12 करोड़ 60 लाख रुपए है। इस परियोजना की कार्यदाई संस्था पैकफेड है। अब तक इस परियोजना पर कुल 9 करोड़ 45 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने परियोजना के निर्माण कार्य को दिसंबर माह में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिशासी अभियंता को दिए, जिससे जुलाई 2025 में प्रारंभ होने वाले सत्र से कक्षाओं का संचालन किया जा सके। इसी परिसर स्थित राजकीय आईटीआई में भवन वर्कशॉप और सीसी रोड निर्माण कार्य का भी जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया, जिसकी कुल लागत 9 करोड़ 40 लाख रुपए है। इस योजना की कार्यदाई संस्था यूपी पीसीएल है। जिलाधिकारी ने हर हाल में इस परियोजना को मार्च 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए इसके अलावा कार्यदाई संस्था पैकफेड द्वारा मतलूपुर में निमार्णाधीन सद्भाव मंडप का भी निरीक्षण जिला अधिकारी द्वारा किया गया जिसकी कुल स्वीकृत लागत 2 करोड़ 34 लाख रुपए हैं। जिसके तहत एक करोड़ 40 लाख रुपए कार्यदाई संस्था को प्राप्त भी हो चुके हैं, परंतु अभी भी प्राप्त धनराशि पूरी खर्च न करने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त किए हुए करते हुए कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता को तत्काल अवशेष राशि से निर्माण कार्य करते हुए उपभोग प्रमाण पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए,जिससे अवशेष धनराशि प्राप्ति के उपरांत शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जा सके। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा कार्यदाई संस्था सीडीएस द्वारा रैनी बरलाई पूरा घाट रोड में निमार्णाधीन सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। इस परियोजना की कुल लागत 14 करोड़ 7 लाख 24 हजार रुपए हैं। इस परियोजना के निरीक्षण के दौरान 3 माह पूर्व नगर विकास विभाग से धनराशि प्राप्त होने के बावजूद अभी भी मिट्टी भराई का कार्य प्रारंभ ना होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ पेनल्टी लगाने की कार्रवाई हेतु आवश्यक कार्य करने के निर्देश अधिशासी अभियंता एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को दिए। साथ ही उन्होंने कार्यों की धीमी प्रगति पर भी कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता को कड़ी फटकार लगाई। जिला अधिकारी ने शाम तक मिट्टी भराई कार्य प्रारंभ होने की स्थिति से अवगत भी कराने को कहा। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की कमी पाए जाने पर रिकवरी सहित कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी जिलाधिकारी द्वारा दी गई। निरीक्षण कार्यों के दौरान संबंधित कार्यदाई संस्थाओं के अधिशासी अभियंताओं के अलावा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी साहित्य निकस सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**मऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी प्रवीण मिश्र ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की सक्रियता, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवम् रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था की अनवरत निगरानी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ही उन्होंने सुरक्षा गाड्र्स की शिफ्ट वार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यप्रिय सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राजीव उपाध्याय, अपर उप जिलाधिकारी अवधेश चैहान, रामकरन यादव, रामधनी चैहान, जयप्रकाश, वीरेंद्र कुमार, फैसल अब्बासी तथा भागवत दिन, रवि गुप्ता वरिष्ठ सहायक, रुस्तम अली कनिष्ठ सहायक निर्वाचन कार्यालय सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएम डैशबोर्ड आधारित जारी रैंकिंग में जनपद को मिला तीसरा स्थान

**मऊ।** जनसुनवाई (आईजीआरएस) के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर जारी नवंबर माह की रैंकिंग में जनपद मऊ ने 2.98 प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस सूची में प्रथम स्थान 1.99 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर ललितपुर ने प्रथम एवं 2.20 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर हरदोई ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सीएम डैशबोर्ड पर आधारित जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के संबंध में नवंबर माह की जारी रैंकिंग में अंतिम स्थान पर जनपद कन्नौज है जिसे 20.08 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त हुई। जनसुनवाई (आइजीआरएस) हेतु सीएम डैशबोर्ड आधारित जारी रैंकिंग में जनपद मऊ ने निर्धारित कुल 10 अंकों में से 9 अंक प्राप्त कर ए ग्रेड हासिल किया। जारी रैंकिंग के अनुसार जिन जनपदों में जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के उपरांत कम लंबित शिकायतें,कम असंतोष फीडबैक, गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों का निस्तारण आदि सम्मिलित किए जाते हैं। इस प्रकार जिन जनपदों की उपलब्धि प्रतिशत सबसे कम होती है उनकी रैंकिंग ज्यादा निर्धारित की जाती है। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण हेतु डीएम प्रवीण मिश्र ने समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा शिकायत कताओं से फीडबैक लेने तथा समय से समस्त संदर्भित शिकायतों को निस्तारित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। इसके अलावा ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आशीष मिश्रा द्वारा भी प्रतिदिन संदर्भित मामलों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हेतु विशेष प्रयास किया जाता है, जिसके फल स्वरुप नवंबर माह की जारी रैंकिंग में जनपद मऊ ने प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है।

## बच्चों ने गीता के श्लोक की अर्थ सहित की व्याख्या

**मऊ।** बरनवाल महिला सेवा समिति के तत्वधान में बुधवार को ब्रह्मस्थान स्थित पप्पू बरनवाल के आवास पर महिला जिलाध्यक्ष मधुलिका बरनवाल के प्रेरणा से आज मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन श्रीमद् भागवत गीता जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 5 वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चों ने गीता के श्लोक की अर्थ सहित व्याख्या की। बच्चो में अत्यंत उत्साह देखने को मिला। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में अपनी सभ्यता और संस्कृति की नींव मजबूत होगी। उपस्थित सभी लोगों को श्रीमद भागवत गीता का रसास्वादन कराया गया। इस कार्यक्रम में मुक्यरूप से सुमन बरनवाल, आरती बरनवाल, पुष्पा बरनवाल, तेजस, शांभवी, इच्छा बरनवाल, रक्षा, ओज, वामिका, भवना, प्रियंका, रश्मि, मीनू, जागृति, निधि, कंचन, पंखुड़ी, दृश्यम बरनवाल सहित बरनवाल परिवार के काफी लोग उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय पीआरडी स्थापना दिवस पर परेड का हुआ आयोजन

**मऊ।** युवा कल्याण विभाग द्वारा 76वे पीआरडी स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन मऊ में जनपद स्तरीय पीआरडी स्थापना दिवस परेड का भव्य आयोजन किया गया। आयोजित परेड में कुल 66 पीआरडी जवानों द्वारा तीन टोलियों में प्रतिभा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा परेड के निरीक्षण के उपरांत परेड से मान प्रणाम स्वीकार किया गया। परेड सम्पन्न होने के उपरांत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में अत्यंत ही कम समय में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए पीआरडी जवानों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहने का संदेश दिया।प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी बीनू कुमार सिंह एवं जिला परियोजना निदेशक



रामबाबू त्रिपाठी द्वारा मुख्य अतिथि को बुके, स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रमाकांत पांडे प्रतिसार निरीक्षक, आशीष कुमार गुप्ता, रंजन कुमार यादव, राणा प्रताप सरोज, मनबोध कुमार सिंह, अखिलेश, राघवेंद्र, शिव मोहन सिंह एवं चैधरी सर्वेश सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में बीनू कुमार सिंह प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में आए हुए समस्त सम्मानित व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया एवं जवानों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में परेड में सम्मिलित सभी 66 जवानों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षेप

### पोलियो खुराक से इनकार करने वाले परिवारों को समझा कर पिलाया ड्रॉप



**मऊ।** मदनपुरा वार्ड में पोलियो खुराक लेने से इंकार करने वाले परिवारों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल कुमार सिंह ने समझाया और उन्हें पोलियो ड्रॉप के फायदे बताए। इसके बाद, इंकार करने वाले परिवारों के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाए गए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. संजय गुप्ता ने बताया कि अब भी कई परिवार पोलियो ड्रॉप और टीका लगवाने से मना करते हैं, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पोलियो ड्रॉप से इंकार करके बच्चे विभिन्न जानलेवा बीमारियों का शिकार हो सकते हैं और साथ ही पड़ोस के बच्चों को भी खतरे में डाल सकते हैं। इस अभियान के दौरान, जिन बच्चों ने पोलियो खुराक लेने से इंकार किया था, उनमें जोहान, रीदा फतीमा, हादीया, फरेहा, आयशा, अशहब, अरहान, साजिम आदि शामिल थे। इन सभी बच्चों को पोलियो ड्रॉप से आच्छादित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जिले में पोलियो मुक्त वातावरण सुनिश्चित करना है और समुदाय में जागरूकता फैलाना है। इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. जय राम सिंह, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर देवेंद्र यादव, बीएमसी यूनिसेफ मोहम्मद सलीम और पोलियो टीम ने सक्रिय रूप से सहयोग किया।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना घोसी पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब बुधवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर थानीदास बाजार दरगाह मोड़ रेलवे क्रासिंग के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर तथा 02 मोबाइलफोन बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उक्त द्वारा अपना नाम बृजेश कुमार उर्फ प्रिंस बांसफोर पुत्र रोहित बांसफोर निवासी मानिकपुर असना थाना घोसी मऊ बताया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर उक्त के विरुद्ध मु.अ.सं. 569/24 धारा 3/25 आयुद्ध अधि. के अर्न्तगत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया। गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम उ.नि. अजीत दूबे, उ.नि. राजेश्वर पाण्डेय, उ.नि.मो. कफील, का. अवनीश कुमार यादव व का0 मनोज कुमार रावत थाना घोसी षामिल रहे।

### पांच वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** जनपद के विभिन्न थानो द्वारा बुधवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण प्रदीप व विनोद पुत्रगण गुलजार, पंकज पुत्र प्रमोद निवासीगण हरिकेशपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ तथा थाना मधुबन पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त बेचन पुत्र विश्वनाथ हरिजन निवासी दुबारी थाना मधुबन जनपद मऊ व वारण्टी जयप्रकाश यादव पुत्र उदयभान यादव निवासी ग्राम कटघरा शंकर थाना मधुबन जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### रेंजर पर धन उगाही करने का काश्तकार ने लगाया आरोप

**सिकंदरपुर (बलिया)।** सिकंदरपुर कस्बा के भीखपुरा निवासी शिव कुमार चौरसिया पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र चौरसिया का आरोप है कि क्षेत्रीय वन अधिकारी शिवम गुप्ता द्वारा मुझपर 20 हजार रुपए के लिए अनावश्यक दबाव बना रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि सिसोटार स्थित पुस्तैनी बगीचा का आम का पेड़ करीब चार माह पूर्व गिर गया था। जिसे पिछले एक सप्ताह पूर्व कटवा कर घर लेकर चला आया। इसकी जानकारी वन अधिकारी को होते ही वन रेंजर ने कर्मचारी के माध्यम से मुझे ऑफिस बुलाया और 20 हजार रुपए देने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। रुपए देने में असमर्थता जताने से झल्लाए रेंजर ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देना शुरू कर दिए। जिससे मैं और मेरा परिवार डरा सहमा है। इस संबंध में डिप्टी रेंजर अमित कुमार का कहना था कि सिसोटार गांव के रामबाबू नाम के व्यक्ति द्वारा शिकायत किया गया था कि आम का पेड़ मेरे जमीन में था उसको शिवकुमार के द्वारा काट लिया गया है जिस पर शिवकुमार को जानकारी के लिए बुलाया गया था और उनसे 20 हजार रुपये जुमार्ना जमा करने के लिए कहा गया था।

### जच्चा-बच्चा मौत के मामले में दो आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर

**बांसडीह (बलिया)।** स्थानीय कस्बे के डॉक बंगला के सामने रेवती सीएचसी में तैनात स्टॉप नर्स मंजू सिंह द्वारा पैसे लेकर अपने निजी आवास पर संचालित नर्सिंग होम में बीते बुधवार की देर रात प्रसूता और उसके बच्चे की मृत्यु मामले तीन लोगो पर दर्ज मुकदमे में अभी आशा बहु मीना देवी और स्टॉप नर्स के पति पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। वही इस मामले में आरोपित नर्सिंग होम संचालिका स्टॉप नर्स को पुलिस जेल भेज चुकी है। बीते बुधवार की देर रात्रि कोतवाली क्षेत्र की रूकुनपुरा (मंझरिया) की महिला सुधा देवी की कथित अस्पताल में प्रसव के दौरान मौत हो गई थी। प्रकरण में मृतका के देवर की तहरीर पर पुलिस ने स्टॉप नर्स मंजू सिंह, नर्स के पति नंदकुली सिंह और क्षेत्र के आशा बहू के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

### राज्य महिला आयोग ने की जनसुनवाई

**बलिया।** उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता श्रीवास्तव ने बुधवार को गेस्ट हाउस लोनिवि, कुंवर सिंह चौराहा में महिला जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान सभी अधिकारियों से कहा कि सरकार की मंशानुरुप उप्र राज्य महिला आयोग, महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न की घटना, प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल जांच कराकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारी, थाना प्रभारी से दूरभाष पर वार्ता कर प्रकरण की जांच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी स्तर पर लापवाही न बरती जाय। महिला जनसुनवाई में कुल 10 पीड़ित महिलाओं ने प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। जनसुनवाई में अधितर मामले दहेज, भूमि विवाद तथा घरेलू हिंसा आदि से संबंधित थी। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# नियमानुसार चिह्नित सभी स्थानों पर अलाव जलवाये जाएं : डीएम

**बोले प्रवीण लक्षकार**

### डीएम ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा



समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी।

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान विद्युत, वाणिज्यकर विभाग, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन, बाट-माप, आबकारी, परिवहन, नगर-निकाय तथा वन विभाग में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली कम पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने वाणिज्य कर में लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व वसूली पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वाणिज्यकर के अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए शासन को पत्र प्रेषित करने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने नगर निकाय में अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित कार्यवाही करें। यह सुनिश्चित किया जाय कि सड़क पर अतिक्रमण न होने पाए तथा दुकानदार अपने दुकान का सामान दुकान के अंदर ही लगाए, बाहर सड़क पर न लगाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता, विद्युत से कहा कि शासन द्वारा लागू ओटीएस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय. जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके तथा प्रत्येक सप्ताह प्रगति रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाय। जिलाधिकारी ने तहसीलवार राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों से कहा कि आगामी एक सप्ताह में धारा -34 के सभी अविवादित राजस्व वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी डीपी सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन तथा अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## गोवंश की तस्करी पर रोक लगाने की मांग

**बैरिया (बलिया)।** प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी गोवंशों के तस्करी पर रोक नहीं लग पा रहा है। आए दिन छोटे वाहनों पर गोवंशों को लादकर जयप्रभा सेतु के रास्ते बिहार भेजा जा रहा है।तो वहीं महुली घाट व डूमाईगढ़ घाट से नदी के रास्ते भी बड़ी संख्या में गोवंश बिहार के रास्ते बंगाल के बूचड़खानों में तस्कर पहुंचा रहे हैं। इस आशय की शिकायत बैरिया के भाजपा नेता अरुण कुमार सिंह ने डीआईजी आजमगढ़ से करते हुए गोवंशो के तस्करी पर रोक लगाने के लिए जरूरी उपाय करने की गुहार लगायी है। भाजपा नेता का कहना है कि पहले ट्रकों में बड़े पैमाने पर गोवंशों को भरकर जयप्रभा सेतु के रास्ते बिहार और बंगाल भेजा जाता था। अब छोटे वाहनों में दो चार गोवंशों को भरकर बिहार भेजा जा रहा है, और बिहार की सीमा में पहुंचते ही उन्हें पिकअप से उतार कर ट्रकों पर लोड कर बंगाल भेज दिया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि यह सब पुलिस प्रशासन के संज्ञान में नहीं है। कुछ स्थानों पर पुलिस के संज्ञान में है। किंतु पुलिस इसे रोक नहीं पा रही है। स्थानीय लोगों ने भी गोवंश के तस्करी पर रोक लगाने का आग्रह किया है।

### असंतुलित होकर पलटा गिट्टी लदा ट्रक

**बैरिया (बलिया)।** सोनभद्र से गिट्टी लादकर छपरा बिहार जा रहा ट्रक ट्रेलर से बचने के चक्कर में बिजली के खंभे को तोड़ते हुए बुधवार की सुबह चिरैया मोड़ पर सड़क किनारे पलट गई। जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर यातायात घंटो अवरुद्ध हो गया। वही ट्रक चला रहा चालक विजय यादव निवासी कोपागंज मऊ साधारण रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी लगाकर ट्रक को सड़क से हटवाया और, गिट्टी को दूसरे वाहनों में लोड कराया गया इसके बाद यातायात सुचारू रूप से शुरू हो सका। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बलिया के तरफ से आ रहे ट्रक के सामने एकाएक माझी के तरफ से जा रहा ट्रेलर आ गया। जिससे बचने के चक्कर में असंतुलित होकर ट्रक पलट गया।

### सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बने महमूद



**बलिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष के सहमति से समाजवादी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बलिया के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष महमूद अंसारी को मनोनित कर संगठन को मजबूत एवं पार्टी के विचारधारा को आगे बढ़ाने हेतु जिम्मेदारी दी गई है। इसकी जानकारी देते हुए फेफना विधानसभा के विधायक व जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह यादव ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं पूर्व नेता विरोधी दल रामगोविन्द चौधरी ने इनके मनोनयन पर हर्ष व्यक्त किया। पार्टी के बीरबल राम, डा. शुएबुल इस्लाम, रविन्द्र यादव, मोहमद वारिस, अजय यादव, हरेंद्र गोंड, डा शब्बीर, राजन कनौजिया, रामाशंकर खरवार, अजीत त्रिपाठी, अशोक यादव आदि ने महमूद अंसारी को बधाई दी है।

# विद्यालय के पास तालाब में डूबकर छात्र की मौत



**बेल्थरारोड (बलिया)।** शिक्षा क्षेत्र सीयर के प्राथमिक विद्यालय मिश्रौली के प्रांगड़ में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने गए 5 वर्षीय मासूम अंशूमान गुप्ता की पड़ोस के तालाब में डूबने से मौत हो गयी है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बलिया भेज दिया है। घटना बुधवार की प्रातः की है। इस प्रकरण को लेकर पूरे ग्राम में काफी क्षोभ एवं रोष ब्याप्त है।

**आक्रोश व्याप्त**

### परिजनों में मचा कोहराम पुलिस जांच में जुटी

ग्राम मिश्रौली निवासी मृत बालक की मां नीलू गुप्ता पत्नी सतीश गुप्ता का कहना है कि प्रतिदिन की भांति वह अपने पुत्र को वह आंगनबाड़ी में पढ़ने हेतु स्कूल छोड़कर घर आयी थी। जहां उचित निगरानी के अभाव में वह पड़ोस के तालाब में शौच के बाद पानी के लिए तालाब में गया होगा जहां वह पानी में फिसल कर डूब गया और उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद बच्चे को तुरन्त बाद तालाब से बाहर निकाल कर उसे सीएचसी सीयर ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने अंशुमान को मृत घोषित कर दिया। दो भाइयों में अंशुमान छोटा था। इस घटना से माता और पिता का रोते-रोते बुरा हाल देखा गया। सीडीपीओ अभिषेक राय ने दूरभाष पर बताया कि ग्राम मिश्रौली में घटनास्थल पर गया था। वहां पर आंगनबाड़ी का पद सेवानिवृत होने के बाद रिक्त चल रहा है। यहां आंगनबाड़ी का समस्त कार्य आंगनबाड़ी सहायिका माया मिश्रा देखती है। आंगनबाड़ी सहायिका माया मिश्रा लिखित कथन है कि बालक स्कूल आया ही नही था। इसके बाबत कारण बताओ नोटिस जारी की जा रही है।

### विवादित भूमि के कारण नहीं बन पा रही विद्यालय की सुरक्षा दीवार

ग्राम प्रधान अवनीश कुमार मिश्र ने बताया कि विवादित भूमि के कारण विद्यालय की सुरक्षा की दीवार नही बन पा रही है। तहसील स्तर से पहल होने के बाद ही इसका निस्तारण हो सकेगा। उन्होने यहां तक बताया कि विद्यालय भवन भले बन चुका है किन्तु विद्यालय का नाम राजस्व अभिलेख में अंकित नही है। घटना की सूचना पाकर नायब तहसीलदार दीपक सिंह, खण्ड विकास अधिकारी सीयर शिवांकित वर्मा व उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह सदल बल पहुंच गये थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही में जुट गयी थी। कुल मिलाकर ग्रामीणों के आक्रोश के अनुसार प्रशासनिक स्तर पर भारी चूक का मामला स्पष्ट रुप से सामने दिख रहा है। यह मामला उस समय खुलेगा, जब इसकी गठित टीम करके जांच होगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद चुनार, मीरजापुर

पत्रांक-202/सूचना-न0पा0प0चुनार/2024-25 — दिनांक: 11.12.2024

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद चुनार सीमांतर्गत शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में स्वकर निर्धारण के सर्वे का कार्य यू0पी0सी0एल0 द्वारा किया जा रहा है, सर्वे के क्रम में प्रत्येक वार्ड की नवीन कर निर्धारण सूची तैयार करने हेतु सम्बन्धित भवन स्वामी को नियमानुसार नोटिस निर्गत की जा रही है। स्वकर निर्धारण के आवश्यक दिशा निर्देश इस प्रकार हैः-

1. सर्वेक्षणकर्ता को भवन स्वामी द्वारा भवन सम्बन्धित सूचना सत्य व स्पष्ट बतानी होगी। स्थलीय सत्यापन में यदि किसी भी प्रकार की भिन्नता पायी जाती है, तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
2. अनिस्तारित एवं विवादित सम्पत्तियों पर यदि कोई निर्णय नहीं होता है तो नियमानुसार पूर्व के अभिलेखों में दर्ज प्रविष्टि के आधार पर ही प्रविष्टि दर्ज की जायेगी तथा उसके अनुसार कर वसूल किया जायेगा।
3. जल संयोजन के सम्बन्ध में अपना प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा व सम्बन्धित भवन में कितने जल संयोजन है यह स्थिति स्पष्ट करनी होगी।
4. नोटिस के सापेक्ष यदि आपत्ति हो तो निर्धारित अवधि में ही कार्यालय में दर्ज करानी होगी। आपत्ति का विवरण स्पष्ट होना चाहिए। आपत्ति में उसी मोबाईल नं0 का उल्लेख किया जाये। जिसे सर्वेक्षण के दौरान उपलब्ध कराया गया था।
5. नाम की प्रविष्टि के पूर्व समस्त नाम को निर्धारित अवधि के लिए पालिका के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जायेगा, जिसका अध्ययन कर हितबद्ध व्यक्ति आपत्ति दर्ज करा सकते है।
6. किरायेदार द्वारा यदि व्यक्तिगत रूप से जल संयोजन लिया गया है तो उसका सत्यापन भवन स्वामी से किया जाना अनिवार्य होगा।
7. सम्बन्धित भवन स्वामी को नगर पालिका परिषद चुनार के पूर्व के देयों को पूर्णतः चुकता करना अनिवार्य है।
8. ऐसी सम्पत्तियां जिनका क्रय-विक्रय किया गया है। परन्तु दाखिल खाहिज हेतु नियमानुसार पूर्व में कोई आवेदन नहीं दिया गया है। ऐसे भवन स्वामी नियमानुसार नामान्तरण प्रक्रिया के उपरान्त ही नवीन कर निर्धारण सूची में नाम दर्ज करा पायेंगे।
9. नवीन कर निर्धारण सूची में नाम दर्ज करने का आधार अभिलेख 2010-15 की कर निर्धारण सूची को माना गया है। जो निर्गत किये जा रहे है। वह प्रारम्भ सर्वेक्षण के दौरान हितबद्ध व्यक्तियों द्वावा दी जानकारी के आधार पर है। प्रायः नोटिस तनहा नाम से सर्वे के आधार पर निर्गत किये जा रहे है। जबकि अभिलेखों सम्पत्तियों पर संयुक्त नाम सामान्यतः दर्ज है। जिसका अभिलेखीय सत्यापन व प्राप्त आपत्तियों के उपरान्त ही अन्तिम कर निर्धारण सूची में दर्ज किया जायेगा। प्रारम्भिक नोटिस को कर निर्धारण का अन्तिम पत्राचार स्वीकार नहीं किया जायेगा।
10. इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय नगर पालिका परिषद चुनार में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद चुनार,
मीरजापुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद चुनार,
मीरजापुर

# सड़क निर्माण में घटिया गिट्टी का प्रयोग

**घोर लापरवाही**

## दिलदारनगर-अरंगी-खजूरी मार्ग पर 5.570 किलोमीटर लंबी सड़क का चल रहा निर्माण कार्य


प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत दिलदारनगर खजूरी मार्ग पर मानक विहीन बन रही सड़क पर से उखड़ी गिट्टियों को दिखाता ग्रामीण।

**दिलदारनगर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण में मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। सड़क निर्माण में घटिया स्तर की गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। मानकविहिन सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने कार्य को रोक दिया है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत दिलदारनगर-अरंगी-खजूरी मार्ग पर 5.570 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना पर करीब 4 करोड़ 12.40 लाख रुपये की लागत स्वीकृत है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाया है। बतादें, यह सड़क यूपी से कर्मनाशा नदी को पार कर बिहार को जोड़ती है। इस मार्ग पर हमेशा आवागमन बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं हो रहा है। सड़क के अगले हिस्से में पिचिंग का कार्य किया जा रहा है, जबकि पीछे बनी सड़क उखड़ रही है। गिट्टियां बाहर निकलने और सतह खराब होने से निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

पिचिंग के बाद ही उखड़ने लगी सड़क गांववासियों ने जब इस समस्या को लेकर ठेकेदार से शिकायत की, तो उनकी शिकायत को अनसुना कर दिया गया। इससे नाराज होकर ग्रामीण, जिनमें महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल थे, सड़क पर उतर आए और दो घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को तुरंत बंद करवा दिया।

उनका कहना था कि जब तक निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं किया जाएगा और गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं करने दिया जाएगा। ग्रामीण मुरारी देवी, परमिला कुशवाहा, सरोज, गीता, उमेश सिंह, सोनु, शौकत, शिवजी चौधरी, प्रदीप, भानु यादव ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की नियमित निगरानी की जाए और ठेकेदार को इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठहराया जाए। पीछे के हिस्से में जो सड़क उखड़ रही है, उसे दोबारा से ठीक किया जाए।

> प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आगे का कार्य मानकों के अनुसार ही होगा और ग्रामीणों की देखरेख में पूरा किया जाएगा।
>
> **प्रवीन कुमार, अवर अभियंता**

# गर्डर लांचिंग को लेकर मार्ग रहा प्रतिबंधित

**रेवतीपुर।** कालूपुर त्रिमुहानी के समीप राजमार्ग पर पिछले बारह दिनों से चल रहे रोड वायडक्ट के फ्लाई-ओवर के लिए गार्डर लांचिंग का काम बीते देर रात्रि को छठवें एवं अंतिम पीयर एटी 14 से एटी 15 पर छह गार्डरों की लांचिंग के साथ ही सभी छह स्पैनों पर 36 गार्डरों की लांचिंग पूरी हो गई।

अंतिम दिन देर रात्रि को गार्डरों की लांचिंग के कारण सुरक्षा की दृष्टिगत राजमार्ग को वाहनों के आवागमन के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया, इसके चलते दोनों तरफ वाहनों की 15 किमी लंबी कतार लग गई, जिसके कारण भीषण जाम लग गया, हालात यहां तक थे कि जाम के कारण पैदल निकलना भी काफी मुश्किल था इस दौरान शादी-विवाह से अपने घर लौट रहे राहगीरों सहित अन्य वाहन चालकों को बीच सड़क पर ही वाहनों में इस सर्द मौसम में लांचिंग के समाप्त होने का इंतजार करते रहे। बीते देर रात्रि को 11 बजे शुरू हुआ गार्डर लांचिंग का आज बुधवार की सुबह पांच में समाप्त होने के छह घंटे बाद राजमार्ग को वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया।

इस लांचिंग के अवसर पर जीपीटी इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट अश्वनी कुमार, अविनाश, हेमंत, सुरेंद्र मौर्या, अशोक मंडल, रंजीत, भूपेश्वर, मनोज थपलियाल आदि मौजूद रहे।


कालूपुर त्रिमुहानी के समीप फ्लाई-ओवर के लिए गर्डर लांचिंग पूरी होने के बाद लगी वाहनों की कतार।

# संक्षेप

## एक मुश्त समाधान योजना को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों संग मंथन

**गाजीपुर।** अधीक्षण अभियंता प्रवीण कुमार, अधिशासी अभियंता नगर आशीष कुमार, अधिशासी अभियंता जंगीपुर शुभेंदु शाह द्वारा जनप्रतिनिधियों से मिलकर 15 दिसम्बर से शुरु हो रही एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत बकायेदार उपभोक्ताओं को बिल जमा कराने के लिए प्रेरित करने के लिए आग्रह किया। जन प्रतिनिधियों से मिलने के क्रम में अधीक्षण अभियंता प्रवीण कुमार, अधिशासी अभियंता आशीष कुमार एवं शुभेंदु शाह द्वारा सदर विधायक जयकिशन साहू, जंगीपुर विधायक वीरेन्द्र यादव, पूर्व विधायक मोहम्मदाबाद सिबगतुल्लाह अंसारी बैठक कर एक मुश्त योजना के बारे में विस्तार जानकारी दी गई। इसी क्रम में गाजीपुर जनपद में सभी जनसेवा केंद्रों पर एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत बिजली बिल जमा कराने की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं को अपने गांव, मुहल्ले में बिल जमा कराने की सुविधा मिलेगी। जनपद में सहज,विद्युत सखी एवं अन्य को मिलकर कुल 3855 जन सेवा केंद्र है जिसमें मात्र 898 ही एक्टिव स्थिति में है जो बिजली बिल जमा करा रहे हैं। अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता द्वारा 10 जन सेवा केंद्रों का निरीक्षण भी किया गया एवं संचालकों को जागरूक किया गया।

## मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर भाजपाइयों ने बनायी रणनीति

**गाजीपुर।** भाजपा संगठन पर्व 2024 अंतर्गत मंडल अध्यक्ष चुनाव से सम्बन्धित जिला पदाधिकारियों एवं मंडल चुनाव अधिकारियों की कार्यशाला जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर हुई। जिला प्रेक्षक पूर्व प्रदेश महामंत्री विधान परिषद सदस्य अश्विनी त्यागी ने कहा कि संगठन पर्व के माध्यम से संगठन संचालन होता है अच्छे, ईमानदार, कर्मठ और सक्रिय कार्यकर्ताओं को ऊपर उठने का अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा कि सबको समान रूप से राजनीति में नेतृत्व मिले यह सदैव से भाजपा का प्रयास है। हम ऐसे राजनैतिक दल के कार्यकर्ता है जो देश की दशा, दिशा बदलने और जनता के समस्याओं के समाधान के लिए लगातार समर्पित रूप से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता वर्ष पर्यन्त लगातार क्षेत्र में जनता के बीच रहकर अभ्यास करते रहते हैं। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनन्दन करते हुए धन्यवाद आभार प्रकट किया। जिला सह चुनाव अधिकारी, महामंत्री ओमप्रकाश राय ने अब तक के चुनाव स्थिति से प्रेक्षक को अवगत कराते हुए वृत्त लिए। संचालन महामंत्री अवधेश राजभर ने किया। मौके पर जिपं अध्यक्ष सपना सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप, कृष्ण बिहारी, पारसनाथ राय, अभिनव सिन्हा, प्रवीण सिंह, दयाशंकर पांडेय, शशिकांत शर्मा आदि रहे।

## हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई

**मनिहारी।** एक ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरुकता कार्यक्रम के साथ हरियाली पर विशेष जोर दे रही है। वहीं दूसरी ओर पेड़ को काटे जाने से पर्यावरण को क्षति हो रही है। लेकिन अपने स्वार्थ के चक्कर में कुछ लोग हरे भरे पेड़ों को काटने से बाज नहीं आते है। ऐसा ही वाक्या बिरनो थाना अंतर्गत चकदाऊद ग्राम में हुआ। ग्राम प्रधान देवमती देवी ने थानाध्यक्ष बिरनो को दिए तहरीर में बताया है की गांव सभा के मौजा घनश्यामपुर में गाटा संख्या 230 पोखरा व भीटा के नाम सुरक्षित है। उक्त भूमि पर चार वर्ष पहले ग्राम पंचायत द्वारा वृक्षारोपण किया गया था। जो अब हरे-भरे पेड़ का रूप ले लिया है। जिस पर गांव के कुछ लोगों की निगाहें लगी हुई है। गांव के ही मनबढ़ किस्म के लोग विश्राम चौहान, संतोष, लालबहादुर, संदीप, विशाल आदि ने बुधवार की शाम जेसीबी मशीन लगाकर करीब 10 से अधिक पेड़ों को उखाड़ दिया व कुछ को काटकर उठा ले गए। थानाध्यक्ष बिंद कुमार ने बताया कि ग्राम प्रधान ने इसकी शिकायत की है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## काली माता मंदिर में चोरी

**शादियाबाद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बाकोइरी स्थित काली माता मंदिर में लगे लोहे के गेट का छड़ तोड़ कर अंदर घुस कर चोरों ने चांदी का मुकुट, घंटा, नथिया इत्यादि सामानों को चुरा ले गए। मंदिर के पुजारी सोनू कश्यप व प्रतिदिन पूजा करने वाले आकाश कुशवाहा, संजय मोदनवाल ने बताया कि ये पहली घटना नहीं है जो, चोरों ने मंदिर को निशाना बनाया है। इसके एक माह पूर्व खुटही स्थित शीतला माता मंदिर को भी चोरों ने निशाना बनाकर सोने की लॉकेट घंटा आदि सामानों पर हाथ साफ कर चुके है। यही नहीं बीते दिनों एक ही दिन में पांच पांच दुकानों का शटर का ताला व गुमती का ताला तोड़ कर पैसा व उसमें रखे सामनों को चुरा लिए। भाजपा नेता संगम मोदनवाल ने बताया की 6 माह पूर्व भी चोरों ने भूधरिया स्वामी मंदिर से घंटा पर हाथ साफ किया था। थाने पर एप्लिकेशन भी दिया गया था। जिसका अबतक पुलिस न कोई सुराग लगा सकी न ही किसी चोर को पकड़ने में कामयाब हो पाई।

## रानीपुर पेयजल योजना के कार्यों को विधायक ने देखा

**गाजीपुर।** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत रानीपुर पेयजल योजना के कार्यो का निरीक्षण विधायक डा. विरेन्द्र यादव द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नलकूप, पम्प हाउस, राइजिंग मेन, शिरोपरि जलाशय, पाइप लाइन, हाउस कनेक्शन, सोलर सिस्टम एवं बाउण्ड्रीवाल एवं गेट के समस्त कार्य पूर्ण पाये गये। योजनान्तर्गत 330 नल हाउस कनेक्शन में सोलर आटोमेशन मेथड द्वारा नियमित पेयजल आपूर्ति ग्रामवासियों को उपलब्ध करायी जा रही है। ग्राम प्रधान रामाश्रय द्वारा भी अवगत कराया गया कि रानीपुर पेयजल योजना गे नियमित जलापूर्ति की जाती है।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रधान सम्मानित

**भांवरकोल।** विश्व शौचालय दिवस पर एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पंचायती राज विभाग द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा विकास खंड भांवरकोल के ग्राम पंचायत बलुआ तपेशाहपुर के ग्राम प्रधान रामलाल प्रजापति, सचिव मो.महताब एवं केयर टेकर टुनिया देवी को जनपद के समस्त विकास खंडों से मात्र एक-एक गांव का चयन किया गया था। जिसके क्रम में ब्लॉक भांवरकोल से ग्राम पंचायत बलुआतपेशाहपुर का चयन किया गया। उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई एवम नियमित रूप से संचालन एवम रंगाई पुताई के क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी महोदय द्वारा सम्मानित किया गया।

# ट्रेनों की देरी से यात्री परेशान

**कोहरे से परेशानी**

## ठंड में बढ़ीं मुसाफिरों की मुश्किलें

जनसंदेश न्यूज़


कोहरे के बीच रेलवे स्टेशन पर आती ट्रेन।

**गाजीपुर।** सहालग के चलते ट्रेनों में यात्रियों की खूब भीड़ देखी जा रही है। उतरने और चढ़ने में यात्रियों को धक्का मुक्की की जद्दोजहद भी करनी पड़ रही है। इससे कहीं ज्यादा कोहरे की धुंध के बीच सुस्त हुई ट्रेनों की चाल भी परेशानी बनी है। घंटों देरी से ट्रेनें स्टेशन पर पहुंच रहीं हैं। वहीं यात्रियों को इंतजार करने की जहमत उठानी पड़ रही है।

प्रयागराज से चलकर सिटी रेलवे स्टेशन को जाने वाली 05438 डीएमयू अपने निर्धारित समय रात 11:35 से पौने छह घंटे देरी से सुबह करीब पांच बजे सिटी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इसके अलावा मुंबई-बलिया कामायनी एक्सप्रेस 4.30 घंटे, प्रयागराज-गाजीपुर सिटी पौने छह घंटे, चेन्नई-छपरा 1.20 घंटे, मुम्बई-बलिया दादर एक्सप्रेस 9.30 घंटे विलम्ब से आई। इसके अलावा नई दिल्ली-जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, लखनऊ-छपरा, छपरा-दुर्ग, बलिया-प्रयागराज, जयनगर-नई दिल्ली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस निरस्त रही।

सर्दी की वजह से यात्रियों ने ठिठुरते हुए ट्रेन का इंतजार किया। ट्रेन रुकते ही यात्रियों के चढ़ने उतरने की जद्दोजहद शुरू हो गई। इस बीच अंदर पहुंचे यात्रियों को सीट न मिलने पर खड़े होकर यात्रा करनी पड़ी। स्टेशन पर इस दौरान यात्रियों की काफी भीड़भाड़ देखने को मिली।

मौके पर आरपीएफ ने यात्रियों की सुरक्षा हेतु स्टेशन पर यात्रियों को जागरूक करते रहे कि पहली सवारी को उतरने दे उसके बाद चढ़े धक्कामुकी न करे। मालूम हो कि कोहरे और ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। रेलवे संचालन भी इससे अछूता नहीं है। कोहरे और परिचालन कारणों से ट्रेनों की समय-सारणी गड़बड़ा गई है, जिससे हजारों यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द करने और फेरों में कटौती का फैसला किया है, फिर भी देरी का सिलसिला थम नहीं रहा। ठंड के कारण रेलवे प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। कोहरे की वजह से ट्रेनों की रफ्तार धीमी कर दी गई है, जिससे समय पर संचालन प्रभावित हुआ है।

स्पेशल ट्रेनों के देर से लौटने से उनकी वापसी भी प्रभावित हो रही है। लंबी दूरी की ट्रेनें, जैसे कि मुंबई-जयनगर और नई दिल्ली-जयनगर, घने कोहरे के कारण अधिक देरी से चल रही हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, कोहरे और परिचालन के अन्य कारणों से देरी और भी बढ़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और कोहरे में और इजाफा हो सकता है। इससे ट्रेनों की समय-सारणी पर और अधिक असर पड़ने की संभावना है। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा के दौरान अतिरिक्त समय रखने और अपडेट्स के लिए रेलवे हेल्पलाइन से संपर्क करने की सलाह दी है।

# 76वें पीआरडी स्थापना दिवस पर जवान हुए सम्मानित

**गाजीपुर।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में 76 वॉ पीआरडी स्थापना दिवस समारोह पूर्वक पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में मनाया गया। जनपद के कुल 88 पीआरडी जवानों जिसमें 11 महिला पीआरडी सम्मिलित रही। परेड की सलामी परियोजना निदेशक राजेश यादव द्वारा ली गई।

सलामी से पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। अभ्यास परेड का संचालन चन्द्रकान्त यादव, अखिलेश यादव, मो. वकार खान एवं रविशंकर प्रसाद क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी द्वारा किया गया। कुल 04 टोली अभ्यास परेड में बनाई गई थी। परेड सकुशल सम्पन्न होने के उपरान्त टोली संख्या एक प्रथम, टोली संख्या 104 द्वितीय एवं टोली संख्या 02 तृतीय स्थान प्राप्त किया।

परेड सम्पन्न होने के उपरान्त रस्साकस्सी की प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें अनिल कुमार भारती की टीम विजेता एवं रामदयाल राम की टीम उपविजेता रही।

परेड में सम्मलित सभी पीआरडी जवानों को अंगवस्त्र एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं अनुशासन हेतु पीआरडी जवान क्रमशः अनिल कुमार भारती विरनो, संजय कुमार राजभर भांवरकोल एवं रेनू विश्वकर्मा सादात, को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

स्थापना दिवस परेड में पुलिस लाइन के प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक संजय कुमार, से.नि व्यायाम प्रशिक्षक चन्द्रभान सिंह, समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, कनिष्ठ सहायक श्री अमरनाथ कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। अंत में दिलीप कुमार जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को शाल एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया एवं सभी पीआरडी जवानों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आभार व्यक्त किया गया।

# उदित नारायण की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता: अलाउद्दीन


रामपुर उर्फ साधोपुर में शहीद उदित नारायण को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देते सीआरपीएफ चकियां ग्रुप कंम्पनी के सीआरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक अलाउद्दीन खान।

**रेवतीपुर।** रामपुर उर्फ साधोपुर गांव में बुधवार को सीआरपीएफ में सहायक सब इंस्पेक्टर रहे शहीद उदित नारायण उपाध्याय की 11वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान ग्रुप सेंटर चकियां के डीआईजी राकेश कुमार सिंह और सहायक कमांडेंट प्रदुम्मन सिंह की ओर से मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक अलाउद्दीन खान ने शहीद के चित्र पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इसके उपरांत मौके पर मौजूद अन्य पूर्व सैनिकों, ग्रामीणों सहित अन्य लोगों ने शहीद को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, इस दौरान शहीद के सम्मान में लोगों ने दो मिनट का मौन रखते हुए, भारत माता की जय और शहीद उदित नारायण उपाध्याय अमर रहे के गगनभेदी नारे लगाए। मुख्य अतिथि चकियां सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर से आए प्रभारी निरीक्षक अलाउद्दीन खान ने कहा कि उदित नारायण की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है, कहा कि देश की मातृ भूमि की रक्षा करते हुए उदित ने जो सर्वोच्च बलिदान दिया है, निश्चित ही ऐसे रणबाकुरों के कारण देश और देश की सीमाएं सुरक्षित है।

मालूम हो कि सीआरपीएफ में सहायक सब इंस्पेक्टर उदित नारायण उपाध्याय वर्ष 1981 में भर्ती हुए थे, जो बीते 11/12 दिसम्बर 2013 को वह अपने साथियों संग जम्मू के नौगाम बाइपास पर गस्त कर रहे थे कि आतंकियों ने घात लगाकर गस्ती दल पर हमला कर दिया, जिसमें उदित वीरगति को प्राप्त हो गये थे। मौके पर अरिहंत उपाध्याय, पूर्व कैप्टन बब्बन राम, आलोक उपाध्याय, राकेश राय लोहा, नागा पहलवान, परसुराम यादव, अर्जुन सिंह यादव, कमलेश्वर प्रसाद, रवि यादव, ओमकार दुबे, हीरारंजन उपाध्याय, वैजनाथ राय, अजित राय, श्रीकांत पांडेय आदि मौजूद रहे।

# युवाओं की सहूलियत के लिए लगी स्ट्रीट लाइट : मन्नू

**बारा।** रेवतीपुर-बारा मार्ग पर स्थित बुलाकीदास मैदान में विधायक ओमप्रकाश सिंह द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू कराया गया है। इस मैदान में गहमर एवं बारा के युवा सेना एवं पुलिस में भर्ती के लिए दौड़ लगाते हैं। विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह ने स्ट्रीट लाइट लगाए जाने के कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मन्नू सिंह ने कहा कि सेना एवं पुलिस में भर्ती होने के लिए मैदान में सुबह-शाम युवा दौड़ लगाते हैं। इस मैदान में दौड़ लगाकर ही काफी संख्या में गहमर के युवा सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रहे हैं। मैदान में प्रकाश व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम न होने के कारण युवाओं को परेशानी होती थी। युवाओं की मांग पर विधायक ओमप्रकाश सिंह ने मैदान में सबसे बड़ी स्ट्रीट लगाने का काम शुरू करा दिया है। कार्य का निरीक्षण कर जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्देश दिया गया है। मौके पर अनिल यादव, सुनील सिंह, राज चौरसिया, कामरान खां आदि उपस्थित रहे।

# सरैया गांव गोलीकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार पिस्टल बरामद

जनसंदेश न्यूज

**रेवतीपुर।** सुहवल थाना अंतर्गत सरैयां गांव में बीते 24 अक्टूबर की देर शाम को हुए गोलीकांड के मुख्य आरोपी और जिला जेल में निरुद्ध बिट्टू उर्फ जटाशंकर राय से हमले में प्रयुक्त पिस्टल की बरामदगी और पूछताछ के लिए सीजेएम कोर्ट ने पुलिस की रिमांड याचिका मंजूर कर ली।

कोर्ट के द्वारा आठ घंटे के रिमांड मंजूर होने के बाद पुलिस जिला जेल पहुंची। वहां से आरोपी को पुलिस कड़े सुरक्षा के बीच थाने लाया गया, वहां से पूछताछ के बाद गोलीकांड के मुख्य आरोपी की निशानदेही पर डुहियां गांव के एक डेरे से दक्षिण तरफ नीम के पेड़ के समीप स्थित झाड़ी में छिपाकर रखे गये हमले में प्रयुक्त .32 बोर की पिस्टल बरामद किया।

इसके बाद पुलिस ने बरामद पिस्टल और आरोपी को थाने लाकर कानूनी प्रक्रिया के पूरी करने के उपरांत उसका मेडिकल मुआयना कराने के साथ ही उसे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट के समक्ष पेश किया गया, वहा से आरोपी को जिला कारागार भेंज दिया गया।

मालूम हो कि बीते 24 अक्टूबर की देर शाम को सरैयां गांव में दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद अत्याधुनिक असलहे से लैस उक्त आरोपी बिट्टू उर्फ जटाशंकर राय अन्य लोगों के साथ धर्मेंद्र बिंद 22 को गोली मारकर घायल कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक राजू दिवाकर ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आठ घंटे की रिमांड पर मुख्य आरोपी को जिला जेल से लाया गया, उसके निशानदेही पर हमले प्रयुक्त पिस्टल बरामद किया गया है, बताया कि इस घटना में शामिल एक अन्य फरार आरोपी को भी जल्द दबोच लिया जाएगा।

# 77 जोड़ों ने एक साथ रहने की खाई कसम

**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई मैदान प्रकाशनगर में सम्पन्न हुआ। शादी समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एवं उपस्थित मंचासीन अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

सामुहिक विवाह योजना में कुल 77 जोड़ों का सामुहिक विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। सामुहिक विवाह के अवसर पर उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव विवाहित वर-वधुओं को उनके वैवाहिक जीवन की मंगल कामना करते हुए शुभकामना दी। सामुहिक विवाह में नव दाम्पत्य को विवाह प्रमाण पत्र एवं पौध रोपण हेतु आम वृक्ष का पौधा उनके हाथो में दिया गया। विवाह कार्यक्रम में मंच से ही मुख्य अतिथि ने बटन दबाकर 35 हजार रुपए की धनराशि वधुओ के खाते में हस्तान्तरित किया। मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने मुख्य मंत्री सामुहिक विवाह योजना की जानकारी देते हुए कहा कि जनपद के विभिन्न ब्लाको से चयनित 77 जोड़ो का विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ है।

इसी क्रम से पिछले 05 दिसम्बर को 166 जोड़ो का विवाह कराया गया था। जनपद मे कुल 1575 जोड़ो का लक्ष्य प्राप्त है। शेष लक्ष्य को माह जनवरी 2025 मे सम्पन्न कराया जायेगा। चाहिए।इस अवसर पर परियोजना निदेशक राजेश यादव, सुरेश राजभर, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।


प्रकाशनगर आईटीआई मैदान में विवाहित जोड़े को प्रमाण पत्र देती जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एवं सीडीओ संतोष कुमार वैश्य।

# अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर फरार

जनसंदेश न्यूज

**जमानियां।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार रात को कस्बे में अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की। मुखबिर की सूचना पर तहसील गेट के पास कार्रवाई करते हुए 260 टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब बरामद की गई। हालांकि, पुलिस को देखते ही आरोपी मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गए। पुलिस टीम, जिसमें उपनिरीक्षक अजय कुमार, कांस्टेबल नीरज अनुरागी और अभिषेक तिवारी शामिल थे, क्षेत्र में गश्त और वारंटी तलाश में जुटे थे।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तहसील गेट के पास घेराबंदी की। रात करीब 9 बजे, एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को आते देखा गया। रुकने का संकेत देने पर आरोपी मोटरसाइकिल तेज गति से भगाने लगे। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन आरोपी मोटरसाइकिल पर रखा एक थैला छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। जांच में थैले से 260 टेट्रा पैक (180 एमएल) अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

भागने वाले आरोपियों की पहचान सुनील यादव और राहुल यादव के रूप में की गई, जो अमुई गांव, थाना जमानिया के निवासी हैं। ये दोनों पहले भी मोटरसाइकिल चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं। पुलिस टीम ने बताया कि आरोपियों को उनके घर और क्षेत्र में कई बार पहचान और पूछताछ के लिए देखा गया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशेष नाथ सिंह ने बताया कि बरामद शराब के 4 टेट्रा पैक को नमूने के तौर पर सील कर लिया गया, जबकि शेष शराब को थैले में रखकर सील किया गया। आरोपियों की पहचान हो चुकी है। जल्द सुनील कुमार और राहुल यादव को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्थानीय प्रशासन ने जनता से सहयोग करने और अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

# कम धारण क्षमता के विद्यालय बने परीक्षा केंद्र

**अजब हाल**

## दुल्लहपुर स्थित जय सतगुरु जनता इंटर कॉलेज बना परीक्षा केंद्र

## बाउंड्री को दो वर्ष पूर्व राजस्व विभाग ने अतिक्रमण अभियान के तहत गिराया था

**गाजीपुर।** बोर्ड परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जारी 196 परीक्षा केंद्रों में कई गड़बड़ियों सामने आई हैं। किसी विद्यालय का परीक्षा केंद्र कई किलोमीटर दूर बनाया गया है तो, कहीं क्षमता से ज्यादा परीक्षार्थी आवंटित कर दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों में गड़बड़ी को लेकर तीन सौ आपत्तियां पड़ी थी।

इन आपत्तियों को जिला कमेटी के सामने रखते हुए निस्तारण कर परिषद को ने बोर्ड को रिपोर्ट भेजी थी। लेकिन विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से कई मानकविहीन बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाए गए है। उदाहरण के तौर पर दुल्लहपुर में संचालित जय सतगुरू देव जनता इंटर कॉलेज में एक हजार परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जबकि कॉलेज के पास पर्याप्त भवन नहीं है। विगत दो वर्ष पूर्व तत्कालीन उपजिलाधिकारी जखनियां ने हाईकोर्ट के आदेश पर गांव समाज से अतिक्रमण हटाने के अभियान के तहत कॉलेज की पूरी बाउंड्री गिरा दी थी। बावजूद विभागीय अधिकारियों ने शासनादेश का उल्लंघन कर परीक्षा केंद्र बना दिया। इसके अलावा एक ही परिसर में डिग्री कॉलेज और इंटर कॉलेज संचालित विद्यालयों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शासन की सख्ती के बावजूद एसडीएम के रिपोर्ट में काफी कमियां पाई गई है। कई ऐसे कॉलेज परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जहां इंटर और डिग्री कॉलेज एक ही परिसर में संचालित है, वहां बच्चों के निकलने के लिए रास्ता भी एक है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए 196 केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी हो चुकी है। बोर्ड के प्रस्तावित सूची से 43 परीक्षा केंद्रों को काटकर 36 नए परीक्षा केंद्र बनाए गए है। वहीं बोर्ड से बालिकाओं के निकटतम परीक्षा केंद्रों को 20 से 25 किमी दूर भेजा गया है। सूत्रों का दावा है कि अपने चहेते विद्यालयों पर मनमाफिक परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया गया है। बतादें, जिले में 1109 इंटर कांलेज संचालित है। जहां हाई स्कूल और इंटर में 1 लाख 44 हजार 379 छात्र पंजीकृत है। जिसमें वित्तविहीन 986 एडेड 96 और 27 राजकीय इंटर कॉलेज है। यूपी बोर्ड ने परीक्षा केंद्र निर्धारण की अनंतिम सूची में 203 परीक्षा केंद्र बनाया था। इसमें 102 वित्तविहीन परीक्षा केंद्र बने थे। करीब तीन सौ आपत्तियों के बाद बोर्ड ने 196 परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की है।

> बोर्ड परीक्षा केंद्र एसडीएम की जांच रिपोर्ट के आधार पर बनाई गई है। दुल्लहपुर स्थित कॉलेज के परीक्षा केंद्र को लेकर कहा कि यहां परीक्षा होती है। स्वयं जाकर देख चुका हूं। मानक के अनुरूप परीक्षा केंद्र बना है।
>
> **भाष्कर मिश्र डीआईओएस, गाजीपुर।**


# पातालगंगा सब्जी मंडी में अलाव जलवाने की मांग

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड मुख्यालय क्षेत्र के बढ़नपुरा स्तिथ पाताल गंगा में व्यापारियों ने प्रशासन से अलाव जलवाने की मांग किया है। सब्जी मंडी से सरकारी मंडी समिति युसुफपुर को प्रतिदिन डेढ़ से तीन लाख रुपए कमीशन के रुप में वसूली से आता है। इतना होने के बावजूद अस्थाई सब्जी मंडी होने से लाईट, पानी, आवास, साफ सफाई, पेयजल की तो सुविधा से यह सब्जी मंडी वंचित हैं ही। यह कहना के सरकारी मंडी समिति युसुफपुर मुहम्मदाबाद के सचिव राजेश यादव की। लेकिन इधर दो तीन दिनों में पश्चिमी हवा के चलने से ठंड काफी बढ़ गया है। व्यापारी, किसानों, आढ़तियों को काफी ठंड का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के किसानों शेख अब्दुल्ला, दिनेश राय, रमेश कुशवाहा, रमापति कुशवाहा, जावेद खान, दूधनाथ कुशवाहा, नंदलाल राजभर, जयप्रकाश, लोरिक यादव आदि ने प्रशासन से मांग किया है कि बढती ठंड को देखते हुए अविलंब पाताल गंगा में अलाव की व्यवस्था किया जाये ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके।

## जनसंपादकीय

# क्यों बढ़ा चुनावों में मतदान का प्रतिशत

**डॉ. आर.के. सिन्हा**



महाराष्ट्र और झारखंड विधान सभाओं के लिए हुए चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। अब दोनों राज्यों में नई सरकारों का गठन भी हो गया है । झारखंड और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और कुछ मंत्रियों ने शपथ भी ले ली है।

महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है: पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है।

लेकिन, प्रश्न यह उठता है कि क्या मतदान का यह प्रतिशत किसी भी मजबूत लोकतंत्र के लिये पर्याप्त है? बिल्कुल नहीं! तो फिर किया क्या जाये! देश के सभी जिम्मेदार नागरिकों को यह सोचना ही होगा कि चुनावों में मतदान को कैसे बढ़ाया जा सकता है। यह गंभीर मसला है। जैसा कि मैंने ऊपर कहा है कि महाराष्ट्र विधान सभा के लिए हुए चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है: पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। महाराष्ट्र के आंकड़ों पर इसलिए गौर किया जाता है क्योंकि राज्य में देश की सबसे बड़ी शहरी आबादी है, और ऐतिहासिक रूप से यह शहरों और कस्बों में कम मतदान के कारण औसत राष्ट्रीय मतदान से पीछे रहा है।

हालांकि, महाराष्ट्र के आंकड़े का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। उदाहरण के लिए, पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में 76.25% का उच्च मतदान दर्ज किया गया, उसके बाद गढ़चिरौली का स्थान है, जो माओवादियों की गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है , जहाँ 73.68% मतदान हुआ है, जबकि मुंबई शहर जिले में 52.07% का कम मतदान हुआ। पुणे, ठाणे और मुंबई उपनगरीय जैसे अन्य शहरी जिलों में भी इसी तरह के आंकड़े दर्ज किए गए हैं।

हालांकि, सकारात्मक पहलू यह है कि पूरे राज्य में मतदान में समग्र सुधार हुआ है। इस बदलाव का श्रेय, हालांकि अपेक्षाकृत धीमा और क्रमिक है, इसका मुख्य रूप से श्रेय भारत के वर्तमान चुनाव आयोग को जाता है। मतदान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस बार काफी सक्रिय था। इसके अभियान में, सोशल मीडिया सहित, स्थानीय हस्तियों - क्रिकेटरों से लेकर फिल्म सितारों तक को भी शामिल किया गया है, और इसमें ऊँची इमारतों और आवासीय सोसायटियों में मतदान केंद्र स्थापित करना और कतार में लगने के समय को कम करने के लिए टोकन प्रणाली शामिल है। राजनीतिक दलों के उच्च-वोल्टेज अभियानों ने भी मतदाता भागीदारी बढ़ाने में मदद की है। महाराष्ट्र में बेहतर मतदान भारतीय लोकतंत्र के लिए आश्वस्त करने वाला है।

हालांकि यह मानना होगा कि देश के शहरी इलाकों में मतदान कमोबेश कम ही रहता है। शिमला से सूरत तक शहरी मतदाता की उदासीनता लगातार बनी हुई है। यह रुझान नया नहीं है। चुनावों के पहले तीन दशकों में, शहरी मतदाताओं की भागीदारी काफी बेहतर रहती थी। 1980 के दशक से शहरी और ग्रामीण मतदान के बीच का अंतर बढ़ गया है। शहरी उदासीनता को समझना होगा। शहरी भारत का जीडीपी में 60% और करों में बहुत बड़ा हिस्सा है। पर हमारे यहां के शहरों की हालत लगातार खराब हो रही है। आजकल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर जिस तरह का हो गया है, उसने आम लोगों का जीना दूधर कर दिया है। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई है। यह तो राजधानी की हालत है। गुजरे कुछ सालों के दौरान दिल्ली, मुंबई, चैन्नई, बैंगलुरू जैसे देश के अति अहम महानगर बारिश से जलमग्न होते रहे। इनमें जिंदगी कई दिनों तक थमी रही। सड़कों पर जलभराव के कारण जाम लग गए, रेल सेवा प्रभावित हुई, घरों में पानी जाता रहा, स्कूल-कॉलेज बंद हो गए। देश के इन खासमखास शहरों की तस्वीर बहुत कुछ बयां कर गई। यह कोई पहली बार नहीं हुआ। यह स्थिति हर साल होती है, योजनाएं बनती हैं ताकि बारिश के बाद होने वाली अव्यवस्था और अराजकता की पुनरावृत्ति ना हो। पर योजनाएं फाइलों में गुम हो जाती हैं।

यह समझना होगा कि शहरी भारत, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश का लगभग सारा सेवा क्षेत्र ( सर्विस सेक्टर) शहरों में ही सिमटा है। जनगणना के आंकड़ों को माने तो देश की 31 फीसद आबादी शहरों में रहती है। हालांकि गैर-सरकारी आंकड़ें शहरी आबादी कहीं अधिक होने का दावा करते हैं। इन शहरों में रोजगार के अवसर हैं। सारे देश के नौजवानों के सपने इन्हीं शहरों में पहुंचकर साकार होते हैं। पर नीति निर्धारकों के फोकस से कहीं दूर बसते हैं शहर।

जाहिर है, इस कारण से मतदाता निराश होने लगता है अपने जनप्रतिनिधियों से। उसे लगता है कि जब उसके नेता निकम्मे होंगे तो वह वोट क्यों करे। मतदाताओं को नेता बार-बार निराश करते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों को समझना होगा कि अगर देश में मतदान केन्द्रों की तरफ फिर से मतदाताओं को बड़े पैमाने पर लाना है, तो उसकी जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है। उन्हें भी जनता से सीधा संपर्क बनाकर रखना होगा। उन्हें भी जनता के मसलों को लेकर संवेदनशील बनना होगा।

आपको याद ही होगा पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त लगभग सारे में देश सूरज देवता आग उगल रहे थे। फिर भी मतदाता मतदान करने के लिए घरों से निकल रहे थे। मतदान वाले दिन कई जगहों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर था। लू भी चल रही है। इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात नहीं थी। इतने खराब मौसम में भी देश के लाखों-करोड़ों मतदाता घरों से निकलकर वोट तो दे ही रहे थे । यह सुखद भी है और हमारे मजबूत लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत भी है। आखिर देश के जनमानस को पता है कि उनके वोट से ही देश की तकदीर लिखी जाएगी। इसलिए ही लोग वोट देकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का भरपूर इस्तेमाल करते हैं।

पहले से ही सक्रिय, चुनाव आयोग को अधिक से अधिक मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए, मतदान केंद्रों को अधिक सुलभ और आकर्षक बनाना होगा। इसमें पर्याप्त पार्किंग और आरामदायक प्रतीक्षा क्षेत्र जैसे सुधार शामिल हो सकते हैं। दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर में ही वोट देने की सुविधा दी जा सकती है। फिलहाल तो दिव्यांग जनों को मतदान केन्द्रों में काफी कष्ट होता है। इस तरफ गंभीरता से सोचना होगा। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि पंचायत, नगरपालिका, विधान सभा और लोकसभा चुनावों में मतदान को बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है। इस दिशा में कई स्तरों पर काम करना जरूरी है।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# अर्थव्यवस्था में सुस्ती क्यों है

**समय-संदर्भ**

**आतिफ रब्बानी**



वर्तमान समय में तमाम विकसित अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती के दौर से गुजर रही हैं। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर जारी रपटें बताती हैं कि वैश्विक आर्थिक क्षितिज पर मंदी के बादल मंडरा रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्य-पूर्व में अशान्ति ने वैश्विक आर्थिक गतिविधियों और वित्तीय स्थिरता को धक्का पहुंचाया है। आईएमएफ ने वैश्विक आर्थिक संवृद्धि को स्थिर लेकिन निराशाजनक बताया है।

ऐसे माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था आशाजनक दौर से गुजर रही है। कोविड महामारी के बाद के तीन वर्षों में लगातार आर्थिक वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2023-24 में तो यह दर 8.2 प्रतिशत तक जा पहुंची थी। मौजूदा वित्त-वर्ष की पहली तिमाही में भी यह दर 7.2 प्रतिशत थी। अनुमान था कि पूरे वर्ष के लिए यह दर 7 प्रतिशत के थोड़ा ऊपर ठहरेगी। लेकिन गत शुक्रवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों ने चौंका दिया। इस तिमाही जीडीपी ने 5.4 फीसदी की वृद्धि दर प्राप्त किया। यह पिछली सात तिमाहियों का सबसे निम्नतम स्तर है। जारी आंकड़ों ने विशेषज्ञों को अपने अनुमान पर फिर से विचार करने के लिए बाध्य कर दिया। अनुमान था कि इस तिमाही में वृद्धि दर में थोड़ी कमी जरूर आएगी, लेकिन इतनी कमी अप्रत्याशित थी।

अर्थव्यवस्था की रफ़्तार पकड़ती गाड़ी में झटके लगने का सबसे बड़ा कारण है कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का कमजोर पड़ना। आंकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में विनिर्माण की वृद्धि दर 2.2 प्रतिशत पर ठहर गई। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में इस क्षेत्र में 14.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। खनन और उत्खनन क्षेत्र में कमी दर्ज की गई जो कि ऋणात्मक 0.1 प्रतिशत रही, जबकि पिछले वर्ष के लिए यह आंकड़ा 11.1 प्रतिशत का था। लगभग ऐसा ही हाल कृषि क्षेत्र का भी रहा। कृषि में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछली चार तिमाहियों में सबसे न्यूनतम स्तर है। वहीं वित्तीय सेवाओं, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं का प्रदर्शन तुलनात्मक रूप से बेहतर रहा। ज्यादा बेहतर प्रदर्शन लोक प्रशासन, रक्षा और दूसरी सेवाओं में रहा, इस सेक्टर में 9.2 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में इस क्षेत्र ने 7.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की थी।

अर्थव्यवस्था में इस वक़्ती सुस्ती के पीछे दो बड़े कारण है। पहला शहरी क्षेत्र में खपत का कमजोर पड़ना, और दूसरा सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में नरमी आना। खपत या मांग अर्थव्यवस्था के पहिये को गति देता है। जब खपत होती है तो उत्पादन होता है। उत्पादन बढ़ने से रोजगार बढ़ता है और नतीजे में आय बढ़ती है। खपत या मांग, उत्पादन, रोजगार और आय झ सब एकदूसरे पर निर्भर हैं। इधर कई तिमाहियों से खपत में नरमी देखी गई थी। पिछले दिनों नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने कहा था कि शहरी इलाकों में रहने वाले मध्यवर्ग ने अपने खर्चों में कटौती की है। वहीं बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति ने भी उपभोक्ता खर्च पर असर डाला है। खुदरा खाद्य मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 10.87 के ऊंचे स्तर तक पहुंच गई, जिससे उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति कमजोर हो गई। गौरतलब है कि देश के जीडीपी में लगभग 60 प्रतिशत का योगदान निजी खपत से आता है। इसलिए खपत में कमी के नतीजे में जीडीपी कि रफ़्तार सुस्त पड़ गई ।

पहली तिमाही में आम चुनाव थे तो जाहिर है कि इस तिमाही में सरकार ने पूंजीगत व्यय व अन्य खर्चों से हाथ रोके। जिसका असर दूसरी तिमाही पर जाहिर हुआ झ सरकार के कुल कैपिटल एक्पेंडीचर में 15.4 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई। अर्थव्यवस्था की रफ़्तार में वक़्ती कमी या बढ़ोत्तरी होना सामान्य है। थोड़ा-बहुत उतार-चढ़ाव होता रहता है। अगर गिरावट लगातार बनी रही तो चिंताजनक होता है। भारतीय अर्थव्यवस्था विस्तार लेने की स्थिति में है। पिछले तीन वर्षों में 8 प्रतिशत वृद्धि दर का रास्ता तय किया गया।

विनिर्माण ने झटका दिया तो वहीं से वृद्धि की उम्मीदें भी हैं। इसके दो कारण हैं। पहला, तमाम रेटिंग एजेंसियाँ इस आशाजनक माहौल की गवाही दे रही हैं। एस एण्ड पी ग्लोबल के अनुसार भारत का परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स पिछले चार महीनों से 56 से 60 के बीच बना हुआ है। 50 से ऊपर का इंडेक्स बताता है कि विनिर्माण के क्षेत्र में आशा का माहौल है। दूसरे यह कि, पहली तिमाही में वृद्धि दर का स्तर ऊँचा था। विनिर्माण में सुस्ती की एक वजह बेस इफेक्ट यानी आधार प्रभाव भी है। अब जब आधार कम हो गया है तो इसमें वृद्धि की संभावना अधिक बढ़ गई है। मैथिलीशरण गुप्त ने कहा है, है किंतु आशा भी कि होगी दीप्त फिर प्राची दिशा। आशा उधर ही है जिधर से नैराश्य की झलक दिखी है। विनिर्माण सेक्टर अगली तिमाही में फिर से अपनी रफ़्तार पकड़ेगा।

गौरतलब है कि इस साल मॉनसूनी बारिश अच्छी हुई है। खरीफ फसल की बुआई पिछले साल की तुलना में 14.10 प्रतिशत बढ़ी है। इसलिए अगली दो तिमाहियों में कृषि क्षेत्र की संवृद्धि अच्छी रह सकती है। वहीं फसल अच्छी होने पर खाद्य कीमतों पर दबाव कम होगा और मुद्रास्फीति में कमी की आशा है। क्रय शक्ति बढ़ेगी और मांग में इजाफा होगा। कृषि क्षेत्र रिकवरी की राह पर बढ़ेगा।

सरकार की आकांक्षा है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। इसके लिए मुल्क को उच्च आय वाला देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह तभी मुमकिन होगा जब 8 प्रतिशत की औसत से जीडीपी वृद्धि हासिल करे। इसके लिए अर्थव्यवस्था में निवेश दरकार है। सरकार को पूँजीगत व्यय बढ़ाना होगा साथ ही निजी पूँजी निवेश को भी बढ़ावा देना होगा।

आगामी वर्ष में वैश्विक वातावरण अनिश्चित रहने की संभावना है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार टैरिफ नीतियाँ लेकर आएगी जिससे वाह्य सेक्टर का प्रभावित होगा। रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्य-पूर्व में अशान्ति से आर्थिक अनिश्चिता बनी रहेगी। इसलिए जरूरी है कि सरकार सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए घरेलू मांग को मजबूत बनाए और निवेश के वातावरण को सुगम बनाए। मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी छमाही काफी आशाजनक है। सरकार मजबूत इरादों के साथ अर्थव्यवस्था के सभी हितधारकों को साथ लेकर चले।

### कुछ न करना भी मगर इक काम है

'एल डॉलचे फार निएनते' इतालवी भाषा का एक प्रसिद्ध कथन है। इसका मतलब होता है झ कुछ न करने का सुखद-आनंद। जाहिर है कुछ न करने में जो मजा है वह किसी चीज में नहीं! खाली बैठे रहने की मौज का कोई मुकाबला नहीं! हम भारतीय–खास तौर पर उत्तर-भारतीय–कुछ भी न करने को अपनी शान समझते हैं। मलूकदास ने, अपने मशहूर दोहे से, कुछ न करने की प्रवृति को दार्शनिक तर्क दिया। वहीं, राहत इंदौरी कुछ न करके भी गजब ढाते हैंझकाम सब गैर-जरूरी हैं जो सब करते हैं/ और हम कुछ नहीं करते हैं गजब करते हैं।

काम न करने से जीवन समाप्त नहीं हो जाता। लेकिन इतना तो जरूर है कि कार्य की अधिकता इंसान को परेशानी में डाल सकती है। कई गंभीर शारीरिक और मानसिक बीमारियां गले पड़ सकती हैं। यहां तक कि इंसान मौत के मुंह में समा सकता है। जापान के लोग बहुत कर्त्तव्यनिष्ठ होते हैं। अत्यधिक काम करने के लती। जिन्हें पूंजीवादी शब्दावली में ह्यवर्कहालिकह्ण कहा जाता है। कई बार काम के बोझ और इससे उपजी जटिलताओं के कारण ह्यवर्कहालिकह्ण असमय काल के ग्रास में समा जाते हैं। जापानी भाषा में इसको ह्यकरौशीह्ण कहते है। करौशी जापान की सामाजिक समस्या बन गई है। अब यह एक वबा की शक्ल अख्तियार कर रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डबल्यू.एच.ओ.) और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आई.एल.ओ.) के एक संयुक्त अध्ययन में पाया गया कि विश्व की 9 प्रतिशत आबादी, काम के बोझ की वजह से, करौशी की जद में आ सकती है। हफ़्ते में 55 घंटे से अधिक काम करने का नतीजा गंभीर हो सकता है झ करौशी को आमंत्रण देने जैसा।

बीते जुलाई माह में अकाउंटिंग कन्सल्टैनसी कंपनी अर्न्स्ट एंड यंग इंडिया में कार्यरत एक महिला चार्टेड अकाउन्टैंट की असामयिक मृत्यु हो गई। अकाउन्टैंट की अचानक मौत के बाद उनकी मां ने कंपनी को एक खुला पत्र लिखा था और वर्क लोड का आरोप लगाया था। पत्र में कंपनी के वर्क कल्चर की आलोचना की थी और कहा था कि उनकी बेटी पर काम का बोझ इस हद तक था कि उसे सोने के लिए भी मुश्किल से समय मिलता था। वह देर रात तक काम करती थी। वीकेंड में भी 'लॉग-इन' करती थी, उसे अतिरिक्त कार्य सौंपे जाते थे।

कभी-कभी समस्याओं में कुछ न करना भी समाधान होता है! अर्थमिति (इकोनॉमिट्रिक्स) का विद्यार्थी इससे भली-भांति परिचित होता है। बहुप्रतिगमन विश्लेषण (मल्टीपल रिग्रेशन एनालिसिस) में बहुसंरेखता (मल्टीकोलिनरिटी) की समस्या आती है, जिसके समाधान के लिए अर्थमितिज्ञ सुझाते हैं। 'डू नथिंग' यानी कुछ मत करिए!

नादान लोग कुछ न करने को निकम्मेपन का समानार्थी करार देते हैं। निकम्मापन आंतरिक और वाह्य वातारण पर निर्भर करता है। निकम्मापन किसी क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। चचा गालिब तो निकम्मेपन को इश्क का हासिल बताते हैं। इश्क ने गालिब निकम्मा कर दिया/वर्ना हम भी आदमी थे काम के।

वहीं, कुछ न करना इंसान के अंदर की आवाज है। निकम्मापन बेफैज हुआ करता है, जबकि कुछ न करना बहुत कुछ कर जाता है। टेलीविश्ज्न पर कैडबरी चॉकलेट का एक विज्ञापन आता है। ऐड्वर्ट यूँ होता यह है झ एक बूढ़ी औरत एक बालकनी के नीचे सीट पर बैठी है। पास में लड़का खड़ा है। उसको छड़ी गिर का दूर चली जाती है। बूढ़ी लड़के से छड़ी उठाने को कहती है। लड़का उठाने को सखर लेता है लेकिन वह चॉकलेट खाने में मसरूफ रहता है, छड़ी नहीं उठाता। तब बूढ़ी मजबूर होकर छड़ी उठाने खुद उठती है। इतने में ऊपर से बालकनी टूट कर गिर जाती। बुढ़िया कहती है। 'थैंक यू बेटा! अच्छा हुआ तू ने कुछ नहीं किया'। सोचिए, अगर लड़का कुछ करता तो यकीनन बूढ़ी के लिए मुज़िर होता, जानलेवा साबित होता। बकौल अकबर इलाहाबादीझगफलत की हँसी से आह भरना अच्छा/अफआले-मुज़िर से कुछ न करना अच्छा।

बजाहिर कुछ न करने वाला भी बड़ा काम अंजाम दे देता है। फ्रेडरिक ऑगस्ट केकुले, कुछ न करके, सो रहे थे। भरी नींद में सपना आया और बेंजीन संरचना की खोज कर डाली! न्यूटन भी कुछ न करके बस बाग में आराम फरमा रहे थे, सर पर सेब गिरा और दुनिया गुरुत्वाकर्षण के नियम से परिचित हुई। काम की आपाधापी के बीच अपने लिए समय निकालना अंततः आपकी कार्य क्षमता को ही बढ़ाती है।

प्रसिद्ध लेखक और प्रौद्योगिकी पूवार्नुमानकर्ता एलेक्स सूजंग-किम पैंग की एक दिलचस्प किताब है 'रेस्ट : व्हाई यू गेट मोर डन व्हेन यू वर्क लेस'। इस पुस्तक में पैंग कहते हैं कि आराम करने और अपने लिए समय निकालना उत्पादकता और रचनात्मकता के लिए अतिआवश्यक है। उनका कहना है कि व्यक्ति को 'डिलिबरेट रेस्ट' यानी जानबूझकर आराम या जानबूझकर 'कुछ न करने के लिए' समय निकालना चाहिए।

काम के बोझ के तले दबे रहकर, देर तक लगातार कई-कई घंटे काम करने से व्यक्ति शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक रूप से टूट जाता है। अपने आपको कुछ समय के खाली छोड़ देना, कुछ न करना और सिर्फ आराम करना आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। अमेरिकन जर्नल ऑफ एपिडीमीआलजी में प्रकाशित एलैन ईकर के बीस वर्ष के दीर्घकालीन शोध के अनुसार ऐसे लोग जो नियमित तौर पर आराम करते और सालाना छुट्टियाँ लेते हैं उनके हृदय की सेहत बेहतर होती है, वे बेहतर जिंदगी गुजारते है बनिस्बत उनके जो खुद को दफ़्तर में व्यस्त रखते हैं। छुट्टियाँ और विश्राम नए विचारों के लिए एक इनक्यूबेटर भी हो सकते हैं।

तो भाई! किस्सा कोताह यह कि थोड़े समय के लिए कुछ न करना और अपने आप को समय देना भी एक कला है। इस्माइल मेरठी ने कहा ही है। कुछ न करना भी मगर इक काम है/गर नहीं सोहबत तो उज्लत ही सही।

**(असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र, भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ़्फ़रपुर, संपर्क 9470425851)**

# अब सीरिया में भी तालिबानी हिंसा का राज

**प्रसंगवश**

**आचार्य श्रीहरि**



एक और मुस्लिम देश सीरिया में तालिबानी संस्कृति स्थापित हो गयी, राज सिंहासन पर बैठ गयी और अब राज करेगी, जनता पर अपनी हिंसा बरसायेगी। जिस तरह की घटनाएं अफगानिस्तान में हुई थी और जिस तरह से तालिबान ने सत्ता पर अधिकार किया था और वहां का शासक जान बचाकर भागा था, ठीक इसी प्रकार की घटनाएं सीरिया में घटी है। सीरिया क राजा और शासक बशर अल असद अपनी सत्ता छोड़कर भाग गये हैं और अपने शासन के सहयोगियों और सहयोगी देशों की सेनाओं को भी लवारिश छोड गये। अब बशर अल असद के पक्ष में लडने वाली सेनाओं का क्या होगा, काफी संख्या मे ऐसे लडाके थे जो भाडे के थे जो पैसों के लिए बशर अल असद की सत्ता को सुरक्षित करने के लिए युद्ध में शामिल थे। बशर अल असद की विरोधी सेना सीरिया की राजधानी दमिश्क पहुंच गयी है और दमिशक पर पूर्ण वर्चस्व कायम कर लिया है। टेलीविजन और रेडियों पर इनका अधिकार हो गया है। टेलीविजन और रेडियो पर दिये गये संदेश में विद्रोहियों ने कहा है कि हमनें आधी सदी से भी अधिक की तानाशाही और राजशाही का अंत कर दिया है, अब सीरिया आजाद है, सीरिया के लोग आजाद है,जिसने भी हमारा शासन अस्वीकार करेगा उसे कठोर और सबककारी दंड दिया जायेगा, हम बेवहज हिंसा नहीं करेगे पर विरोध करने वालों को सबक जरूर सिखायेंगे। टेलीजिवन और रेडियो पर अधिकार का अर्थ यह होता है कि उनका सत्ता पर भी इनका कब्जा हो गया और विरोध की आवाजें उनके पैरों से कुचली जायेंगी।

पूरे सीरिया का हाल क्या है? यह किसी को पता नहीं है। पर सीरिया की राजधानी दमिश्क पर दुनिया की नजर लगी हुई है और दमिश्क में घटने वाली पल-पल की घटनाओं पर नजर रखी जा रही है। यह कहना सही होगा कि दमिश्क में स्थिति बहुत ही हिंसक है और डर-भय का वातावरण कायम है, सन्नाटा पसरा हुआ है। अचानक हुई ऐसी घटनाएं लोगो को सावधान भी नहीं कर पायी, पहले से कोई ऐसी आशंका थी नहीं, सभी कुछ सामान्य था, असद की सरकार पर आंच आती दिख नहीं रही थी। इसलिए आम लोग सचेत भी नहीं थे। जरूरी चीजों का संग्रह भी नहीं कर पाये। जीवन की जरूरी चीजों की ऐसी ही परिस्थितियों में किल्लत होती है। दमिश्क में भी जीवन की जरूरी चीजों की बहुत ही किल्लत है। बैंकों पर ताला लटका हुआ है। एटीम मशीनें बद पडी हुई हैं। इस कारण एटीएम मशीनों से पैसा नहीं निकाला जा सकता है। एटीएम मशीनों से पैसा नहीं निकलेगा तो फिर आम आदमी की परेशानी कितनी दुरूह और हानि वाली होगी, इसकी कल्पना की जा सकती है। जब तक स्थितियां सामान्य नहीं होगी तब तक विदेशी सहायताएं भी नहीं चलने वाली हैं, विदेशी सहायताएं सीरिया पहुंचते-पहुंचते सप्ताहों लग जायेंगें? इस दौरान सीरिया की जनता बेमौत भी मर सकती है। सीरिया में विद्रोही गुटो ने कब्जा तो जरूर कर लिया पर विद्रोही गुटों के पास आम जनता की परेशानियों को दूर करने और उन्हें राजकता में फलने-फूलने का अवसर देने का कोई जादूई छड़ी भी नहीं है।

अचानक ऐसी परिस्थितियां बनी क्यों? बलशाली बशर अल असद का अचानक पतन हो जायेगा, बशर खुद देश छोड़कर भाग जायेंगे? इसकी उम्मीद विद्राही गुटों को भी नहीं थी। दुनिया की कूटनीति खुद इस विषय को लेकर हैरान और परेशान हैं। यर्थाथ खोजने की माथा मच्ची जारी है। आखिर ऐसा क्या हुआ जो सहयोगी देशों की सेनाएं मुंह देखती रह गयी और उनकी सभी नीतियां धरी की धरी रह गयीं। उपरी तौर पर कारण यूक्रेन युद्ध में पुतिन की कमजोरी मानी जा रही है। कई सालों तक रक्तपात करने के बावजूद पुतिन यूक्रेन को पराजित नहीं कर पाये। यूक्रेन में पुतिन का उलझा रहना ही बशर के पराजय का कारण बना। पर एक अन्य कारण भी है। जो बाइडन के पराजय के साथ ही साथ दुनिया में यह संदेश गया था कि सीरिया, ईरान, इस्त्राइल, फिलिस्तीन और यूक्रेन में अनहोनी की घटनाएं घट सकती हैं, उथल-पुथल हो सकता है और आश्चर्यजनक घटनाएं घट सकती है जो दुनिया की शांति और स्थिरता के लिए खतरा बन सकती है। इसके पीछे डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियां थी। डोनाल्ड ट्रम्प अपने घून के मालिक हैं और वे अपने एजेंडे से पीछे हटने वालों में से नहीं रहे हैं। विरोधी गुटों को जो जोश मिला और हथियार मिला उसके पीछे डोनाल्ड ट्रम्प की ही नीतियां मानी जा रही है। सीआईए बशर की सरकार के पीछे पडी हुई थी और डोनाल्ड ट्रम्प अपने पहले शासन के दौरान भी बशर को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। खासकर सीरिया में रूस का हस्तक्षेप और वर्चस्व अमेरिका के लिए स्वीकार नहीं था और उसकी वैश्विक शक्ति के खिलाफ भी था।

रूस के नेतृत्व वाले सहयोगियों की हार मानी जानी चाहिए। दुनिया की कूटनीति में यह बात फैली हुई है कि यह पुतिन की हार है। रूस के विदेश विभाग ने भी माना कि सीरिया मे बशर अल असद का ऐरा समाप्त हो चुका है और अब वहां बशर की वापसी संभव नहीं है, सीरिया में विरोधी सेनाओं का कब्जा हो चुका है। रूस के नेतृत्व वाले सहयोगी देशों में कौन-कौन थे? रूस के साथ ईरान, चीन और उत्तर कोरिया आदि थे। लेकिन रूस की भूमिका अग्रणी थी। अन्य देश प्रतीकात्मक रूप से ही युद्ध में शामिल थे। यह कहना सही होगा कि रूस के कारण ही बशर इतने सालों तक विद्रोहियां की शाक्ति और आक्रमण का सामना करते रहे थे और उन्हें पराजित भी करते रहे थे। बशर में अपनी शक्ति थी भी नहीं। बशर के पास तेल और गैद पदार्थो का खजाना भी था, जिसमें रूस की हिस्सेदारी थी। रूस इसी खजाने के लिए बशर का साथी बना था। सीरिया में रूस की सेना का बैस भी था और विद्रोहियों पर रूसी विमान कहर बन कर टूटते थे। रूसी विमानों की हिंसा को लेकर रूस और तुर्की के बीच विवाद भी बढा था। जानना यह भी जरूरी है कि तुर्की सीरिया का पडोसी देश है। तुर्की की नाराजगी इस बात को लेकर है कि सीरिया की लडाई में उसकी परेशानी बढी है, उसके उपर अचानक दबाव बढा है, बोझ बढा है। सीरिया की एक बडी आबादी शरणार्थी बन कर तुर्की में प्रवेश कर गयी। तुर्की को शरणार्थियों के दबाव और बोझ को सहन करने में मुश्किलों का सामना करना पड रहा है। ऐसे सीरिया के शरणार्थियों की बोझ से यूरोपीय देश भी कम परेशान नहीं है।


> **रूस के नेतृत्व वाले सहयोगियों की हार मानी जानी चाहिए। दुनिया की कूटनीति में यह बात फैली हुई है कि यह पुतिन की हार है। रूस के विदेश विभाग ने भी माना कि सीरिया मे बशर अल असद का ऐरा समाप्त हो चुका है और अब वहां बशर की वापसी संभव नहीं है, सीरिया में विरोधी सेनाओं का कब्जा हो चुका है। रूस के नेतृत्व वाले सहयोगी देशों में कौन-कौन थे? रूस के साथ ईरान, चीन और उत्तर कोरिया आदि थे। लेकिन रूस की भूमिका अग्रणी थी। अन्य देश प्रतीकात्मक रूप से ही युद्ध में शामिल थे। यह कहना सही होगा कि रूस के कारण ही बशर इतने सालों तक विद्रोहियां की शाक्ति और आक्रमण का सामना करते रहे थे और उन्हें पराजित भी करते रहे थे। बशर में अपनी शक्ति थी भी नहीं। बशर के पास तेल और गैद पदार्थो का खजाना भी था, जिसमें रूस की हिस्सेदारी थी। रूस इसी खजाने के लिए बशर का साथी बना था। सीरिया में रूस की सेना का बैस भी था और विद्रोहियों पर रूसी विमान कहर बन कर टूटते थे।**

सीरिया का भविष्य क्या है? सीरिया का भविष्य बहुत ही अंधकारमय है। बशर अल असद उदारवाद का सहचर था और बहुत ज्यादा क्रूर शासक भी नहीं था। पर वह शिया था। शिया आबादी सीरिया में अल्पसंख्यक मानी जाती है, सीरिया में बहुसंख्यक आबादी सुन्नी थी। सुन्नी आबादी पर शिया शासक राज करता था। सुन्नी आबादी इसीलिए बशर के खिलाफ हिंसक थी और कहती थी कि सुन्नियो के खिलाफ हिंसा हुई है, भेदभाव हुआ है और अस्तित्व मिटाने के लिए अभियान चला है। अब सीरिया में शिया आबादी के खिलाफ हिंसक अभियान चलेगा, शिया आबादी आज न कल हिंसा के रास्ते पर चलने वाली ही हैं, क्योंकि वे सुन्नियों का वर्चस्व बहुत दिनों तक झेल नहीं पायेंगी। कहने का अर्थ यह है कि सीरिया में सुन्नियो और शियों के बीच गृह यु;द्ध होगा, अराजकता होगी और हिंसा पसरेगा। सीरिया भी अफगानिस्तान और लेबनान की तरह अराजकता और राजनीतिक भंवर में फंसा रहेगा। विद्रोही गुटों का जो शासन होगा वह शासन किसी भी परिस्थिति में धर्मनिरपेक्ष नहीं होगा। क्योंकि विद्रोही गुटों के नेता भी घोर कट्टरपंथी और इस्लाम के शासन के सहचर है। कहने का अर्थ यह है कि सीरिया में तालिबान की तरह ही मजहबी हिंसक राज स्थापित होने वाला है। जब इस्लामिक राज स्थापित होगा तब महिलाओं पर हिंसा बरसेगी, महिला शिक्षा पर चाकू चलेगा और भूख-बेकारी बढेगी। सीरिया के रूप में दुनिया एक और विफल, हिंसक, और गृहयुद्ध से दग्ध राज की चुनौती का सामना करेगी।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 9315206123)**

## व्यंग्य

# खुदाई ही खुदाई



**राजशेखर चौबे**

इस रियासत के शहजादे को उखाड़ने का शौक बचपन से है । वह हैंडपंप उखाड़ने की ख्वाहिश रखता था परंतु उसे पौधों से ही संतोष करना पड़ता था । वह क्रिकेट खेलते समय स्टंप को बॉल से नहीं हाथ से उखाड़ देता था । अब शहजादा सुल्तान बन गया है लेकिन उखाड़ने का शौक अभी भी कायम है । आजकल वह गड़े मुर्दे उखाड़ने में लगा हुआ है। उखाड़ने के लिए खोदना जरूरी है अतः खुदाई चालू है। वजीर ने सुल्तान को कई बार समझाया कि खुदा की खुदाई से डरो और बेमतलब की खुदाई मत करो लेकिन सुल्तान जिद्दी है । वह किसी की बात नहीं सुनता सिवाय एक रईस दोस्त के। इनकी दोस्ती की मिसाल दी जाती है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं । प्रजा में असंतोष व्याप्त है । सुल्तान और वजीर चिंतामग्न हैं । वजीर - हुजूर महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार पेपर लीक से प्रजा त्रस्त है ।-उन्हें बुलेट बस का सपना दिखा दो ।-उसे देखकर प्रजा और भी भड़क जाती है । - विकसित राज्य का सपना , पड़ोसियों से विवाद , आपसी विवाद कोई न कोई उपाय तो होगा। - हुजूर ये सभी उपाय पुराने हो गए हैं । - खैर मैं ही कुछ करता हूँ।

राज्य की राजधानी में एक ऐतिहासिक उपासना स्थल है जिसकी काफी मान्यता है । सुल्तान ने वजीर को समझाया कि इस ऐतिहासिक धरोहर के नीचे दूध की नदी है और जैसे ही खुदाई होगी हमारे राज्य में दूध की नदी बहने लगेगी। हमारे नौनिहालों और बुजुर्गों को दूध दही घी मक्खन आदि की कोई कमी नहीं होगी। वजीर ने यही बात मीडिया को और मीडिया ने प्रजा को समझा दी। लिहाजा खुदाई होनी ही थी और इसे खुदा भी रोक नहीं सकते थे। पूरे ताम झाम के साथ खुदाई प्रारंभ हुई। खुदाई में दूध दही तो नहीं मांस के लोथड़े और हड्डियां जरूर मिली । दूध की नदी की आस लगाए मजदूर खुदाई करते रहे लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। एक उत्साही मजदूर गड्ढे में उतरकर पूरे जोश से खुदाई कर रहा था । अचानक उसे एक नदी दिखी परंतु इस नदी की धारा दूध या पानी जैसी सफेद नहीं थी । इस नदी की धारा लाल थी । उसे लगा टोमैटो कैचप की नदी मिल गई है। उसने जोश में साथियों को आवाज लगाई । उस लाल द्रव को परीक्षण के लिए भेजा गया। परीक्षण के बाद पता चला कि यह लाल द्रव टोमैटो कैचप नहीं बल्कि इंसानी खून है। सुल्तान ने इसके लिए अपने विरोधियों को दोषी करार दिया। उपासना स्थल के उपासक भी आक्रोशित हो गए। पूरे राज्य में दंगा होने लगा । कई निर्दोष नागरिक मारे गए । राज्य में खून की नदी बहने लगी । सुल्तान ने चुन चुन कर विरोधियों को जेल में डाल दिया । अब सुल्तान की गद्दी सुरक्षित हो गई थी ।

शाम का समय है सुल्तान और वजीर साथ में बैठकर मुजरा देख रहे हैं। वजीर- आपने भी नहीं सोचा होगा कि खुदाई के बाद खून की नदी मिलेगी अन्यथा आप खुदाई नहीं करवाते। कितना खून खराबा हुआ । -मुझे मालूम था । - क्या ! - यही कि वहां खुदाई में खून की नदी मिलेगी !!-( आश्चर्य से ) फिर आपने ऐसा क्यों किया ? - कहा गया है कि दिल का रास्ता पेट से होकर जाता है वैसे ही राजगद्दी का रास्ता खून से होकर जाता है।

वजीर - जहाँपनाह,
तुस्सी ग्रेट हो ।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

# काली पट्टी बांधकर विद्युत कर्मियों ने किया निजीकरण का विरोध


काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते विद्युत कर्मचारी।

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघ समिति उ.प्र. के तत्वावधान में जिला संयोजक प्रभुनारायण पाण्डेय प्रेमी के नेतृत्व में विद्युत के निजीकरण के विरोध में सिधारी हाइडिल में विद्युत कर्मियों ने कार्यालय अवधि तक विरोध स्वरूप अपनी बांहों पर काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए विरोध दर्ज किया। जिला संयोजक ने कहा कि पूरे प्रदेश में यह विरोध किया जा रहा है। हड़ताल के दौरान विद्युत मंत्री ने समझौता किया था लेकिन आज तक लागू नहीं किया गया।

ऊपर से संविदा विद्युतकर्मियों को निकाल दिया गया। हम कटने मरने और लाठी खाने के लिए तैयार है जरूरत पड़ी तो सड़को पर भी उतरेंगे जब तक कि सरकार विद्युत निजीकरण को वापस नहीं कर लेती। इस दौरान अभिषेक श्रीवास्तव, छेदी, राहुल सिंह, काशीनाथ गुप्ता, रोशन यादव, धीरज कुमार यादव, धर्मराज यादव, दुरभाष प्रजापति, मुकेश यादव आदि मौजूद रहे।

## ओटीएस के प्रचार में लगी विद्युत विभाग की टीम

**फूलपुर (आजमगढ़)।** एसडीओ विद्युत के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम द्वारा उपभोक्ताओं को ओटीएस के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए टीम पोस्टर और बैनर के साथ उपभोक्ताओं तक पहुंच रही है। एसडीओ भूप सिंह, अवर अभियंता मनीष कुमार ने क्षेत्र के अमरेथू, भीमलपट्टी, बनबीरपुर, गहजी, भैरुपुर आदि गांवों में एकमुश्त समाधान योजना की जानकारी ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों को दी। साथ ही एक मुश्त समाधान योजना से संबंधित पोस्टर लगाया गया। उपभोक्ताओं को बताया गया कि सरकार द्वारा यह योजना लागू की गई है। इस योजना में पंजीकरण कराने पर ब्याज में छूट मिलेगी। उपभोक्ता सितंबर माह तक के बकाया का केवल 30 प्रतिशत भुगतान करके रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। शेष धनराशि को आसान किस्तों में जमा करने की सहूलियत मिल जाएगी। एकमुश्त जमा करने पर ब्याज में ज्यादा छूट मिलेगी। यह योजना 15 दिसंबर से 31 जनवरी 2025 तक रहेगी। अवर अभियंता फूलपुर मनीष कुमार ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता अपने निकटम एसडीओ आफिस, कलेक्शन सेंटर, जनसेवा केंद्र, सीएससी आदि पर संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। उपभोक्ता योजना का लाभ लेने के लिए विद्युत मीटर रीडर से भी संपर्क कर सकते हैं या फिर विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# नोट दोगुना करने का झांसा देने के सभी आरोपित दोषमुक्त

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जाली नोट के जरिए लोगों नोट दोगुना करने का झांसा देने के 22 साल पुराने मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने पर्याप्त सबूत के अभाव में छह आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 3 जैनेंद्र कुमार पांडेय ने सुनाया। अभियोजन पक्ष के एसओजी के उपनिरीक्षक जगदंबा प्रसाद द्विवेदी 14 अगस्त 2002 दीवानी कचहरी गेट पर कुछ अपराधियों की तलाश में थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि ठगों का एक गिरोह भोली भाली जनता को नोट दोगुना करने का झांसा देकर ठग रहा है। इस सूचना पर सब इंस्पेक्टर जगदंबा प्रसाद द्विवेदी तथा सब इंस्पेक्टर क्राइम रमेश यादव अपने हमराही सिपाहियों के साथ रोडवेज के उत्तरी गेट पर लगभग पौने दो बजे इंद्रदेव राम निवासी मिश्रपुर, जहांगीर आलम निवासी भीमाकोल थाना महाराजगंज, राजपति राम निवासी नोनावर, सियाराम निवासी पिपरिया थाना कप्तानगंज, विनोद मद्धेशिया व उमेश चंद निवासी कंधरपुर को जाली नोटों के साथ गिरफ्तार किया। इस मामले में जांच पूरी करने के बाद पुलिस ने नवंबर 2002 में चार्जशीट न्यायालय में दाखिल किया। सत्र परीक्षण होने के कारण 23 नवंबर 2002 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने यह मुकदमा सत्र न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा 21 जुलाई 2003 को मुकदमे में आरोप तय किया गया। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे में उपनिरीक्षक रमेश यादव, रिटायर्ड इंस्पेक्टर जगदंबा प्रसाद द्विवेदी तथा बैंककर्मी हरी लाल यादव को बतौर साक्षी न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने पर्याप्त सुबूत के अभाव में सभी आरोपितों दोषमुक्त कर दिया। आरोपियों की तरफ से चंद्रदीप यति एडवोकेट ने पैरवी की।

# पंचायत भवन पर विद्युत ठेकेदारों का कब्जा

**जनसंदेश न्यूज**

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लॉक के ग्राम पंचायत सुदनीपुर में पंचायत भवन का लाखों रुपया खर्च कर मरम्मत कराया गया। ताकि ग्रामीणों की छोटी बड़ी पंचायत भवन पर पंचायत कार्यालय खोलकर आन लाइन आवेदन परिवार रजिस्टर की नकल खसरा खतौनी की नकल आदि उपलब्ध हो सके। इसके लिए पंचायत सहायक की नियुक्ति की गई। लाखों रुपये के कम्प्यूटर उपकरण क्रय किये गए। पर सुदनीपुर पंचायत भवन पर पंचायत कार्यालय का कार्य नहीं शुरू हुआ बल्कि विद्युत विभाग के कार्यदायी संस्था मोंटी कार्लो के ठेकेदारों के विद्युत उपकरण और उनके मजदूरों का कब्जा चल रहा है। जगह-जगह गंदगी कीचड़ बना दिया गया। ग्रामीणों में चर्चा है कि ये विद्युत संबंधी ठेकेदार के लोग किसके आदेश पर पंचायत कार्यालय पर कब्जा किये हुए हैं। बिजली पानी सभी का मुफ्त उपयोग कर रहे हैं। जबकि सप्ताह में एक दिन रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत अधिकारी को पंचायत भवन पर बैठना होता है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी विमला चौधरी ने बताया कि अभी ग्राम पंचायत अधिकारी को भेजकर तुरन्त पंचायत भवन खाली कराती हूं। पंचायत भवन पर मात्र पंचायत कार्यालय व उसके संबंधी कार्य हो सकते हैं। मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है तो कैसे विद्युतकर्मी मजदूर रह रहे हैं। जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।


सुदनीपुर स्थित पंचायत भवन।

## पुलिस ने वापस कराए साइबर ठगी के सात हजार

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** फूलपुर कोतवाली पुलिस की साइबर सेल ने साइबर फ्राड के 7000 रुपये वापस कराकर पीड़ित को राहत दी है। इस मामले में नौ अक्टूबर को प्रिंस यादव निवासी हथनौरा कला ने शिकायत दर्ज कराई थी। बताया था कि उनके पास कुछ रुपये भेजकर अधिक रुपये पाने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया और उसके बाद खाते से सात हजार रुपये कट गए। इस संबंध में साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत पंजीकृत करायी गयी।

साइबर पुलिस टीम द्वारा धोखाधड़ी करने वाले के खाते में रुपये फ्रीज करा दिया गया। आरक्षी दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा संबंधित बैंक के शाखा प्रबंधक से संपर्क कर न्यायालय से रुपये रिलीज हेतु आर्डर बनवाया गया एवं रिलीज करने हेतु कोर्ट ऑर्डर को संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी/ शाखा को जरिये इमेल संपर्क कर आदेश की प्रति भेजी गयी। उसके बाद आवेदक के यूनियन बैंक के खाते में सात हजार अवमुक्त कराया गया।

# गाइड कैंप में बने व्यंजन का अतिथियों ने चखा स्वाद

**निरीक्षण**

### कटवा गहजी में स्काउट गाइड प्रतियोगिता का समापन

### श्री शंकर जी गाइड व उद्योग विद्यालय की स्काउट टीम चैंपियन


गाइड टीम के व्यंजन का स्वाद चखते अतिथि।

**आजमगढ़।** श्री शंकर जी इंटर कालेज कटवा गहजी में आयोजित तीन दिवसीय 32वीं जिला स्तरीय स्काउट और गाइड प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। आरटीओ डॉ. आरएन चौधरी व आरआइ पवन सोनकर ने सबसे पहले गाइड की बालिकाओं द्वारा लगाए गए टेंट का निरीक्षण किया। साथ ही टीम द्वारा तैयार व्यंजनों का स्वाद चखकर मूल्यांकन किया गया। कैंप में रंगोली, साज सज्जा, पूजा घर, शौचालय, स्टोर रूम, रसोई की व्यवस्था की गई थी। बारी-बारी से निर्णायक मंडल के सदस्यों ने कैंपों का निरीक्षण कर मूल्यांकन किया गया। हर कैंप में कहीं खीर, कहीं बाटी-चोखा, बेसन का फारा बनाया गया था। प्रतिभागियों से कुछ सवाल भी पूछे गए। इसके बाद स्काउट के बालकों द्वारा तैयार किये कैंपों का निरीक्षक कर मूल्यांकन किया गया व सवाल भी पूछे गए।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि आरटीओ डॉ. आरएन चौधरी व विशिष्ट अतिथि आरआइ पवन सोनकर रहे। प्रतियोगिता में 11 कालेज के स्कॉउट और गाइड की कुल 19 टीमों ने प्रतिभाग किया। स्कॉउट और गाइड के जिला कमिश्नर डॉ. अजीत सिंह व जिला सचिव प्रवीण सिंह ने अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। श्री शंकर जी इंटर कॉलेज कटवा गहजी की सीनियर गाइड टीम ओवर आल चैंपियन, तो उद्योग विद्यालय कोयलसा की स्काउट सीनियर टीम ओवरआल चैंपियन रही। जूनियर वर्ग में श्री शंकर जी इंटर कॉलेज की स्काउट और गाइड दोनों में ओवरआल चैंपियन बनी। कटवा गहजी के स्काउट टीम ओवर आल सेकेंड, गाइड में राहुल चिल्ड्रेन एकेडमी रैदोपुर को ओवरआल सेकेंड स्थान प्राप्त हुआ। प्रबंधक अशोक सिंह, प्रधानाचार्य प्रवीण सिंह, बलवंत सिंह, संजय राठौर, राजीव कुमार सिंह, प्रधान सफीक अहमद अहमद आदि मौजूद रहे।

# विषम हालात में भी सचेत रहते हैं पीआरडी जवानः सीडीओ

**जनसंदेश न्यूज**


स्टेडियम में पीआरडी की परेड की सलामी लेते सीडीओ।

**आजमगढ़।** प्रांतीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से सुखदेव पहलवान स्टेडियम में बुधवार को 76वां जनपद स्तरीय पीआरडी स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि सीडीओ परीक्षित खटाना ने सभी 22 ब्लाकों से चयनित 04 टोली जवानों के रैतिक परेड का मान प्रणाम स्वीकार किया।

मेजर कमाण्डर उमेश कुमार, परेड कमाण्डर प्रथम-अनिल कुमार खरवार एवं परेड कमाण्डर द्वितीय मुस्ताक द्वारा परेड का संचालन किया गया। टोली-01 कमाण्डर-अरविन्द कुमार, टोली-02 कमाण्डर-आनन्द मौर्य, टोली-03 कमाण्डर लक्ष्मण प्रजापति एवं टोली-04 कमाण्डर-विभा सिंह द्वारा टोली का संचालन किया गया।

जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी सुल्तान सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्नएवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विषम परिस्थिति में भी पीआरडी के जवान सचेत रहते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से बहुत लगन और मेंहनत से अपने कार्य को सम्पादित करते हैं।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मार्च पास्ट एवं रस्सा-कस्सी की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पीआरडी जवानों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी राजनेति सिंह, सुरेन्द्र, भोला सिंह, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी सिराजुद्दीन, कार्यक्रम प्रभारी अनीश कुमार मौर्य, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रोहित कुमार यादव, अखिलेश्वर मौर्य, देवेश कुमार मिश्र, शशिशेखर राय, आस्था सिंह एवं पीआरडी के जवान उपस्थित रहे। संचालन डॉ. राजेश सिंह ने किया।

## बूढ़नपुर में सभी नामांकन पत्र वैध, कोई पर्चा वापस नहीं

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** तहसील बार एसोसिएशन की नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर बाद दो बजे तक मत पत्रों की जांच और वापसी की गई। चुनाव अधिकारी उमाशंकर पाण्डेय ने बताया कि सभी पर्चा वैध पाए गए और एक भी पर्चा वापस नहीं हुआ। इस प्रकार सभी पदों के प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। अध्यक्ष पद के लिए ओमप्रकाश लाल श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह व रामनिवास सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए रामप्रकाश शुक्ल, उपाध्यक्ष के लिए दिनेश कुमार पाण्डेय और विनोद कुमार यादव ने नामांकन किया है। मंत्री पद के लिए रामहित शर्मा और अजय लाल श्रीवास्तव मैदान में हैं। सह मंत्री पद हेतु विवेक कुमार सिंह, वरिष्ठ कार्यकारिणी के लिए जगन्नाथ पाण्डेय और विजय प्रताप सिंह,कनिष्ठ कार्यकारिणी के लिए लाल बिहारी यादव, शैलेंद्र कुमार चौबे व भैरो प्रसाद यादव ने पर्चा भरा है। चुनाव 27 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक व मतगणना 2.30 बजे से होगी। इस अवसर पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष निर्मल लाल श्रीवास्तव, कालीचरन, दुष्यन्त कुमार पाण्डेय, शीतला प्रसाद चतुर्वेदी, सौरभ सहाय, पूर्व मंत्री योगेन्द्र नाथ यादव, मिथिलेश सिंह, सूर्य प्रकाश यादव, जगत नारायण तिवारी, निर्मललाल श्रीवास्तव, सुभाष पांडेय, जय प्रकाश पांडेय, प्रवीण सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, बलराम यादव, वीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# निर्धन परिवार के सर्वे व फैमिली आइडी की प्रगति पर डीडीओ नाराज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** फूलपुर ब्लॉक पहुंचे जिला विकास अधिकारी संजय सिंह ने समस्त ग्राम विकास, ग्राम पंचायत अधिकारी, तकनीकी सहायक, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी संग बैठक कर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा की। निर्धनतम परिवार के सर्वे व फैमली आइडी की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्य में बिलंब या शिथिलता बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। निर्देश दिया कि फैमिली आइडी रजिस्ट्रेशन का कार्य एक गांव में पांच सदस्यीय टीम करेगी। फैमली आइडी में कोई राशन कार्ड से वंछित न रहे। बताया कि मनरेगा से अब कृषिपरक कार्य होंगे। जैसे मेड़बंदी, समतलीकरण, चकरोड, सिंचाई, पौधारोपड़ शामिल होंगे। एक जॉब कार्ड में परिवार के सभी बालिग सदस्यों को जोड़ दिया जाए। ठंड के मौसम में गौशाला के रखरखाव की व्यवस्था की जानकारी ली। पशुओं को ताजा पानी पिलाने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा से अब समस्त गोशालाओं पर वर्मी कम्पोस्ट बनाने का निर्देश दिया।


बैठक को संबोधित करते जिला विकास अधिकारी।

इस अवसर पर बीडीओ विमला चौधरी, एडीओ पंचायत राधेश्याम, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा राजीव मौर्य, सरीन फातिमा, एडीओ समाज कल्याण गौरव यादव, एडीओ सहकारिता राजेन्द्र वर्मा, लेखाकार राजकुमार, रहमतुल्लाह आदि उपस्थित रहे।

# मानवाधिकार में सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकार भी शामिल


शिब्ली कॉलेज में पौधरोपण करते प्रो. मोहम्मद मोहिबुल हक।


मुख्य अतिथि का स्वागत करते प्रबंधक मोहम्मद नोमान व प्रधानाचार्या रूपल पंड्या।

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** शिब्ली नेशनल कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. मोहम्मद मोहिबुल हक ने कहा कि मानवाधिकार केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता तक नहीं, बल्कि इसमें सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकार भी शामिल है। यह किसी विशेष राष्ट्र या वर्ग का मुद्दा नहीं है, बल्कि पूरे मानवता के लिए साझा और मौलिक अधिकार हैं जिसे संरक्षित एवं सम्मानित करना चाहिए। मानवाधिकार दिवस मनाने का मकसद सिर्फ अनुच्छेदों और अधिकारों को किताबी रूप में रट लेना नहीं है, बल्कि उसको अपने जीवन में इस रूप उतारना है कि जिससे कि संपूर्ण राष्ट्र में मानवता का संदेश जा सके।

मुख्य अतिथि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अबूसाद अहमद शमशी, विशिष्ट अतिथि प्रबंधक अतहर रशीद खां रहे, जबकि अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अफसर अली ने की। शुरूआत उस्मान सानी के तिलावते कलाम पाक से हुई। स्नेहा गुप्ता ने मुख्य वक्ता प्रो. मोहम्मद मोहिबुल हक को अपने हाथों से बनाई हुई तस्वीर भेंट की। राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. शफीउज्जमां ने अतिथियों का स्वागत किया।

डॉ. अलाउद्दीन खां ने कहा कि आज का दिन हमें प्रेरित करता है कि हम एक न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज की ओर कदम बढ़ाएं, जहां हर व्यक्ति को स्वतंत्रता, समानता और सम्मान मिले।

अन्य वक्ताओं में प्रो. शिल्पा त्रिपाठी, डॉ. नितेश जायसवाल ने भी अपने विचार रखे। तकनीकी सत्र का संचालन डॉ. जफर आलम ने किया, जिसमें प्रांजलि सिंह , प्रिंस कुमार मौर्य, शमा अफरोज , सुषमा पाण्डेय, फलक तबरेज , रुचि मौर्या और कल्पना यादव शामिल रहीं। दूसरे पैनल के विचार-विमर्श में प्रो. शिल्पा त्रिपाठी, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. अलाउद्दीन खां , डॉ. शफीउज्जमां, डॉ. जफर आलम, डॉ. शफकत उस्मानी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। दिव्यशक्ति कुमार गौतम, मोहम्मद सरफराज, प्रांजलि सिंह, समरीन खातून, आकाश सोनी, अनुपमा मिश्रा, नम्रता सिंह, फखरा नदीम, प्रज्ञा मिश्रा, प्रियंका यादव, नेहा गुप्ता, प्रिंस कुमार मौर्य, शाहिबा खातून, शमा अफरोज, अखिल, हरिद्वार यादव, रेशम अफरोज, अक्षय गुप्ता, अनिल चौरसिया, उमम अशफाक, प्रिया जायसवाल, सुषमा पाण्डेय, आलोक शर्मा, मोहम्मद फैज, सृष्टि शर्मा, शिफा शेख, शिवांगी सिंह, मोहम्मद आजम, संजय प्रजापति, ऐश्वर्या वर्मा, अल्फिया नईम, गुलाम रसूल आदि की उपस्थिति एवं योगदान रहा। संचालन डॉ. शफीउज्जमां व डॉ. जफर आलम ने किया।

## मानवाधिकार दिवस पर एपीएस में किया विविध आयोजन

**आजमगढ़।** कोटिला चेकपोस्ट स्थित आजमगढ़ पब्लिक स्कूल में मानवाधिकार दिवस के अवसर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मोहम्मद मोहिबुल हक रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के स्काउट एंड गाइड के छात्रों ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर की। इसके उपरांत स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद नोमान एवं प्रधानाचायार्रूपल पंड्या ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिह्न भेंट किया। मुख्य अतिथि ने कहा मानवाधिकार केवल कानूनी शब्द नहीं, बल्कि यह मानव जीवन की गरिमा और स्वतंत्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। हमें इन अधिकारों की रक्षा करने और समाज के हर व्यक्ति को उनका हक दिलाने के लिए जागरूक रहना चाहिए। युवाओं में मानवाधिकारों की गहरी समझ विकसित करनी होगी, ताकि वे भविष्य में इसके सशक्त प्रहरी बन सकें। विद्यालय प्रबंधक श्री मोहम्मद नोमान ने कहा कि मानवाधिकारों का सम्मान ही एक सभ्य समाज की पहचान है। प्रधानाचार्या रूपल पंड्या ने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा करना न केवल हमारा दायित्व है, बल्कि एक सशक्त और सामंजस्यपूर्ण समाज बनाने का आधार भी है। इस अवसर पर मानवाधिकार पर भाषण, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और वाद-विवाद आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपप्रधानाचार्या समेत विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### ग्रामवासियों के विरोध पर लेखपाल ने रोकी जमीन की प्लॉटिंग



**माहुल(आजमगढ़)।** नगर से पवई जाने वाली सड़क के किनारे इमामगढ़ गांव में हो रहे जमीन के प्लाटिंग को लेखपाल ने बुधवार को रोकवा दिया। माहुल-पवई मार्ग पर अशरफिया कान्वेंट स्कूल के पश्चिमी तरफ सड़क पार करके एक नाला जाता है। वहां कुछ लोग जमीन खरीदकर और मिट्टी की पटाई कर प्लाटिंग कर रहे थे। उसी जमीन के बगल में सड़क से सटा 10 फीट चौड़ा रकबा ग्राम समाज का है। ग्रामीण ग्रामसभा की जमीन पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग करने का आरोप लगाते हुए वहां इकट्ठा हो गए। इससे दोनों पक्षों में कहासुनी होनी शुरू हो गई। इसकी सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी फूलपुर सुरेंद्र नाथ तिवारी के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल महताब आलम ने वहां पहुंचकर प्लाटिंग का कार्य रुकवाते हुए से रोका दिया और हिदायत दी कि जब तक ग्रामसमाज और सड़क के जमीन को सीमांकन कर चिह्नित न हो जाए तब तक कार्य बंद रखें। इस मौके पर प्रधान दिनेश यादव, मातबर प्रसाद पांडेय, पांचू, बृजेश आदि रहे।

### पांच वर्षीय अनुरक्षण के विरोध में ठेकेदारों ने किया प्रदर्शन




**आजमगढ़।** लोक निर्माण विभाग कार्यालय गेट पर ठेकेदारों ने प्रदर्शन करते हुए पांच वर्षीय अनुरक्षण का विरोध जताया। पिछले नवंबर माह से ठेकेदार कार्य बहिष्कार पर चल रहे हैं। मंगलवार को ओम कॉन्ट्रैक्टर वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में ठेकेदारों ने बैठक कर योजना बनाई। जिसके बाद संघ अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ राय ने बताया कि हम ठेकेदार पांच वर्षीय अनुरक्षण के विरोध में कार्य बहिष्कार व टेंडर का विरोध करते हुए अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी रखेंगे जब तक सरकार पांच वर्षीय अनुरक्षण को वापस नहीं कर लेती। इस दौरान कुमुद रंजन पाठक, आलोक राय, राजेश कुमार राय, अजय कुमार सिंह, प्रवेश कुमार यादव, राजेश राय, चंदू यादव, चंद्रजीत यादव, राजकुमार यादव, कृष्णा तिवारी, हिमांशु तिवारी, सियाराम उपाध्याय, कैलाश राय, शिवमंगल सिंह, रामनवल सिंह, विनोद कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, शिव बचन यादव सहित बड़ी संख्या में ठेकेदार मौजूद रहे।

### गन्ना लदी ट्रॉली में घुसी पिकअप, एक की मौत



**पटवध (आजमगढ़)।** गोविंद साहब मेले से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी पिकअप मंदुरी और कंधरापुर बाजार के बीच में गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गयी जिससे दर्जनों श्रद्धालु घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय भेजवाया। कंधरापुर थाना अंतर्गत मंदुरी और कंधरापुर बाजार के बीच में मंगलवार की रात लगभग 10 बजे गोविंद साहब मेले से दर्शन-पूजन करके लौट रही श्रद्धालुओं से भरी पिकअप सामने जा रही गन्ना लदी ट्रॉली के पीछे अनियंत्रित होकर घुस गई जिससे पिकअप सवार लगभग 12 से 13 पुरुष और महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची कंधरापुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस को बुलवाया और सभी घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजवाया। जहां डाक्टरों ने एक 65 वर्षीय महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों का इलाज चल रहा है। पिकअप में सवार लगभग 12 से 13 महिला व पुरुष श्रद्धालु मऊ जनपद के अमारी गांव के निवासी हैं जो गोविंद साहब का दर्शन पूजन करके घर वापस जा रहे थे।

### धान क्रय केंद्र प्रभारी पर मनमानी का आरोप



**दीदारगंज (आजमगढ़)।** मार्टीनगंज तहसील क्षेत्र के खरसहन कला गांव स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति को राजकीय धान क्रय केंद्र बनाया गया है। यहां मिले किसान ने केंद्र प्रभारी पर मनमानी का आरोप लगाते हुए अधिकारियों को पत्र भेजा है। केंद्र पर मिले क्षेत्र के डीह कैथौली ग्राम निवासी किसान अवधेश कुमार मिश्र ने बताया कि क्रय केंद्र पर छह दिसंबर को लगभग डेढ़ सौ क्विंटल धान बिक्री के लिए क्रय केंद्र प्रभारी से पूछकर क्रय केंद्र पर लाए, लेकिन बार-बार कहनें पर भी अब तक धान की तौल नहीं हो सकी। कहा कि सरकार चाहती है कि क्षेत्रीय किसानों की उपज को सरकारी केंद्र पर निर्धारित मूल्य पर केंद्र पर बेचा जा सके, लेकिन क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा किसानों को परेशान किया जा रहा है।यहां तक कि किसानों से मनमानें ढंग से कमीशन भी लिया जा रहा है। बताया कि मजबूरन मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, खाद्य विपणन अधिकारी, उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर जांच की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम रामानुज शुक्ला का पक्ष लेने का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाइल फोन रिसीव नहीं हो सका।

### प्रधान संघ ने लगाया धन उगाही का आरोप



**आजमगढ़।** चौपाल के माध्यम से धन उगाही करने का आरोप लगाते हुए प्रधानों ने सहायक विकास अधिकारी के विरुद्ध ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की है। प्रधानसंघ के बैनर तले जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे प्रधानों ने रानी की सराय विकास खंड कार्यालय के सहायक अधिकारी पर चौपाल के माध्यम से फर्जी आरोप लगाकर धन उगाही करने का आरोप लगाकर कड़ी निंदा की है। प्रधान संघ अध्यक्ष नैय्यर आजम के नेतृत्व में प्रधानों ने ज्ञापन सौंपकर मामले की जांचकर उक्त सहायक विकास अधिकारी पर कार्यवाही की भी मांग की है। प्रधानों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वह आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान गुलाब सिंह, मोतीलाल यादव, पंकज जैसवार, बाल गोविंद यादव, अवशाद, विनोद कुमार, गुड्डू यादव, गुलाब चैधरी सहित अन्य प्रधान मौजूद रहे।

### न्याय की आस में कमिश्नर कार्यालय पर दिया धरना




**आजमगढ़।** एक महीने में गांव से तहसील और तहसील से जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देने के बाद भी जब न्याय नहीं मिला तो इंसाफ इंसाफ की आस में कमिश्नर कार्यालय पर बुधवार को धरना दिया। निजामाबाद तहसील क्षेत्र के मुइया मकदुमपुर निवासी निर्मला अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बुधवार को आयुक्त कार्यालय के पास धरने पर बैठ गईं। कहा कि न्यायालय की अवहेलना करते हुए गांव के ही एक दबंग व्यक्ति द्वारा उपजिलाधिकारी को अपने प्रभाव में लेकर उसकी सड़क किनारे की बेशकीमती पुश्तैनी जमीन पर अवैध निर्माण कर जबरन कब्जा किया जा रहा है। जबकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता द्वारा अपनी जमीन पर हो रहे इस कब्जे को हटवाने के लिए इसके पहले भी दो बार जिलाधिकारी कार्यालय के सामने अंबेडकर पार्क में धरना दिया गया था। जहां लगभग एक महीने पूर्व धरनास्थल पहुंचे आलाधिकारी पीड़ितों की सुध लेने की बजाय सख्ती से पेश आए थे। तब एसडीएम की उपस्थिति में सीओ सिटी गौरव शर्मा के नेतृत्व में शहर कोतवाल शशि मौली पांडेय द्वारा धरनास्थल से जबरदस्ती उठा दिया गया था। इस सबके बाद भी मामले में हर बार आलाधिकारियों द्वारा पीड़िता को बजाय न्याय देने के आश्वासन ही दिया गया। फिलहाल पीड़िता को अब तक न्याय नहीं मिला है।

### ठंड लगने से महिला की मौत

**पवई (आजमगढ़)।** पवई थाना क्षेत्र के मझौरा गांव निवासिनी कुमारी (45) की बुधवार की भोर में मौत हो गई। मृतका के पति हौसिला ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद कुमारी सोने के लिए चली गईं। सुबह काफी देर तक नहीं उठीं तो परिजन जगाने के लिए गए तो देखा कि कुमारी की मौत हो चुकी थी। अनुमान है कि ठंड से उनकी मौत हुई है। मृतका के दो पुत्र व एक पुत्री हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मिशन महोत्सव में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**आजमगढ़।** मिशन कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में मिशन महोत्सव 2024 के तहत महिला खो-खो, वॉलीबॉल, थ्रो बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ध्रुव सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत की। मां शहजादी देवी मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज, क्रिश्चियन हॉस्पिटल स्कूल आफ नर्सिंग के बीच-खो खो का फाइनल खेला गया, जिसमें मां शहजादी देवी मेमोरियल की महिला टीम विजई रही।

# अवैध अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर

**कार्रवाई**

एडीएम के नेतृत्व में नगर में चलाया गया अभियान

जनसंदेश न्यूज


अतिक्रमण हटवाते एडीएम वित्त व अन्य

**मीरजापुर।** अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने एक व्यापक अभियान की शुरूआत की है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर अस्पताल तिराहा से वासलीगंज तक अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में राजस्व विभाग और नगर पालिका की टीमों ने मिलकर अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया है। भारी पुलिस बल की सुरक्षा में यह कार्रवाई की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। इस दौरान एडीएम शिव शुक्ला और एसडीएम सदर गुलाब चंद भी मौजूद रहे और अभियान की निगरानी की। यह अभियान खासतौर पर शहर में बढ़ते हुए जाम की समस्या को ध्यान में रखते हुए चलाया जा रहा है। शहर की सड़कों पर अवैध अतिक्रमण की वजह से अक्सर यातायात में रुकावटें आती थीं, जिससे लोगों को लंबा समय जाम में फंसा रहता था। इस समस्या को समाप्त करने के लिए प्रशासन ने यह कदम उठाया है। इससे पहले भी प्रशासन ने रोडवेज और तहसील चौराहा से पेहटी चौराहा तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी, और अब अस्पताल तिराहा से वासलीगंज तक यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन की यह कार्रवाई नागरिकों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से की जा रही है। इसका उद्देश्य सड़कें चौड़ी और साफ-सुथरी रखना है, ताकि वाहन और पैदल यात्री आसानी से यात्रा कर सकें। इस अभियान के सफलतापूर्वक संचालन के बाद अन्य इलाकों में भी अतिक्रमण हटाने की योजना बनाई गई है, जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके।

## खंड स्तरीय ग्रामीण खेल लीग का आयोजन 17 से

**मड़िहान।** विकास खंड के मल्टी पर्पज हाल दीपनगर के मैदान में 17 से 18 दिसंबर को ग्रामीण खंड स्तरीय ग्रामीण खेल लीग का आयोजन किया जाएगा। मल्टी पर्पज हाल दीपनगर के मैदान में 17 दिसंबर को खंड स्तरीय ग्रामीण खेल लीग में एथलेटिक्स, वालीबाल, जूडो, भारोत्तोलन एवं 18 दिसंबर को कबड्डी, बैडमिंटन, कुश्ती, फुटबाल होगा। सभी खेल में विकास खंड के जूनियर वर्ग में सोलह वर्ष तक, सब जूनियर वर्ग में 16 से 20 वर्ष तक और सीनियर वर्ग में 20 वर्ष से ऊपर वाले बच्चे व बच्चियां भाग लेंगी। कार्यक्रम की जानकारी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अभय कुमार सिंह ने दिया है।

# गंगा में मछली पकड़ने पर रोक के खिलाफ किया प्रदर्शन


प्रदर्शन करते निषाद समाज के लोग

**गैपुरा।** संयुक्त समाज सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने गंगा में मछली की नीलामी को लेकर निषाद समाज के लोगों ने मंगलवार को गोगांव ग्राम में प्रदर्शन किया। इस दौरान आम सभा कर चेतावनी दी कि चेहरा गांव की सीमा से लेकर गोगांव ग्राम तक मछली पकड़ने पर रोक टोक के खिलाफ संघर्ष किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता राम अक्षयवर निषाद ने की। उन्होंने कहा कि मछली पकड़ने पर पाबंदी लगाने का व्यापक रूप से विरोध किया जाएगा। प्रेम कुमार निषाद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चेहरा, बरहां खुर्द, बजटा, काशी सरपती, हरगढ़, गोगांव आदि ग्रामों को कछुआ सेंचुरी घोषित कर दिया है। फिर भी नीलामी का विज्ञापन कैसे निकल रहा है।

निषाद समाज के लोगों को निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। जवाहिर मांझी ने कहा कि मछुआ समाज के दम पर सत्ता में बैठे नेताओं ने मछुआ समाज के लोगों को अपने हाल पर छोड़ दिया है। अंत में निर्धारित तिथि पर अपनी नौकाओं पर सवार होकर जनपद मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया। इस दौरान भरत लाल, मंगला प्रसाद, बाबूलाल, हरिशंकर, लालबहादुर, राम अभिलाख, धर्मपाल आदि मौजूद रहे।

# 150 बच्चों में बांटा गया दो लीटर दूध !

**धांधली**

ग्रामीणों की शिकायत का बीएसए ने लिया संज्ञान

गुणवत्ता खराब होने पर प्र.प्र.अ. सरिता देवी निलम्बित

जनसंदेश न्यूज


दूध की शिकायत करते ग्रामीण

> खण्ड शिक्षा अधिकारी जमालपुर के आख्या संस्तुति के क्रम में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा सरिता देवी प्र०प्र०अ० कम्पोजिट विद्यालय हिनौता विकास खण्ड जमालपुर को शैक्षिक गुणवत्ता एवं एमडीएम की गुणवत्ता खराब होने के सम्बन्ध में शिकायत के निलम्बित किया गया है। मालिनी कुमारी प्रधानाध्यापिका प्राथमिक विद्यालय महोखर वि०ख० छानबे को अधोहस्ताक्षरी तथा ब्लाक स्तरीय टाक्स फोर्स के निरीक्षण में बार-बार अनुपस्थित पाये जाने पर निलम्बित किया गया।
>
> **अनिल कुमार वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मीरजापुर।**

**मीरजापुर।** जनपद में नमक रोटी प्रकरण के बाद मिड डे मिल में धांधली का दूसरा मामला अहरौरा थाना क्षेत्र के हिनौता ग्राम सभा लतीफपुर का बताया जा रहा है। कंपोजिट विद्यालय हिनौता में 2 लीटर दूध 150 बच्चों मे वितरित करने का आरोप लगाया गया हैं। बताया गया कि लंबे समय से मिड मिल में धांधली का खेल चल रहा है। गांव के लोगों ने इसकी शिकायत शिक्षा विभाग से लेकर मंडलायुक्त को पत्र लिख कर किया। मौके पर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी देवमणि पांडेय ने स्थलीय जांच कर शिक्षिका के विरुद्ध दंडात्मक एवं कठोर कार्रवाई का गांववासियों को आश्वासन दिया। पत्र में कहा गया है कि कंपोजिट स्कूल हिनौता लतीफपुर की महिला इंचार्ज सरिता देवी हैं। इनके द्वारा विद्यालय संचालन में धौर वित्तीय अनियमितता और मनमानीपन किया जा रहा है। एमडीएम मानक के अनुसार नहीं बनवाती है। एमडीएम रजिस्टर पर अधिक बच्चों की संख्या भरवाती है। एक लीटर दूध में पूरे स्कूल के बच्चों को दूध पिला देती हैं। बच्चों को मानक के अनुसार दूध नहीं मिलता है। इतना ही नहीं इंचार्ज पर एमडीएम के राशन को चोरी से बेंचने और गेहूं पिसवाने के बहाने अपने घर उठा ले जाने का आरोप लगाया गया हैं। विद्यालय में पढ़ाई का माहौल न होने पर अभिभावकों ने अपने बच्चों को विद्यालय भेजने से भी इंकार कर दिया हैं। ग्रामीण इंचार्ज के स्थानांतरण किए जाने की मांग कर रहे है।

# ट्रेनों में चोरी करने वालों की अब खैर नहीं : जीआरपी प्रभारी

**सफलता**

दो मोबाइल के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज


गिरफ्तार चोर के साथ पुलिस टीम

**मीरजापुर।** ट्रेनों में चोरी की घटना पर अंकुश लगाने को लेकर चोरों को पकड़ने के लिए जीआरपी पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज अभिषेक कुमार यादव के मानिटरिंग व निर्देशन के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रयागराज अरुण कुमार पाठक के निकट पर्वेक्षण में रेलवे स्टेशनों, सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में बढती चोरी की घटनाओ की रोकथाम एवं पूर्व में घटित चोरी की घटनाओं का अनावरण करने तथा अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रामदवर यादव थाना जीआरपी के नेतृत्व में उ0नि0 रमेश चन्द्र, उ0नि0 जगदीश सिंह प्रभारी चौकी जीआरपी रेनुकूट, हे0का0 नवी अहमद व का0 गुडलक द्वारा बुधवार को रेलवे स्टेशन मीरजापुर के पूर्वी छोर हावड़ा ईण्ड पर एक आरोपी निलेश कुमार राय पुत्र बद्री नाथ राय निवासी भटगवां थाना कोईरौना जिला भदोही को अलग अलग अभियोगो से सम्बन्धित से कुल दो टच स्क्रीन मोबाइल बरामद किया। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार बताई गई। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया। वहीं जीआरपी प्रभारी राम दवर यादव ने कहा कि ट्रेनों में व प्लेटफार्म पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोरों की अब खैर नहीं है।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक 13 को

**जमालपुर।** ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक 13 दिसंबर शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना पर विचार किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी खंड विकास अधिकारी डाक्टर रक्षिता सिंह ने दी है।

# 13 जनवरी से प्रारम्भ होगा महाकुंभ मेला

**निर्देश**

श्रद्धालुओं के आवागमन की संभावना को लेकर प्रशासन अलर्ट

जनसंदेश न्यूज


रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करतीं डीएम

**मीरजापुर।** पड़ोसी जनपद प्रयागराज में 12 वर्ष बाद 13 जनवरी से महाकुंभ मेला आरम्भ हो रहा है। मेला में आने वाले तमाम भक्त माता विंध्यवासिनी के धाम में भी आयेंगे। भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में बैठक कर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर समुचित व्यवस्था का खाका खींचा गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी विभागों को यथोचित प्रबन्ध करने का निर्देश दिया। कुंभ मेला को दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक मेले में से एक माना जाता है। 13 जनवरी से आरम्भ होगा। माघ मेला में स्नान के लिए लाखों की संख्या में भक्त संगम नगरी में गंगा तट पर वास करते हैं। पौष पूर्णिमा से महाकुंभ मेला का शुभारंभ होगा। पहला शाही स्नान 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के दिन किया जाएगा। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन दूसरा शाही स्नान किया जाएगा। इसके बाद 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन तीसरा शाही स्नान किया जाएगा। 2 फरवरी को वसंत पंचमी के दिन चौथा शाही स्नान होगा। 12 फरवरी माघ पूर्णिमा को पांचवा शाही स्नान किया जाएगा। जबकि, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन आखिरी शाही स्नान किया जाएगा।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि कुंभ मेला में आने वाले भक्तों में से करीब 12 प्रतिशत भक्तों को माता विंध्यवासिनी के धाम विंध्याचल आने की संभावना है। भारी संख्या में भक्तों के आने के कारण उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो इसलिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मीटिंग किया गया है ताकि मरीजों को भक्तों को सड़क, बिजली, पानी एवं सुरक्षा समेत किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इलाज की भी समुचित व्यवस्था मिल सके इसके लिए निर्देश दिया गया है। यातायात सुरक्षा का भी निर्देश दिया गया है।

## पीआरडी स्थापना दिवस कार्यक्रम संपन्न

**मड़िहान।** विकास खंड के पटेहरा मल्टी पर्पज हाल दीपनगर में बुधवार को पीआरडी स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। दीपनगर के मल्टी पर्पज हाल मैदान में धूम धाम से पीआरडी जवानों ने अपना स्थापना दिवस मनाया जिसमे पीआरडी जवानों की चार टोलियो की अट्ठासी जवानों द्वारा मार्च पास्ट, परेड की सलामी मुख्य अतिथि श्रवण कुमार राय जिला विकास अधिकारी द्वारा ली गई। पीआरडी स्थापना दिवस के संबंध में विस्तृत संक्षिप्त परिचय की जानकारी जिला युवा कल्याण अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा उपस्थित पीआरडी जवानों को दी गई। मार्च पास्ट परेड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टुकड़ी को मुख्य अतिथि श्रवण कुमार राय द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। परेड का नेतृत्व वीरेंद्र कुमार क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभय कुमार सिंह, शिप्रा सिंह, नेहा तिवारी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विमलेश कुमार द्वारा किया गया।

## डिवाइडर से टकराकर गिरे बाइक सवार, घायल

**जिगना।** थाना क्षेत्र के प्रयागराज-मीरजापुर मार्ग बने ओवरब्रिज के पास डिवाइडर से अनियंत्रित बाइक चालक भिड़कर सवार समेत तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस एम्बुलेंस से पीएचसी सर्रोई दवा इलाज के लिए भेज दिया। मंगलवार की रात लगभग आठ बजे एक ही बाइक से चालक रितेश पाण्डेय पुत्र धनेश पाण्डेय 32 वर्ष, पियुष पाण्डेय पुत्र कल्लू पाण्डेय 20 वर्ष व निखिल मिश्रा पुत्र दुर्गा प्रसाद मिश्रा 26 वर्ष निवासी ग्राम झोंकनई (पसना) थाना कोरांव जनपद प्रयागराज एक ही बाइक से सवार होकर मिजार्पुर एक बारात में शामिल होने जा रहे थे। ओवरब्रिज के पास डिवाइडर से टकराकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने एम्बुलेंस से तीनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सर्रोई दवा इलाज के लिए भेज दिया। चिकित्सकों ने सभी को मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी शैलेश कुमार राय ने बताया कि सभी घायलों को दवा इलाज के लिए भेज दिया गया है साथ ही परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

## बैठक में 3413 लाख का प्रस्ताव पारित



बैठक में शामिल अधिकारी

**जिगना।** छानबे ब्लाक सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक में वित्तीय वर्ष 25/26 के लिए 3413 लाख का प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया गया। जिसमें मनरेगा योजना के तहत 2745 लाख का प्रावधान रखा गया है जिसमे श्रमांश पर 1647 लाख सामग्री पर 1098 लाख व्यय करते हुए 695000 मानव दिवस सृजन का लक्ष्य रखा गया है। पंचम और केन्द्रीय वित्त से 470 लाख का बजट रखा गया है। बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गयी और अनुपस्थित विभाग के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में एडीओ सहकारिता दयाराम चौकसे ने पीएम किसान योजना का लाभ पा रहे सभी किसानों से 31 दिसंबर तक ई रजिस्ट्री अवश्य कराने का आह्वान किया। एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद ने राष्ट्रीय वृद्धा, विधवा व विकलांग पेंशन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना की विस्तृत जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि विकास खंड में 24300 छात्र-छात्रा अध्ययनरत है जिसमें 23 हजार छात्रों के अभिभावकों के खाते में 1200 रुपए भेज दी गयी है। बैठक में प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष तिवारी, विनोद यादव, गुलाम रसूल, शिवलखन बिंद, त्रिभुवन मौर्य, सौम्या सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख सुमन सिंह एवं संचालन राकेश तिवारी ने किया।

## छेड़छाड़ के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**मड़िहान।** पीड़िता की मां की तहरीर पर गुरुवार को मड़िहान थाने में आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ व एससीएसटी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। कलवारी स्थिति बरदहवा नाला के समीप से मंगलवार को दोनों आरोपियों को मड़िहान पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला थाने में तहरीर देकर दो युवकों पर आरोप लगाया गया था कि 25 वर्षीय पुत्री बुधवार अपराह्न घर के बाहर टहल रही थी। उसी समय घोरावल से कलवारी वापस लौट रहे बाइक सवार युवती को जबरन अगवा कर लिए। कलवारी स्थित एक कमरे मे बन्द कर देर रात दुष्कर्म का प्रयास किया गया। शोरगुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। लेकिन आरोपी फरार हो गये। जानकारी होने पर पिता गुलाब मौके पर पहुंच गए। पीड़िता को साथ घर ले गए। दूसरे दिन मां अपनी पुत्री के साथ थाने पहुंच गयी। तहरीर के आधार पर कलवारी निवासी राजेश व मीरजापुर निवासी सोनू यादव के खिलाफ छेड़छाड़ व एससीएसटी का मुकदमा दर्ज कराया गया।

# गीता जयंती पर डाला प्रकाश


गीता जयंती पर चर्चा करते वक्ता

**चुनार।** स्थानीय श्रीमती भागीरथी ट्रस्ट आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में गीता जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय के सभी अध्यापक एवं छात्र प्राचार्य डॉ0 रमापति त्रिपाठी के साथ नगर भ्रमण किया। जिसमें घंटी शंखनाद के साथ श्री कृष्ण के गुणगान को गाते हुए गीता जयंती का उद्घोष किया। इसके बाद सांस्कृतिक परिषद का कार्यक्रम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या रश्मि सिंह की अध्यक्षता एवं जनता इंटर कॉलेज बारेवां के पूर्व प्रवक्ता नंदकिशोर तिवारी के मुख्यातिथ्य में शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात छात्रों में उत्तम, घनश्याम पांडेय, कौशलेंद्र पांडेय, आदर्श, राजन तिवारी, अंकित पाठक, सचिन पांडेय, मंगलेश मधुर आदि ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन श्याम किशोर पांडेय ने किया। इस अवसर पर राजकुमार अग्रवाल, रोशन पुजारी, मदनलाल, बाबूलाल, रमापति दीक्षित, श्रीमती विभा, गोपाल शुक्ला, श्रीकांत शुक्ला, सुनील दीक्षित, प्रीति पाठक, अरिहंत देव पांडेय सहित महाविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### महिला को भगाने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने मंगलवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति के 21 वर्षीय नातिन को बहला फुसलाकर भगाने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया कि मेरे बड़े पुत्र की पुत्री को मोनू विश्वकर्मा निवासी ओबरा सोनभद्र बीते 23 सितंबर को बहला फुसलाकर भगा ले गया। मोनू विश्वकर्मा हमारे गांव के धीरज पटेल व धर्मराजी के यहां आता जाता था तथा उन्ही के यहां रहता था। उपरोक्त लोगों के कहने पर मोनू मेरी नातिन को भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति की नातिन को बहला फुसलाक भगा ले जाने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### बिजली के शॉर्ट-सर्किट से पुआल जलकर खाक



**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के रैकल गांव में बिजली के शार्ट-सर्किट से खलिहान में रखे पुआल आग लग जाने से पुआल जलकर खाक हो गया। गांव निवासी योगेश पाण्डेय का घर से दूर सिवान में खलिहान है। बुधवार को बिजली के केबल शार्ट होने से आग पुआल में पकड़ लिया। देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही मौके पर पीआरवी पुलिस भी पहुंच गई। ग्रामीण व काम रहे मजदूरों ने आनन-फानन में मोटर पाइप के लगाकर आग बुझाने लगे। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक लगभग दस बीघा पुआल जलकर खाक हो गया। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के मदद से आग बुझवाया गया।

### राज सिंह ने 295वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम किया रोशन



**लालगंज।** दुबार कला के राज सिंह ने अपनी मेहनत और समर्पण से कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में 295वीं रैंक हासिल कर न केवल अपनी बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश पीसीएस संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह के पुत्र हैं और उनकी सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बालेंदुमणि त्रिपाठी ने इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि अब प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों का प्रदर्शन बेहतर हो रहा है। बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य डा0 धर्मजीत सिंह ने कहा कि लालगंज की प्रतिभाएं अपनी मेहनत से क्षेत्र को नई पहचान दे रही हैं। प्रधान संघ की अध्यक्ष अनीता गुप्ता ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया। भाजपा नेता जयप्रकाश उपाध्याय ने इस सफलता को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया।

### पिता की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव में मंगलवार को ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर मृत हुए बाइक चालक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार की देर रात अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। दी गई तहरीर में हलिया थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी रामराज मिश्र ने बताया कि चचरे भाई धर्मराज मिश्र के साथ बेटा प्रशांत बाइक से प्रयागराज जिले के मेजा गए थे। दोपहर में घर वापस लौटते समय जैसे ही गड़बड़ा पुल के आगे मझिगवां गांव में पहुंचे तो आगे चल रहे ट्रैक्टर चालक के लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाने से बाइक ट्राली में टकरा गई, जिससे गंभीर रूप से घायल बेटे और बड़े भाई की मौत हो गई। पुलिस ने मृत बाइक चालक के पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि मृत बाइक चालक के पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

### मारपीट करने वाले पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनीपुर गांव निवासी जितेंद्र सिंह ने लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में जितेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ड्रमंडगंज में मंगलवार की रात चचेरे भाई अनिल सिंह के साथ मोटर साइकिल से चाय पीने गया था। चाय पीने की बात को लेकर पप्पू कहार गाली गलौज देने लगा मना करने पर पप्पू कहार, अनिल कहार,संदीप वर्मा, मनोज वर्मा व नीरज वर्मा निवासी ड्रमंडगंज लाठी डंडा और कटवासा लेकर मेरी मोटर साइकिल रोक लिया। हम दोनों को सभी लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। शोरगुल मचाने पर सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। लाठी-डंडे तथा ईंट पत्थर से मोटर साइकिल को तोड़ फोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट, जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि घायल युवक की तहरीर पर पांच के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### विद्युत पोल से टकराये बाइक सवार, एक की मौत

**कलवारी।** मड़िहान थाना क्षेत्र के कलवारी घोरावल संपर्क मार्ग जमुई लोहिया पुल के पास बुधवार को सुबह अनियंत्रित बाइक सवार ने सड़क किनारे बिजली के पोल में जोड़दार टक्कर मार दिया। बाइक पर दो लोग सवार थे। मृतक आरएन शर्मा 23 वर्ष पुत्र विजय शर्मा निवासी मुकुचवा का बताया जा रहा है। वहीं दुसरा घायल सुमीत सोनी को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। यह दोनों बाइक द्वारा कलवारी की तरफ किसी काम से जा रहे थे। जैसे ही जमुई लोहिया पुल के पास पहुंचे बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे में टकरा गई। बाइक पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के मदद से दोनों घायलों को सीएचसी मड़िहान पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने देखते ही एक को मृत घोषित कर दिया और दूसरे को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर मड़िहान पुलिसकर्मी मौजूद रही। थाना प्रभारी मड़िहान प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बाइक पर दो लोग सवार थे। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है। शव का पंचनामा करके अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

### मेला में तीन ट्रेनों का मीरजापुर स्टेशन पर होगा ठहराव

**मीरजापुर।** प्रयागराज में महाकुंभ मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जायेगा। तीन विशेष ट्रेनों का ठहराव मिजार्पुर स्टेशन पर भी होगा। जिससे यात्रियों को सुविधा मिल सके। रेलवे की पीआरओ रागिनी सिंह ने बताया हैं कि गाड़ी संख्या 08251/08252 रायगढ़- वाराणसी-रायगढ़ कुंभ मेला विशेष गाड़ी का संचालन होगा। यह ट्रेन 25 जनवरी को रायगढ़ से वाराणसी जाते समय सुबह छह बजकर 23 मिनट पर मिजार्पुर स्टेशन पर रुकेगी। 28 जनवरी को वाराणसी-रायगढ़ ट्रेन दोपहर 12 बजर 18 मिनट पर मीरजापुर स्टेशन पर रुकेगी। गाड़ी संख्या 08791/08792 दुर्ग- वाराणसी- दुर्ग कुंभ मेला विशेष गाड़ी चलेगी। ट्रेन दुर्ग से वाराणसी जातै समय आठ फरवरी को सुबह छह बजकर 23 मिनट पर मीरजापुर स्टेशन पर रुकेगी। 11 फरवरी को वाराणसी से दुर्ग जाते समय समय ट्रेन दोपहर 12 बजकर 18 मिनट पर मीरजापुर स्टेशन पर रुकेगी। गाड़ी संख्या 08253/08254 बिलासपुर-वाराणसी-बिलासपुर कुंभ मेला विशेष गाड़ी भी रुकेगी। बिलासपुर से वाराणसी जाते समय 22 फरवरी को सुबह छह बजकर 23 मिनट पर मिजार्पुर स्टेशन पर रुकेगी। 11 फरवरी को वाराणसी से बिलासपुर जाते समय समय दोपहर 12 बजकर 18 मिनट पर मीरजापुर स्टेशन पर रुकेगी।

### छात्राओं ने मूक अभिनय कार्यक्रम का किया प्रदर्शन



**अदलहाट।** लालता सिंह राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अदलहाट में बुधवार को छात्राओं के द्वारा मूक अभिनय का प्रदर्शन किया गया। जिसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत मोबाइल के दुष्प्रभाव, नारी शक्ति एवं भारत का खुशहाल किसान विषय पर अभिनय प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 आशा ने कहा आज मोबाइल और इंटरनेट के बढ़ते प्रभाव से लोग मंचों के कार्यकलापों को भूलते जा रहे हैं। इस अवसर पर डा0 प्रेमलता, प्रोफेसर गोमतेश्वर पाल, डा0 प्रदीप कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### दुष्कर्मी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**मीरजापुर।** थाना अहरौरा पर बीते 23 अक्टूबर को एक महिला द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध वादिनी के साथ दुष्कर्म करने तथा गाली-गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना अहरौरा पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को उप-निरीक्षक अमरनाथ यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी विजय पाण्डेय उर्फ मिंटू पुत्र स्व0तुलसी पाण्डेय निवासी धावा थाना चुनार को चुनार बस स्टाप के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाई करते हुए आरोपी को जेल भेजा गया।

# ओवरलोड कोल व ऐश परिवहन करने पर होगी कार्रवाई: डीएम

**बैठक**

## वायु प्रदूषण नियंत्रण करने के लिये नगर स्तरीय कार्य योजना की डीएम ने की समीक्षा

## कहा धूल पर नियंत्रण को स्वीपिंग, जल छिड़काव एन्टी स्मॉग गन का करें प्रयोग


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते डीएम बीएन सिंह

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नॉन-अटेन्मेन्ट अनपरा नगर के वायु गुणवत्ता में निरन्तर सुधार किये जाने हेतु गठित सिटी इम्प्लीमेन्टेशन कमेटी, उद्योग से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई।

इस दौरान ग्रेडेड रिस्पान्स एक्शन प्लान एवं सिटी एक्शन प्लान पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने शीत ऋतु में धूल कड़ों के उत्सर्जन से जनित स्मॉगिंग की स्थिति के नियंत्रण हेतु बनाये गये ग्रेडेड रिस्पान्स एक्शन प्लान के अन्तर्गत तैयार डेली एक्शन टेकेन रिपोर्ट पर सूचनायें प्रेषित किये जाने हेतु समस्त स्टेक होल्डर्स एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्योगों से जुड़ी इकाईयां एवं विभाग रोड डस्ट के समुचित निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। तापीय परियोजनाओं को कोल एवं ऐश परिवहन मानकों के अनुरूप करने का निर्देश देते हुए कहा कि ओवर लोड एवं मानक के विपरीत कोल एवं ऐश का परिवहन करने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उद्योगों एवं ऐश परिवहन करने वाले स्टेक होल्डरों को निर्देशित किया गया कि परिवहन के दौरान खराब हुये ट्रकों को शीघ्र रोड साइड से हटाकर उचित जगह पर रखा जाये, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। समस्त वाहनों को पीयूसी सर्टीफिकेट एवं फिटनेस सर्टीफिकेट लेने के उपरान्त ही संचालित किया जाये।

वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था का निरन्तर संचालन करने एवं उसकी नियमित मॉनीटरिंग करने का क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया। नगर पंचायत अनपरा के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि रोड से उड़ते डस्ट के नियंत्रण हेतु स्वीपिंग, जल छिड़काव, एन्टी स्मॉग गन का प्रयोग निरन्तर किया जाये। इस मौके पर शेषनाथ चौहान, एसडीओ, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सहायक पर्यावरण अभियन्ता समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### नगवां को हरा घोरावल टीम रही विजेता

**घोरावल।** तहसील क्षेत्र के महुआंव पाण्डेय ग्राम पंचायत में बुधवार को जामवंती पाण्डेय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि बीडीओ कोन जितेन्द्र नाथ दूबे व घोरावल ब्लाक के पूर्व बीडीओ गुरु शरण श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष वी चन्द्र शेखर पाण्डेय अपने स्व. माता की स्मृति में यह क्रिकेट प्रतियोगिता करा रहे हैं। मुख्य अतिथि व अध्यक्ष द्वारा पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही खिलाड़ियों का परिचय अध्यक्ष द्वारा किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण स्मृति चिन्ह बुके, अंगवस्त्र देकर किया गया। उद्घाटन मैच में घोरावल व नगवां की टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें दोनों टीम के खिलाड़ियों को व दोनों एम्पायरों को निर्धारित ड्रेस आयोजक द्वारा दिया गया। सी ड्रेस में खिलाड़ियों ने फिल्ड में उतर खेल की शुरूआत की। घोरावल की टीम ने बैटिंग पहले कर 10 ओवर में 144 रन बनायी। वहीं नगवां की टीम ने 10 ओवर में 109 रन बनाये। इस प्रकार घोरावल टीम 35 रन से विजेता रही। जिसके मैन आफ द मैच साहिल रहे। इस मौके पर विवेकानंद मिश्र, रमेश कुशवाहा, राजू केशरी, रिशू द्विवेदी, जगदीश शर्मा, राधेश्याम वैसवार, राम सनेही पाठक, रामजी, कृष्ण धर, रामअनुज समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। संचालन रामकेश ने किया।

# बालू खनन पर अंकुश लगाने में रेंजर फेल, वनकर्मियों की मौज

**बेलगाम**

## जरहा वन रेंज की नदियों से बालू खनन परिवहन का मामला

जनसंदेश न्यूज


ट्रैक्टर से होता बालू परिवहन

**बीजपुर।** जरहा वन रेंज क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न नदियों से अबैध बालू खनन बेलगाम हो गया है। आलम यह है कि रेंजर खनन पर रोक लगाने में पूरी तरह फेल हैं, तो सहयोगी वन कर्मी मौज उड़ा रहे हैं। जांच के लिए डीएम द्वारा गठित टीम मूकदर्शक बनी हुई है। खनिज विभाग, जंगल महकमा, पुलिस प्रशासन मौन साधे है। बताया गया कि अवैध खनन और बालू डंपिंग में क्षेत्र के दर्जनभर जनप्रतिनिधियों सहित प्रभावशाली लोगों के ट्रैक्टर और टीपर से रात को खनन कर जगह-जगह जंगल में में डंपिंग करने की होड़ लगी है। जरहा में अजीर नदी के नीमडांड़, बघाडू, डुमरचुवा, राजो के मोहारे गजरीडांड़, जहीराडांड़, कोहरमारा, खम्हरिया, महरिकला के रिहन्द डैम सहित पिण्डारी के बिच्छी नदी, महुली, सिरसोती के बरन ठुरुक्की समरलोटवा नदी सहित अनेक स्थानों से खुलेआम शाम होते ही नदियों से खनन, परिवहन को अंजाम दिया जा रहा है। जिसने ग्रामीणों की नींद हराम कर दी है। बताया जाता है कि इस साल खूब बारिश होने के कारण सभी नदियों में बालू का भंडार लगा हुआ है, इस लिए खनन माफिया रात दिन कारोबार को अंजाम देने में लगे हुए हैं। पिछले तीन महीने से शुरू हुए अबैध खनन के दौरान करोड़ों रुपए की बालू जगह-जगह डंप कर सरकारी राजस्व को चूना लगाया जा रहा है। जरहा वन रेंज की नदियों से बालू खनन में पिछले साल से बदनाम है। रेंजर राजेश सिंह की तमाम कोशिश के बावजूद खनन कारोबार को पंख लगे हुए हैं, उनके सिपहसलार कर्मी खनन माफियाओं से सेटिंग कर रेणुकोट डिवीजन में अवार्ड पाना चाहते हैं। डीएफओ भानेन्द्र सिंह ने कहा अब हम खुद जांच करेंगे। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**संक्षेप**

### चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर


प्रतियोगिता में शामिल बच्चे

**शक्तिनगर।** ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एनटीपीसी सिंगरौली के संत जोसेफ स्कूल में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीते 10 दिसंबर को हुए कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को ऊर्जा बचत के महत्व पर विचार करने और कला के माध्यम से इस विषय पर अपने रचनात्मक विचारों को व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम एनटीपीसी सिंगरौली के ईईएमजी विभाग द्वारा शक्तिनगर टाउनशिप में स्कूल समुदाय को ऊर्जा संरक्षण में शिक्षित करने के उनके चल रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता पूरे सप्ताह होने वाली कई गतिविधियों में से एक है। समन्वय करने वाली मोनिका सिंह उप महाप्रबंधक ऊर्जा एवं दक्षता प्रबंधन समूह, एनटीपीसी सिंगरौली ने कहा कि हमारा लक्ष्य शिक्षा को रचनात्मकता के साथ जोड़ना है, छात्रों को ऊर्जा संरक्षण के महत्व को समझने में मदद करना और साथ ही उन्हें अपने विचारों को दृश्य रूप से व्यक्त करने का अवसर देना है।

### समितियों पर पहुंची डीएपी की खेप

**सोनभद्र।** सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में 1 अक्टूबर से 10 दिसम्बर तक सहकारी समितियों में 3939.00 मैट्रिक टन यूरिया एवं 3970.00 मैट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध कराया जा चुका है। पीसीएफ बफर में सामान्य एवं प्रीपोजिशनिंग योजनान्तर्गत 2407.00 टन यूरिया एवं सामान्य योजनान्तर्गत 787 टन डीएपी उर्वरक सम्भार रक्षित है। पीसीएफ बफर में रक्षित सामान्य योजनान्तर्गत 787 टन डीएपी उर्वरक सम्भार में से 760 टन डीएपी उर्वरक का जिलाधिकारी से आवंटन करा कर समितियों को प्रेषित किया जा रहा है। बीते 9 दिसम्बर को रेक प्वाइंट मिजार्पुर से प्राप्त हो रही 718 मैट्रिक टन डीएपी उर्वरक का भण्डारण पीसीएफ बफर में रक्षित कराया जा रहा है।

### फरार वारंटी हुआ गिरफ्तार

**अनपरा।** वारंटियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में स्थानीय पुलिस ने सुशील पाठक पुत्र कृष्ण दत्त पाठक निवासी रेनूसागर कॉलोनी अनपरा को गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ ने बताया कि वारंटी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही हो रहा था, जिस पर न्यायालय द्वारा सुशील पाठक के विरुद्ध वारंट और कुर्की का आदेश जारी किया गया था। इस क्रम में बुधवार को पुलिस टीम ने वारण्टी सुशील को अनपरा बाजार से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### दलित महिला के साथ अभद्र व्यवहार, केस दर्ज

**दुद्धी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के खजुरी गांव की एक महिला ने गांव के ही चार लोगों के विरुद्ध एससीएसटी के तहत केस दर्ज कराया है। घटना बीते छह माह पहले जून की है। गांव के चार लोग एक महिला के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दिया। महिला ने कोर्ट द्वारा आदेश कराकर कोतवाली में बीते पांच दिसम्बर को मुकदमा दर्ज कराया। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### श्याम संकीर्तन का आयोजन आज

**रेणुकूट।** स्थानीय क्षेत्र के मुर्धवा स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में गुरुवार को श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम सूरजगढ़ के श्याम दरबार से आ रहे भगत, ओमप्रकाश इंदौरिया के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में झारखण्ड के धनबाद से आ रहे मनोज सेन और नीमच राजस्थान से आ रही कनिका ग्रोवर भी गायक के रूप में मौजूद रहेंगे। श्याम संकीर्तन के बाद मंदिर परिसर में ही श्याम रसोई का भी आयोजन किया गया है। यह जानकारी आयोजन समिति के सज्जन अग्रवाल ने दी।

## बेहतर चिकित्सा सुविधा विकसित करना जरूरी: डा. रिचा

**सोनभद्र।** जिले में बच्चों और युवाओं में नशे की बढ़ती लत बड़ी सामाजिक व स्वास्थ्य समस्या बनकर सामने आ रही है। इसके मद्देनजर रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के बढ़ौली गांव में धर्मा फाउंडेशन की ओर से संचालित नशा मुक्ति केंद्र में रह रहे लोगों को जागरूक करने के लिए समाजसेवी संजय तिवारी की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मेडिकल कॉलेज में तैनात मनोरोग विशेषज्ञ डा. रिचा पांडेय ने नशा मुक्ति और नशा मनोरोग के इलाज के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशे की लत से पीड़ित लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की दिशा में हर संभव प्रयास करूंगी। कम उम्र में बच्चे नशे के शिकार हो रहे हैं, इसलिए बेहतर चिकित्सा सुविधा विकसित करना जरूरी है। इस मौके पर अरुण शंकर पाठक, आशीष उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# सोबाए चुनाव : 15 ने दाखिल किया, 13 ने खरीदा पर्चा

**पर्चा दाखिला**

## अंतिम दिन 13 लोगों ने लिया पर्चा

**सोनभद्र।** सोनभद्र बार एसोसिएशन के निर्वाचन सत्र 2024-25 के लिए हो रहे मतदान के लिए बुधवार को पहले दिन अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों समेत 15 लोगों ने पर्चा दाखिल किया। नामांकन पत्र वितरण के दूसरे व अंतिम दिन अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सहित भिन्न-भिन्न पदों के लिए कुल 13 लोगों ने पर्चा लिया। कुल 33 लोगों ने पर्चा लिया, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन-तीन लोगों ने पर्चा लिया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी शशि कुमार मिश्र ने बताया कि पर्चा दाखिला के पहले दिन 15 लोगों ने पर्चा दाखिल किया है, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी अरुण कुमार मिश्र व ओम प्रकाश पाठक ने अपना पर्चा दाखिल किया है। इसी प्रकार से वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए शारदा प्रसाद मौर्या, महामंत्री पद के लिए अखिलेश कुमार पांडेय उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए संजय कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे के लिए आशुतोष कुमार दुबे व अखिलेश कुमार मिश्र, संयुक्त मंत्री प्रशासन अजय प्रकाश मिश्र ने पर्चा दाखिल किया है। वही सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से ऊपर के लिए दो प्रत्याशी एवं सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे के लिए पांच प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल किया। उन्होंने यह भी बताया कि पर्चा खरीदने के अंतिम दिन 13 लोगों ने पर्चा लिया। गुरुवार को अंतिम दिन शेष प्रत्याशी अपना पर्चा दाखिल करेंगे।


पर्चा दाखिल करते उम्मीदवार

## शिविर में 31 महिलाओं का किया गया बंध्याकरण

**दुद्धी।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को आयोजित नसबंदी शिविर में 31 महिलाओं का सफल बंध्याकरण किया गया। 32 नसबंदी की इच्छुक महिलाओं का पंजीकरण किया गया। जिसमें जांच के उपरांत ब्लड प्रेशर, प्रैगनेंसी आदि महिलाओं की प्रयोगशाला प्राविधिक जांच कराई गई। 30 महिलाओं का सीएचसी में तैनात सर्जन डा. शाह आलम अंसारी द्वारा सफल बंध्याकरण किया गया। केंद्र प्रभारी डा. आलम ने बताया कि बंध्याकरण की जाने वाली महिलाओं को निःशुल्क दवाइयों के साथ उनके विशेष खानपान हेतु 2000 उनके खाते में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ट्रांसफर किया जा रहा है, जबकि प्रेरक के रूप में आशा कार्यकत्रियों को 300 प्रति महिला के हिसाब से भुगतान किया जाएगा।

# मानव, पशु के साथ भूमि के लिए श्राप है प्लास्टिक

**शिविर**

## बनवासी सेवा आश्रम में आयोजित हुआ प्रेरकों का प्रशिक्षण शिविर

**म्योरपुर।** स्थानीय ब्लॉक के गोविंदपुर स्थित बनवासी सेवा आश्रम में आयोजित चार दिवसीय हमारी भागीदारी के प्रेरकों के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान एडीओ पंचायत अजय कुमार सिंह ने कहा है गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने में सबकी भागीदारी की जरूरत है। प्लास्टिक मनुष्य ही नहीं जानवर और जमीन सभी के लिए नुकसान देय है। एडीओ पंचायत ने मनरेगा, वृद्धा पेंशन, स्वस्छ भारत मिशन, ग्रामीण आजीविका मिशन, श्रम विभाग, आयुष्मान भारत, प्रधान मंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना सहित संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि शौचालय का गड्ढा एक मीटर को लेकर लोगो में असमंजस है, लेकिन इसके पीछे वैज्ञानिक वजह है। एक मीटर का गड्ढा तक उसे सड़ने में आसानी और पेय जल स्त्रोतों तक न पहुंचे इसका ख्याल रखा गया है।

ज्यादा गड्ढा करेंगे तो आस पास के कुएं और हैंड पंप में उसके पानी का रिसाव हो जायेगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं में सबसे पहले आखिरी व्यक्ति को लाभान्वित करना होगा और यह सबके जागरूकता से ही संभव है। बताया कि पंचायत भवन पर योजनाओं के लाभ के लिए ऑनलाइन फार्म भरने की सुविधा है। किसी को बिचौलियों के चक्कर में नहीं पड़ना है। शुभा प्रेम ने कहा कि ग्राम सभा को और सशक्त बनाने के लिए लोगों को गांधी और विनोबा के ग्राम स्वराज को समझना होगा और केंद्रित व्यवस्था को विकेंद्रीय करण में स्थापित कर सामूहिक सोच के आधार पर योजनाओं को ग्राम सभा में ले जाना होगा। प्रेरक लोगों को जागरूक कर उन्हें खुद में आत्मबल और गांव में रोजगार सृजन, भाईचारा, स्थापित करने के साथ लिंगभेद, बाल विवाह, अंधविश्वास को लेकर जागरूक करने के साथ पर्यावरण सरंक्षण, सामूहिक कार्य को बढ़वा देने का प्रयास कर गांव की अलग पहचान बना सकते हैं। इस मौके पर जगत नारायण विश्वकर्मा, प्रदीप पांडेय, नीरा, राम जतन, मोनिका यादव, मनोज यादव, अभिषेक शर्मा समेत तमाम लोग पस्थित रहे।

### लावारिस शव की हुई शिनाख्त

**रेणुकूट।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की सुबह लावारिस मिले शव की शिनाख्त हो गई। चौकी प्रभारी राजेश चौबे ने बताया कि मृतक अलीगढ़ जनपद का निवासी था। उसकी पहचान संजय सिंह 42 पुत्र महावीर सिंह निवासी नगला रानी थाना विजयगढ़, अलीगढ़ था। मृतक के जेब से मिले आधार कार्ड पर लिखे पते के आधार पर उसकी शिनाख्त हुई। शव लेने आये उसके बड़े भाई राजकुमार सिंह ने बताया कि वह बीते 5 दिसंबर को घर से इलाहाबाद के लिए निकला था। वह ट्रेलर पर औद्योगिक कारखाने के लिए जाने वाले बड़ी मशीनों के साथ इलेक्ट्रीशियन के रूप में कार्य करता था।

# बाल विवाह के खिलाफ धार्मिक स्थलों पर किया गया जागरूक

**किया जागरूक**

## बाल विवाह की जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन की टोल फ्री नम्बर 1098 पर दे

जनसंदेश न्यूज


धार्मिक स्थल पर लोगों को जागरूक करती टीम

सोनभद्र। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश पर स्थानीय नगर स्थित धार्मिक स्थल दंडईत बाबा मंदिर व राम जानकी मन्दिर पर उपस्थित पुजारियों को बाल विवाह रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। टीम ने बताया कि अधिकांश धार्मिक स्थलों पर तमाम दर्शनार्थियों के समक्ष बाल विवाह होता है।

जबकि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत सीधे अनुसंशा है कि बाल विवाह में किसी भी तरह की भागीदारी दंडनीय अपराध है। जिसके तहत किसी भी मंदिर, धार्मिक स्थलों पर विवाह होने से पूर्व यह अवश्य जानकारी करें कि बालक की उम्र 21 वर्ष व बालिका की उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो। कहा कि बाल विवाह एक ऐसी सामाजिक कुरीति है, जो कानून बनने एवं विभिन्न प्रावधानों के बावजूद ज्यों के त्यों बनी हुई है। ओआर डब्ल्यू शेषमणि दुबे ने बताया कि अपने आस-पास के हो रहे बाल विवाह की जानकारी तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन की टोल फ्री नम्बर 1098 पर दिया जा सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाता है। इस मौके पर वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासक दीपिका सिंह, रोमी पाठक, गायत्री, अमन सोनकर, सुधा गिरी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# शाश्वत सनातन ब्रह्म की प्राप्ति कराता है यज्ञः डा. वी. सिंह

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज नगर स्थित साईं अस्पताल प्रांगण में बुधवार को गीता जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गीता में वर्णित यज्ञ विषय पर आयोजित गोष्ठी में विद्वतजनों ने अपना विचार व्यक्त किया। इसके अलावा पांच विभूतियों को गीता प्रचार प्रसार सम्मान से सम्मानित किया गया। आयोजक मंडल की ओर से स्वामी अड़गड़ानंद महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।



विभूतियों को सम्मानित करते अतिथिगण

मुख्य वक्ता समारोह के संयोजक डा. वी.सिंह ने कहा कि गीता के अनुसार यज्ञ यौगिक क्रिया है। यह यज्ञ किसी तत्वदर्शी महापुरुष के सानिध्य में साधक के हृदय देश में मन और इंद्रियों के संयम द्वारा संपन्न होता है। यह शुद्ध साधनापरक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि गीता के अनुसार यज्ञशिष्टामृतभुजो यान्ति ब्रह्म सनातनमयज्ञ जिसे अवशेष छोड़ता है वह है अमृत, उसकी प्रत्यक्ष जानकारी ज्ञान है। उस ज्ञानामृत को भोगने अर्थात प्राप्त करने वाले योगीजन शास्वत, सनातन परब्रह्म को प्राप्त होते हैं। अर्थात यज्ञ कोई ऐसी वस्तु है जो पूर्ण होते ही सनातन परब्रह्म में प्रवेश दिला देती है। संयोजक डा. कुसुमाकर ने कहा कि यज्ञ की प्रक्रिया ही कर्म है। पूर्व में जितने भी महापुरुष हुए हैं सभी ने इसी प्रकार यज्ञ कर्म को करके परम नैष्कर्म की स्थिति को प्राप्त किया है। पारस नाथ मिश्र ने कहा कि यज्ञ आध्यात्मिक प्रक्रिया है। बालेश्वर यादव ने यथार्थ गीता के आलोक में यज्ञ की विशद व्याख्या किया। आगन्तुकों का स्वागत अरुण चौबे व संचालन जगदीश पंथी ने किया। वहीं गीता के अविनाशी योग के प्रचार-प्रसार में लगे अधिवक्ता आत्म प्रकाश त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक प्रदीप सिंह पटेल, अध्यापक नरेन्द्र प्रताप सिंह, रमेश थरड और मनीष कुमार श्रीवास्तव को गीता जयंती समारोह समिति द्वारा शाल ओढ़ाकर तथा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उमाकांत मिश्रा, आशुतोष कुमार, रमेश प्रताप सिंह, राणाप्रताप सिंह, नरेन्द्र पांडेय, विमल चौबे, दीपक कुमार केसरवानी, गणेश पाठक, चंद्रकांत तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# सड़क पेंटिंग कार्य का ब्लॉक प्रमुख ने किया शिलान्यास


सड़क पेंटिंग का शिलान्यास करते ब्लाक प्रमुख

**म्योरपुर।** स्थानीय ब्लॉक अंतर्गत ग्राम खैराही में बुधवार को सड़क पेंटिंग कार्य का ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोंड़ ने शिलान्यास किया। खैराही गांव में मुख्य रोड से खैराही गांव तक सड़क की पेंटिंग न होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि पेंटिंग का कार्य रोड पर हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत हो जाएगी। उन्होंने कहा कि म्योरपुर ब्लॉक लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। इस मौके पर प्रधान सीताराम, सुधीर कुमार समेत तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पोखरी में डूबने से मासूम की मौत, मचा कोहराम

**सकलडीहा।** कस्बा के आम्बेडकर बस्ती में 3 वर्षीय एक मासूम बच्चे के पोखरी में डूब जाने से मौत हो होगयी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सीएचसी पर बच्चे को लेकर जाने पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दिये बगैर परिजनों ने शव का बलुआ घाट पर अंतिम दाह संस्कार कर दिया। सकलडीहा कस्बा के आम्बेडकर बस्ती में शिवमूरत राम को एक 5 वर्षीय पुत्री परी व एक पुत्र 3 वर्षीय अंकुश है। शिवमूरत मजदूरी करने के लिये सुबह घर से निकल गया था। माता सरोजा देवी घर पर बच्चों के साथ थी। घर के बगल में पोखरी के पास एक कुत्ता ने बच्चे को जन्म दिया था। कुत्ता के बच्चो के साथ अंकुश करीब तीन बजे खेल रहा था। इसी बीच अंकुश गढ़ई में गिरकर डूब गया। करीब चार बजे तक घर के आसपास अंकुश दिखायी नहीं देने पर माता सरोजा देवी काफी खोजबीन किया। काम से लौटकर पहुंचे पिता भी बच्चे को खोजने में जुट गये। करीब पांच बजे बच्चे का शव पोखरी में उतराता देख तुरंत बाहर ग्रामीणों की मदद से निकाला गया। आनन फानन में परिजन सकलडीहा सीएचसी ले गये। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# देखना है कि किस यूनियन के सिर पर बंधेगा विजेता का ताज

**डीडीयू नगर।** रेलवे के ट्रेड यूनियन के मान्यता चुनाव के बाद गुरुवार को मतों की गिनती की जाएगी। इससे पता चलेगा कि पूर्व मध्य रेलवे जोन में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन तीसरी बार मान्यता प्राप्त करेगा अथवा दूसरा यूनियन इसका स्थान लेगा। रेलवे में राष्ट्रीय स्तर पर ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन और नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमैन के भाग्य का भी फैसला होगा। रेलवे में मान्यता प्राप्त यूनियन बनने के लिए 04, 05 और 06 दिसंबर को मतदान किया गया। डीडीयू मंडल में 19 बूथों पर 13 हजार 972 रेलकर्मियों में 11 हजार 34 रेलकर्मियों ने मतदान किया। यह कुल मतों का 78.97 प्रतिशत रहा। वहीं प्लांट डिपो कारखाना में दो बूथों पर 1270 मतदाताओं में 853 मतदाता रेलकर्मियों ने मन पसंद यूनियन का चुनाव किया। अब बृहस्पतिवार को डीडीयू मंडल में पूर्व मध्य रेलवे इंटर कॉलेज में सुबह आठ बजे से मतों की गिनती की जाएगी। मतगणना के लिए पांच टेबल लगाए गए हैं। शाम तीन बजे तक मतों की गिनती कर विजेता यूनियन की घोषणा कर दी जाएगी। वहीं प्लांट डिपो में एक टेबुल पर मतों की गिनती होगी। अब देखना है कि इसमें कौन यूनियन अपने सिर पर विजेता का ताज रखता है।

### 35 प्रतिशत मत मिलने पर मिलेगी मान्यता

**डीडीयू नगर।** रेल यूनियन की मान्यता के चुनाव में जिस यूनियन को कुल मत का 30 प्रतिशत अथवा कुल पड़े मतों का 35 प्रतिशत वोट मिलेगा। उसे छह वर्ष के लिए यूनियन की मान्यता मिल जाएगी। रेलवे के यूनियन के मान्यता चुनाव में छह यूनियन प्रतिभाग कर रही हैं। चुनाव लड़ने वालों में वर्तमान में मान्यता प्राप्त ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन, ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस, ईस्ट सेंट्रल रेलवे इंप्लाईज यूनियन, पूर्व मध्य रेल मजदूर कांग्रेस, पूर्व मध्य रेल मजदूर संघ और स्वतंत्र रेलवे बहुजन कर्मचारी यूनियन के नाम शामिल हैं।

# मजिदहा में आभूषण की दुकान से लाखों के गहने चोरी

जनसंदेश न्यूज


मजीदहां पुल पर स्वर्ण आभूषण की दुकान पर जुटी भीड़ व पुलिस।

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के मजिदहा पुल पर राम लखन ज्वेलर्स के दुकान में मंगलवार की रात चोरों ने सेंध लगाकर लाकर में रखा लाखों रुपये के गहने चुरा ले गए। बुधवार की सुबह दुकान खोलने पर दुकानदार को चोरी की घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया। फोरेंसिक की टीम जांच पड़ताल में जुटी रही। चोर इतने शातिर थे कि सीसीटीवी का डीबीआर भी अपने साथ ले गये। विदित हो कि सैदपुर के रहने वाले संजय सेठ की दुकान मजीदहां में है। प्रतिदिन की भाति मंगलवार की शाम को दुकान बंद कर घर चले गए।

बुधवार को जब 11 बजे दुकान पर पहुंचे दुकान का ताला खोला तो देखा कि अंदर लाकर टूटा पड़ा हुआ है। अंदर सारा सामान बिखरा था और उसमें रखे सारे गहने गायब है। चोरों ने पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और बीच में पाटिसन की दीवार को तोड़कर दुकान में प्रवेश कर गए। चोर लाकर को तोड़कर 150 ग्राम सोने की आभूषण, 5 किलो चांदी के आभूषण चोरी कर ले गये। चोरी की सूचना बलुआ पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर सकलडीहा सीओ रघुराज प्रताप, बलुआ इंस्पेक्टर डॉ.आशीष मिश्रा, कैलवार चौकी इंचार्ज अनिल यादव, मारुफपुर चौकी इंचार्ज तरुण पाण्डेय आदि मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। इस संबंध में बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा का कहना है चोरी हुई है। जिसकी छानबीन की जा रही है जल्द ही इसका पदार्फाश किया जाएगा।

# महिला आयोग की सदस्य ने जनसुनवाई में सुनी फरियाद

**जाना हाल**

### बाल गृह (शिशु) व फगुईयां आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण


फगुईयां आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करती महिला आयोग की सदस्य गीता बिंद।

**चंदौली।** राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता बिन्द बुधवार को जनपद दौरे पर थीं। इस दौरान उन्होंने बाल गृह (शिशु) विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण पटपरा टड़िया रोड अलीनगर का निरीक्षण किया, जहां संस्था में 04 में चार बच्चे आवासित थे। स्थानान्तरित किये गये बच्चे के दत्तक ग्रहण आदेश के सम्बन्ध में पूछने पर जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्थानान्तरित बच्चे के इन्टर कन्ट्री एडाप्सन हेतु उन्हें संस्था में बुलाने की आवश्यकता पड़ती है, जिसके सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि स्थानान्तरित बच्चों के एडाप्सन के कार्यवाही हेतु आवश्यकतानुसार उन्हे पुनः आवासित कराने हेतु समक्ष अधिकारी से आदेश प्राप्त किया जाये। इसके बाद राज्य महिला आयोग की सदस्य आंगनबाड़ी केन्द्र फगुईया, ब्लाक सकलडीहा में गोद भरायी एवं अन्नप्रासन कार्यक्रम शामिल हुई और उच्च माध्यमिक विद्यालय फगुइयां का निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित बच्चों से वार्ता की गयी। इसके पश्चात अपरान्ह दो बजे से पीडब्लूडी गेस्ट हाउस, चंदौली में महिला जसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 11 शिकायती प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही की गयी। दो प्रकरण में उभय पक्षों को अगली जनसुवाई कार्यक्रम में बुलाये जाने हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास वर्मा, उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार, स्वास्थ्य, चिकित्सा, पंचायती राज, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, सूचना विभाग एवं महिला थाना के कार्मिक व अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम के पश्चात वन स्टाप सेन्टर, चन्दौली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कोई बालिका व महिला उपस्थित नहीं थी, जिसके सम्बन्ध में केन्द्र प्रबन्ध द्वारा बताया गया कि एक बालिका को शेल्टर दिया गया है, जो मेडिकल हेतु जिला चिकित्सालय गयी है। वन स्टाप सेन्टर में बाउंड्रीवाल का आवश्यकता है, जिसके सम्बन्ध में जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया। बाउन्ड्रीवाल तथा अन्य निर्माण कार्य हेतु आगणन प्राप्त कर शासन से बजट की मांग करें।

## संक्षेप

### सलेमपुर और नरैना में लटकता तार दुर्घटना को दे रहा दावत


सलेमपुर में लटकता बिजली का तार

**सकलडीहा।** उपजिलाधिकारी की निर्देश के बाद भी बिजली की लटकती तार को लेकर विभागीय अधिकारी और ठेकेदार अनजान बने हुए है। जिसे लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। सलेमपुर गांव में बीते कई माह से बिजली की केबिल लटकने से दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। इसके पूर्व में नरैना गांव में लटकती तार के कारण एक युवती की मौत हो गयी। इसके बाद भी तारों को दुरूस्त नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने आन्दोलन की चेतावनी दिया है। सलेमपुर गांव में बिजली विभाग की ओर से बिजली की केबिल खींचकर छोड़ दिया गया। खंभा के अभाव में बिजली की तार पैदल चलने वाले लोगों के सर के उपर से गुजर रहा है। जिसके कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके पूर्व में 21 अक्तूबर को नरैना गांव में लटकती की चपेट में आने से एक युवती की मौत होगयी। घटना को लेकर ग्रामीणों ने घंटों विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे एसडीएम अनुपम मिश्रा ने बिजली विभाग के अधिकारी को लटकती तारों को ठीक कराने का निर्देश दिया था। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी और ठेकेदार अनजान बने हुए है। ग्रामीणों ने सलेमपुर और नरैना में लटकती तार को ठीक कराने की जिला प्रशासन से मांग किया है। समस्या का समाधान नहीं होने पर आन्दोलन की चेतावनी दिया है। इस बाबत एसडीओ सतीश कुमार ने बताया कि शीध्र ही समस्या दूर कराया जायेगा।

### कर्मनाशा नदी में मगरमच्छ आने से ग्रामीणों में दहशत

**नौगढ़।** कर्मनाशा नदी में निकल कर कन्धरा नाला में मगरमच्छ आ जाने से समीपवर्ती बस्ती वासियों में काफी दहशत व्याप्त हो गया है। जानकारी पाकर मगरमच्छ को देखने के लिए चकिया नौगढ़ मार्ग पर कन्धरा पुल के समीप काफी भीड़ पहुंच गयी। औरवाटांड़ बांध में काफी संख्या में मगरमच्छों का बसेरा है। इस वर्ष कर्मनाशा नदी में जलभराव होने से मगरमच्छ कंधरा नाला में पहुंच गया। पानी में डूबी हुई धान की फसल को ट्यूब के सहारे काट रहे मजदूरों ने मगरमच्छ को देख कर शोरगुल मचाते हुए भाग गये, जिसे जानकर लोगों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। कन्धरा पुल के समीप व नौगढ बाजार के उत्तरी छोर पर रहने वाले लोगों में बहुत काफी दहशत व्याप्त है।

### नाट्य रंगकर्मी को मिला मंगल पाण्डेय स्मृति सम्मान

**डीडीयू नगर।** नगर के नाट्य रंगकर्मी विजय कुमार गुप्ता को प्रोग्रेसिव फाउण्डेशन आफ हूमेन राईटस व फिल्म निमार्ता, निदेशक मुकेश पाण्डेय एवं भोजपुरी और गुजराती फिल्म स्टार राकेश पाण्डेय ने काशी हिन्दी विद्यापीठ के कुलसचिव कवि इन्द्रजीत तिवारी निर्भीक के स्वागत संयोजन में आकाशवाणी, दूरदर्शन की प्रख्यात उदघोषिका भारत गौरव डा.अनीता सहगल वसुंधरा के संचालन में महान क्रान्तिकारी मंगल पाण्डेय स्मृति सम्मान भेंट किया गया। सम्मान विजय कुमार गुप्ता को दिये जाने पर भारतीय रेलवे के पूर्व राजभाषा अधिकारी दिनेशचन्द्रा, सदानंद दूबे, श्रीप्रकाश कुमार श्रीवास्तव गणेश, राकेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रहरी, निक्की गुप्ता सहित अनेकों लोगों ने प्रसन्नता का इजहार किया है।

### नौगढ़ में खंड शिक्षाधिकारी ने कार्यभार संभाला

**नौगढ़।** नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी लालमणि राम ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण किया। वहीं शिक्षक संगठनों ने नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने मौजूद शिक्षकों की समस्याओं का हर संभव निस्तारण कराए जाने का भरोसा दिया। कहा कि क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के सहयोग से शासन की मंशा के अनुरूप समुचित शिक्षा ब्यवस्था संचालित किया जाएगा। निपुण ब्लॉक बनाने के बारे में भी चर्चा किया गया। इस अवसर पर महेंद्र देव पाण्डेय, श्रवण कुमार, कृष्ण नंदन मिश्रा, रणविजय सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद जरूरीः रमेश जायसवाल

**कार्यक्रम**

### गुरुकुल विद्यालय में तीन दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम शुरू


गुरुकुल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक रमेश

**चंदौली।** गुरुकुल विद्यालय में बुधवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने झंडा फहराकर खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इसके बाद स्कूली बच्चों से मुलाकात की और उन्हें खेल के महत्व के बारे में जानकारी दी। कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। यह हमारे शरीर व मस्तिष्क को स्वस्थ एवं ऊजार्वान बनाए रखने में सहयोग प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि पीएम खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यही वजह है कि उन्होंने खेलो इंडिया का नारा दिया। कई योजनाएं चलाकर प्रतिभावान और ऊजार्वान खिलाड़ियों को सुविधा व अच्छी ट्रेनिंग मुहैया कराने का काम किया, जिससे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन कर रहे हैं। कहा कि खेलकूद के लिए बच्चों को विद्यालय स्तर से ही प्रेरित किया जा रहा है, ताकि वे भी अपनी पसंद के खेलकूद में प्रतिभाग करने के लिए आगे आएं। प्रबंधक इसरार अहमद खान ने कहा कि विद्यालय बच्चों किताबी जानकारी के साथ ही व्यवहारिक ज्ञान और खेलकूद से जोड़े रखने के लिए नियमित तौर पर कार्यक्रम आयोजित करता है, ताकि पढ़ाई बच्चों को बोझिल ना लगे और वे एक अच्छे माहौल में शिक्षा को हासिल करने का काम करें। इस काम में विद्यालय के शिक्षकों का प्रयास सराहनीय है। पहले दिन रस्साकस्सी, कबड्?डी, दौड़, गोला फेंक, भाला फेके इत्यादि खेलकूद गतिविधियां हुई, जिसमें स्कूल के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अशोक जायसवाल, ग्राम प्रधान नेगुरा रामजियावन, मसौनी प्रधान अवधेश यादव, प्रधानाचार्य कृष्णकान्त, मधु श्रीवास्तव, शमशुद्दीन, खुश्बु सिद्दीकी, सुभाष, परवेज, रोशन, खुशी, विनीता, सुहेल आदि उपस्थित थे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र के गंजख्वाजा गांव के समीप पैदल नेशनल हाईवे पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। अलीनगर थाना क्षेत्र के बरहुली गांव निवासी सुद्धन बिन्द 45 वर्ष गंजख्वाजा आवश्यक कार्य हेतु जा रहा था। इसी दौरान पैदल नेशनल हाईवे पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त बरहुली गांव निवासी सुद्धन बिन्द के रूप में हुई। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर अलीनगर थाना अध्यक्ष विनोद मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन का भी पता लगाने का काम भी किया जा रहा है।

# अलग फीडर में बंटेगा बजहा व जरखोर

जनसंदेश न्यूज

**बबुरी।** स्थानीय पावर हाउस से जुड़े बजहा और जरखोर फीडर के उपभोक्ताओं को अब बार-बार ट्रिपिंग, ओवरलोड और लो वोल्टेज की समस्याओं से छुटकारा मिलने वाला है। किसानों और उपभोक्ताओं की समस्याओं को देखते हुए उपखंड अधिकारी जीवनाथपुर अमर सिंह पटेल ने दोनों फीडरों को अलग-अलग फीडर में बांटकर समाधान का निर्णय लिया और दोनों फीडरों को अलग करने का कार्य प्रारम्भ हो गया है।

गर्मी तथा फसलों की सिंचाई के समय बजहा और जरखोर फीडर पर ओवरलोड हो जाने से बार बार ट्रिपिंग और लो बोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता और किसान परेशान होते थे। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए दो अतिरिक्त फीडर लगाने का उपखण्ड अधिकारी अमर सिंह पटेल ने निर्णय लिया। विभाग से मंजूरी मिलने के बाद करीब 60 लाख रुपये की लागत से बजहा और जरखोर फीडर पर अलग-अलग नए फीडर बनाने का काम शुरू हो चुका है। खंबे लगाकर तार खिंचने का कार्य शुरू हो गया है। कार्य पूरा होने के बाद जरखोर और बजहा फीडर से जुड़े दोनों क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुचारु हो जाएगी। इस संबंध में उपखंड अधिकारी जीवनाथपुर अमर सिंह पटेल ने कहा कि कृषि बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण इन दो फिडरों पर अतिरिक्त लोड हो जाता था। जरखोर और बजहा फीडर को अलग-अलग बनाने से अब लोड कम होगा।

इससे ओवरलोड और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। उपभोक्ताओं और किसानों को अब भरपूर और स्थिर बिजली मिलेगी। जनवरी महीने से इन नए फीडरों से बिजली आपूर्ति शुरू हो जाएगी। उपभोक्ताओं ने उपखंड अधिकारी अमर सिंह पटेल का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने जो भी वादा किया, उसे पूरा किया।

# मिशन शक्ति के तहत इलिया में छात्राओं को किया जागरूक


इलिया बालिका विद्यालय में मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को जागरूक करती पुलिस।

**इलिया।** स्थानीय कस्बा स्थित एक बालिका विद्यालय में बुधवार को मिशन शक्ति तथा 1090 वूमेन पावर लाइन के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराधों ,साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया गया। वही शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए जागरूकता पम्पलेट का वितरण किया गया। इस दौरान एसआई श्रीप्रकाश यादव, अनुजा, सरोज, शकुंतला, पूजा, पुलिसकर्मी सहित छात्राएं उपस्थित थीं।

### रोजगार मेला में 98 को मिला रोजगार

**चंदौली।** जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय आईटीआई रेवसा के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 08, विजन इण्डिया प्रा० लि० द्वारा सुब्रोस लि० (नोएडा) हेतु 80 डिक्सन प्राइवेट लिमिटेड हेतु 10 सहित कुल 98 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर किया गया। मेले में लगभग 207 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 98 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर आये हुए अभ्यर्थियों से प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई अजय कुमार द्वारा तकनीकि क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के सम्बन्ध में मार्गदर्शन किया। उन्हें अपनी योग्यता अनुसार विभिन्न प्रतिभागी कम्पनियों में साक्षात्कार देने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही कार्यदेशक राजकीय आईटीआई आनन्द श्रीवास्तव द्वारा रोजगार की सम्भावनों को अवगत कराते हुए कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इस मौके पर सुनिल कुमार कार्यदेशक, सुशील सिंह कार्यदेशक, अब्दुल कुद्दूस, हीरालाल आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# महाबलपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा एवं किसान न्याय मोर्चा ने की बैठक

जनसंदेश न्यूज


दुलहीपुर में बैठक करते महाबलपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा व किसान न्याय मोर्चा के लोग।

**डीडीयू नगर।** दुलहीपुर महाबलपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा एवं किसान न्याय मोर्चा द्वारा संयुक्त रूप से बैठक दुलहीपुर स्थित कैंप कार्यालय पर हुआ। इस दौरान मोर्चा के संरक्षक रतन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि दुलहीपुर महाबलपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा विगत दो वर्षों से सड़क चौड़ीकरण के विरोध में अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहा है। दुलहीपुर महाबलपुर में फोर लेन सड़क बनाई जाये। सिक्स लेन सड़क चौड़ीकरण होने पर यहां के दुकानदार बेघर हो जायेंगे जिससे बेरोजगारी बढ़ेगी।

जब कि सरकार की मंशा है कि किसी का घर न तोड़ा जाए। किसी का घर जनहित में उजाड़ने की जरूरत है तब उनके घर का अधिग्रहण एवं जमीन का अधिग्रहण करने के उपरांत बिना मुआवजा दिए हुए उनके घरों को ना तोड़ा जाए। अभी पिछले तीन दिन पहले पड़ाव सेमरा कटेसर रतनपुर भोजपुर चौरहट में फोरलेन सड़क बनाने की कवायद चल रही है, जिसमें एक सप्ताह पूर्व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रामनगर स्थित एक लान में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी एवं जिला प्रशासन वाराणसी एवं चंदौली के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया था। जिनके घर तोड़े जाएं उन्हें जमीन मकान का मुआवजा दिया जाए। दुर्भाग्य है कि उनके निर्देश के बावजूद किसी को भी बिना मुआवजा दिए उनके घरों का ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चल रही है। जिसका हम सभी मोर्चा की ओर से निंदा करते हैं। उच्च न्यायालय द्वारा एक फैसले में यह निर्देश दिया है कि जब तक दुलहीपुर महाबलपुर के जमीन और मकान का अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो तब तक उनके घरों को ना तोड़ा जाए। इस अवसर पर चितरंजन सोनकर, महेंद्र शर्मा, नंदकिशोर गुप्ता, सुरेश कुमार, जलालुद्दीन अंसारी, डा आरके शर्मा, गुलाम मोहम्मद, गोविंद गुप्ता, गुड्डू निगम, नसीम आदि लोग मौजूद रहे।

# अभिभावक बच्चों को सामाजिक हित में सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रति करे जागरूक

**अवसर**

### डायट में चल रहे तीसरे चरण के सुरक्षा एवं संरक्षा आधारित प्रशिक्षण का समापन


डायट पर प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र के साथ शिक्षक व प्राचार्य विकायल भारती।

**सकलडीहा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पर बुधवार को न्यू आडिटोरियम हाल में माध्यमिक विद्यालयों के राजकीय एवं सहायता प्राप्त शिक्षकों का तीन दिवसीय सुरक्षा एवं संरक्षा आधारित प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। अंतिम दिन शिक्षकों को डायट प्राचार्य विकायल भारती ने प्रमाण पत्र वितरण किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सुरक्षा एवं संरक्षा के अन्तर्गत आपदा एक आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, विद्यालय स्तर पर स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान सन्दर्भदाता डॉ जितेन्द्र सिंह ने आपदा सुभेद्य क्षेत्र, उत्तर प्रदेश की घोषित आपदाएं, आपदा प्रबंधन एवं विद्यालय स्तर पर आपदाओं से बचने के उपाय पर गतिविधि आधारित चर्चा परिचर्चा की गई। देवेन्द्र कुमार द्वारा साईबर सुरक्षा पर गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से विभिन्न ऐप के माध्यम एवं साइबर सुरक्षा संबंधित तकनीकी जानकारी दी गई। समापन सत्र को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य विकायल भारती ने कहा कि यह प्रशिक्षण स्कूल के बच्चों के साथ साथ सभी शिक्षकों के व्यावहारिक जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है। बच्चों की उपस्थिति दर, शैक्षिक परिवेश निर्धारण में आपदाओं एवं जोखिम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बच्चों, अभिभावकों एवं सामाजिक हित में सुरक्षा एवं संरक्षा आधारित विभिन्न गतिविधियों की जागरूकता का प्रसार करेंगे। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ रोशन कुमार सिंह द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस दौरान डा.रोशन कुमार सिंह, डॉ. बैजनाथ पांडेय, विजेंद्र भारती आदि मौजूद रहे।

# नवोदय विद्यालय से कक्षा नौ का छात्र गायब, हड़कंप

जनसंदेश न्यूज

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के बैराठ स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय से कक्षा 9 का 14 वर्षीय छात्र बाबू लाल चौरसिया तीन दिनों से लापता है। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद बुधवार को बलुआ थाने में पुत्र के गायब होने की सूचना दिया है, जबकि प्रिंसिपल भी बलुआ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही है। बलुआ इंस्पेक्टर ने विद्यालय में जाकर सीसी फुटेज चेक किया। बताते हैं कि बलिया जनपद के रहने बांसडीह कोतवाली के मुहल्ला बड़ी बाजार के रहने वाले मोहनलाल चौरसिया के पुत्र बाबू लाल चौरसिया चहनियां क्षेत्र के बैराठ गांव स्थित जवाहर नवोदय बिद्यालय में कक्षा 9 का छात्र है। वह विगत तीन दिनों से विद्यालय से गायब है। लड़के के पिता का कहना है कि हमारी पुत्री सुमन के मोबाइल पर फोन आया कि आप जल्द विद्यालय आइये। जरूरी काम है। जब लड़के की माँ संजय देवी व पुत्री विद्यालय पहुंची तो लड़के के गायब होने की सूचना दिये। तीन दिन से यही रहकर लड़के को तलाश कर रहे है। बुधवार को हमने बलुआ थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। उन्होंने अपने पुत्र संग अनहोनी होने की आशंका जतायी। वही प्रिंसिपल एसके मिश्रा का कहना है कि जिस दिन लड़का गायब हुआ उसी दिन बलुआ थाने में गुमशुदगी 7687की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वही बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा का कहना है कि तीन दिन पहले प्रिंसिपल द्वारा तहरीर दिया गया था। लगातार दो दिनों से जाकर सीसीटीवी फुटेज की जांच किया जा रहा है। बच्चे का लोकेशन ट्रेस हो गया है। जल्द ही उसकी बरामदगी किया जायेगा।

**बोले इंस्पेक्टर**

### छात्र का लोकेशन ट्रेस हो गया है जल्द होगी बरामदगी

# शहाबगंज में सीएम सामूहिक विवाह का सत्यापन पूर्ण

**शहाबगंज।** मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह का सत्यापन का कार्य बीडीओ दिनेश सिंह के देखरेख में बुधवार को सम्पन्न हुआ। जहां विभिन्न गांव के 23 लाभार्थियों ने सामुहिक विवाह के लिए आवेदन किया। जहां जांचोपरांत 16 लाभार्थी पात्र पाए गए। शासन के निर्देश पर ब्लाक परिसर में 14 दिसम्बर को मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 23 लाभार्थियों ने आवेदन किया।

जिसमें सभी पत्रावलियों की जांच पड़ताल करने के बाद सेमरा, बडौरा, सिंघरौल, राममाड़ो, लटांव, डूमरी, बडौरा, इलिया, जिगना के कुल 16 लाभार्थी पात्र पाए गए। खण्ड विकास अधिकारी दिनेश सिंह बताया कि सभी लाभार्थियों का पारदर्शिता पूर्वक जांच किया गया है, जिससे कोई पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने से वंचित न हो पाए।

# परिवहन विभाग ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप

**चंदौली।** एआरटीओ डा.सर्वेश गौतम ने बताया कि शीत ऋतु के दौरान होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से नवीन मण्डी चंदौली में 21 ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया। प्रदेश में शीत ऋतु के दौरान कोहरे की दृष्टिगत प्रायः सड़क दुर्घटनाओं के घटित होने की सम्भावना बढ़ जाती है। इस ऋतु में सड़कों पर दृश्यता कम होने के कारण घटित होने वाली दुर्घटनाओं को रोके जाने हेतु विभिन्न तरह के सुरक्षात्मक उपायों को सम्बन्धित विभागों व संस्थानों द्वारा अपनाया जा रहा है। इसी क्रम में परिवहन विभाग द्वारा नवीन मण्डी चन्दौली पर स्थानीय रूप से निर्मित ट्रैक्टर-ट्राली में जिनका उपयोग मार्गों-राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य राजमार्गों, मुख्य जिला मार्गों तथा अन्य मार्गों पर भी होता है। उनके विरूद्ध यात्री एवं मालकर अधिकारी चन्दौली ललित कुमार मालवीय एवं सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अशोक कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से नवीन मण्डी परिसर पर खड़ी 21 ट्रैक्टर-ट्रालियों पर मानक के अनुसार रेट्रो-रिफ्लेक्टर टेप लगवाये जाने की कार्यवाही की गयी। प्रदेश में सामान्यता स्थानीय रूप से निर्मित ट्रैक्टर-ट्राली का संचालन होता है, जिसमें न तो बैक लाइट होती है ओर न ही बैंक लाइट ब्रेकिंग सिस्टम से जुड़ी होती है। ट्रैक्टर-ट्राली की गति कम होने तथा आगे-पीछे पर्याप्त लाइट व रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप न लगे होने के कारण रात्रि में चलने वाले वाहन चालकों को असुविधा भी होती है। यह भी देखा जाता है कि खराब हालत में होने वाले ट्रैक्टर-ट्राली के चालक ट्रैक्टर-ट्राली को सड़क के बायी ओर पार्किंग स्थान पर वाहन को खड़ा न करके सड़क पर कहीं भी वाहन को खड़ा कर देते हैं, जो कोहरे में कम दृश्यता के कारण दुर्घटना का कारण बन जाते हैं। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत प्रयोग में लाये जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों के अतिरिक्त मण्डियों में चलने वाले तथा चीनी मिलों में गन्ना धुलाई के कार्य में संलग्न ट्रैक्टर, ट्रालियों तथा माल वाहनों पर भी नियमानुसार आकार के रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाया जाना आवश्यक है। केन्द्रीय मोटरयान नियमावली 1989 के नियम 104 के परन्तुक में व्यावसायिक वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाये जाने के प्रावधान किये गये हैं। यह टेप विभिन्न वर्गों के मोटरयानों में विभिन्न आकर के लगाया जाना प्राविधानित है।

# स्पोर्ट्स



पर्थ में भारतीय महिला टीम की अरुंधति रेड्डी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में विकेट मिलने पर उत्साहित होती हुई।

## सिंधु ने पीएम मोदी से मुलाकात कर शादी का निमंत्रण दिया



**नई दिल्ली।** महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शादी का निमंत्रण दिया है। इस दौरान सिंधु के साथ उनके मंगेतर वेंकट दत्त साई भी थे। सिंधु ने प्रधानमंत्री से मुलाकात करने के साथ ही उनके प्यार, स्नेह और मार्गदर्शन के प्रति धन्यवाद दिया। सिंधु इसी माह 22 दिसंबर को वेंकट के साथ शादी के बंधन में बंधेंगी। सिंधु ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनके साथ बैडमिंटन जबकि वेंकट के साथ डेटा पर जिस प्रकार की बातचीत की उससे वह हैरान हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, आपके साथ समय बिताना हमेशा ही बहुत विशेष होता है। सर। हम आपके प्यार, स्नेह और मार्गदर्शन के लिए बहुत आभारी हैं। यह वास्तव में हैरानी की बात है कि आप मेरे साथ बैडमिंटन और दत्ता के साथ डेटा पर इतनी सहजता से चर्चा कैसे कर सकते हैं। सिंधु ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। सोशल मीडिया में आई एक तस्वीर में सिंधु और वेंकट वित्त मंत्री के साथ दिखे। इससे पहले सिंधु ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को अपनी शादी का कार्ड दिया था। शटलर से शादी का निमंत्रण मिलने के बाद तेंदुलकर ने सोशल मीडिया में कहा था। बैडमिंटन में, स्कोर हमेशा प्यार से शुरू होता है, और वेंकट दत्त साई के साथ आपकी खूबसूरत यात्रा यह सुनिश्चित करती है कि यह हमेशा प्यार के साथ जारी रहे। अपने बड़े दिन का हिस्सा बनने के लिए हमें व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद। आप दोनों को जीवन भर की शुभकामनाएं।

# आईसीसी रैंकिंग में इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक नंबर-1 पर

### ट्रेविस हेड, कामिंडु मेंडिस और टेम्बा बावुमा को भी फायदा, गेंदबाजी में बुमराह टॉप पर

**नई दिल्ली।** आईसीसी रैंकिंग में इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अपने ही देश के जो रुट को पीछे छोड़ दिया है। बुधवार को जारी रैंकिंग में ट्रेविस हेड, कामिंडु मेंडिस और टेम्बा बावुमा को भी फायदा हुआ है। बैटर्स की टॉप-10 लिस्ट में इंडियन विकेटकीपर ऋषभ पंत को 3 पायदान का नुकसान हुआ है। बॉलर्स रैंकिंग में पेसर जसप्रीत बुमराह 890 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले स्थान पर है।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को एक स्थान का फायदा हुआ है, अब वह चौथे स्थान पर पहुंच गए है। भारतीय स्पिनर्स रविचंद्रन अश्विन पांचवें और रवींद्र जडेजा छठे स्थान पर है। आईसीसी की ओर से जारी नई टेस्ट रैंकिंग में अब इंग्लैंड के हैरी ब्रूक नंबर एक बल्लेबाज बन गए हैं। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। इससे पहले वे दूसरे स्थान पर थे। अब उनकी रेटिंग बढ़कर 898 की हो गई है। दूसरे पायदान पर जो रूट है। उनकी रेटिंग 897 की है। न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन 812 की रेटिंग के साथ तीसरे और भारत के यशस्वी जायसवाल 811 की रेटिंग के साथ नंबर चार पर बने हुए हैं। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार सेंचुरी लगाने का फायदा ट्रेविस हेड का मिला है। उन्होंने एक साथ 6 स्थानों की छलांग मारी है। वह अब 781 की रेटिंग के साथ नंबर पांच पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। वह अब 759 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर पहुंच गए हैं। साउथ अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा भी तीन पायदान ऊपर आ गए हैं। वह अब 753 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर पहुंच गए हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले मिचेल स्टार्क को 3 स्थान का फायदा हुआ है। अब ऑस्ट्रेलियाई पेसर 14वें स्थान से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं, उनकी 746 की रेटिंग है। जसप्रीत बुमराह 890 रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं।



### कीर्ति आजाद ने डीडीसीए पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया


**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर कीर्ति आजाद ने दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। डीडीसीए अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल कीर्ति आजाद ने डीडीसीए अधिकारियों पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से मिले लगभग 140 करोड़ रुपए का केवल एक हिस्सा ही खर्च किया। वहीं वर्तमान अध्यक्ष रोहन जेटली सहित डीडीसीए के मौजूदा पदाधिकारियों ने अभी तक आजाद के आरोपों का कोई जवाब नहीं दिया है।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही टी20 में हारा पाकिस्तान

**जोहासंबर्ग।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम को मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही टी20 मैच में 11 रनों से हार का सामना करना पड़ा है।

तीन मैचों की इस सीरीज के पहले ही मैच में दक्षिण अफ्रीका ने डेविड मिलर के 82 और जॉर्ज लिंडे के 48 रनों की आक्रामक पारी के बल पर 9 विकेट पर 183 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम ने 8 विकेट पर 172 रन ही बनाये। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान 74 रनों को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक पाया। अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम भी शून्य पर ही आउट हो गये। रिजवान के साथ पारी की शुरूआत करने उतरे आजम ने 4 गेंद खेली और पेवेलियन वापस लौट गए। सईम अयूब ने 15 गेंदों पर 31 रन बनाये और अपना विकेट खो दिया। रिजवान ने 50 गेंदों पर अर्धशतक लगाया वह 74 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अन्य बल्लेबाज टिक नहीं पाये। इस मैच में मेजबान टीम के ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे छाये रहे। जॉर्ज ने पहले 21 रन देकर 4 विकेट लिए और इसके बाद बल्लेबाजी के दौरान 24 गेंदों पर ही 3 चौके और 4 छक्के लगाकर 48 रन बनाये। वहीं अनुभवी आक्रामक बल्लेबाज मिलर ने इस मैच में 8 छक्के और 4 चौके लगाकर सबसे अधिक 82 रन बनाये।

**आजम खाता भी नहीं खोल पाये, डेविड मिलर ने बनाए 82 रन**



### सिराज को समझाएं भारतीय टीम के सीनियर गेंदबाज : मार्क टेलर

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर का मानना है कि भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों का युवा तेज गेंदबाज मो सिराज को समझाना चाहिये कि अंपायर के फैसले का इंतजार किए बिना विकेट का जश्न मानना गलत है। टेलर ने ये बात इसलिए कही क्योंकि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड में खेले गये दिन-रात के दूसरे टेस्ट में सिराज की मेजबान बल्लेबाज ट्रेविस हेड से बहस हुई थी। इसी को लेकर टेलर ने कहा कि सिराज को जब लगता है कि बल्लेबाज आउट है तो वह अंपायर का फैसला आने से पहले ही जश्न मनाने के लिए अपने साथियों की तरफ दौड़ पड़ते हैं।

## मुश्ताक अली ट्रॉफी : मध्यप्रदेश और बड़ौदा सेमीफाइनल में

### एमपी ने सौराष्ट्र को 6 विकेट से हराया, वेंकटेश मैन ऑफ द मैच, बंगाल 41 रन से हारा

**मुम्बई।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मध्यप्रदेश और बड़ौदा पहुंच गए हैं। बुधवार को मध्यप्रदेश की टीम ने सौराष्ट्र को 6 विकेट से हराया। वहीं बड़ौदा ने बंगाल के खिलाफ 41 रन से जीत दर्ज की। मप्र की ओर से वेंकटेश अय्यर ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 33 बॉल पर नाबाद 38 रन की पारी खेली। साथ ही 2 विकेट भी चटकाए। इधर, बेंगलुरु में बड़ौदा ने बंगाल को 173 रन का टारगेट दिया था। जवाब में बंगाल की टीम 131 रन पर सिमट गई। हार्दिक पंड्या को 3 विकेट मिले। चौथे क्वार्टर फाइनल में मुंबई-विदर्भ के बीच का मैच जारी है। दिल्ली-उत्तर प्रदेश के बीच का दूसरा क्वार्टर फाइनल शाम 4:30 बजे से खेला जाएगा। अलूर में मध्यप्रदेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बैटिंग कर रही सौराष्ट्र ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। मध्यप्रदेश ने 174 रन का टारगेट 20वें ओवर की दूसरी बॉल पर 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। एमपी की ओर से अर्पित गौड़ ने 29 बॉल पर 42 रन बनाए, जबकि कप्तान रजत पाटीदार ने 18 बॉल पर 28 रन जोड़े। वेंकटेश अय्यर 38 रन पर नाबाद लौटे। सौराष्ट्र की ओर से चिराग जानी ने 45 बॉल पर नाबाद 80 रन की पारी खेली। शेष बल्लेबाज 20 रन से ज्यादा स्कोर नहीं कर सके। मप्र की ओर से वेंकटेश अय्यर और आवेश खान ने 2-2 विकेट झटके। त्रिपुरेश सिंह, शिवम शुक्ला और राहुल बाथम को एक-एक विकेट मिला। चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बंगाल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। बड़ौदा की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 172 रन बनाए। ओपनर शाश्वत रावत ने 26 बॉल पर 40 रन की पारी खेली। अभिमन्यु सिंह राजपूत ने 34 बॉल पर 37 रन का योगदान दिया। शिवालिक सिंह ने भी 24 रन बनाए। बंगाल की ओर से मोहम्मद शमी, कनिष्क सेठ और प्रदीप्ता प्रामाणिक ने 2-2 विकेट लिए। एक विकेट सक्षिम चौधरी को मिला। जवाब में बंगाल 18 ओवर में 131 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम से शहबाज अहमद ने सबसे ज्यादा 55 रन बनाए। बड़ौदा से हार्दिक, मेरीवाला और अतीत सेठ को 3-3 विकेट मिले।



# चंदौली को मिली इफको की 1660 एमटी डीएपी, 443 एमटी एनपीके

**उर्वरक उपलब्ध**

**जनपद के किसानों को उर्वरक के लिए नहीं करनी होगी जद्दोजहद**

**चंदौली।** जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार यादव ने बताया कि जिले को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया गया है। कहा कि इफको की 1660 एमटी (33200 बैग) डीएपी और 443 एमटी एनपीके (8860 बैग) की मात्रा जनपद को प्राप्त हो गई है।

जिन साधन सहकारी समितियों का पैसा पहले से जमा है उन्हें सीधे रैक प्वाइंट से उनके समितियों पर भिजवा दिया गया है। अवशेष समितियों को उनके द्वारा पैसा जमा किए जाने के उपरांत पीसीएफ गोदाम के माध्यम से उनके सोसायटियों पर भिजवा दिया जाएगा। दो दिन के अंदर प्राइवेट एचयूआरएल कंपनी का भी 400 एमटी (8 हजार बैग) डीएपी पीसीएफ को और 125एमटी डीएपी ( 2500 बैग) निजी क्षेत्र को तथा एनएफएल का भी 800 एमटी (16 हजार बैग) पीसीएफ को और 450 एमटी (9 हजार बैग) निजी क्षेत्र को डीएपी उपलब्ध हो जाएगी। सभी किसान भाईयों से अनुरोध है कि नियमानुसार ई-पास मशीन पर अंगूठा लगाकर उर्वरक का क्रय करें।

बताया कि जनपद के बजहाँ, सिकरी, बबुरी, अदसड, असना, बरहनी, छतेम, सिधना, जेवरियाबाद, घोसवाँ, चिरईगाँव, पिपरी भैसा, डिग्धी बरहनी, करवत, छित्तमपुर, भरछा, पचोखर, व्यासपुर, मढ़िया, कबीरपुर, कि० चकिया, उतरौत, शिकारगंज, चकिया क्रय विकय, सिकन्दरपुर, शहाबगंज, खरौझा, इलिया, सिंघरौल, नौगढ़, मझगाँवा, बोझ, बरवाडीह, तेन्दुई, ताजपुर, सलेमपुर, धरहरा, नोनार, गोकुलपुर, बढवलडीह, संघती, बीसापुर, कैलावर, कैथी, महरखा, नादी, मारूफपुर, चकिया बिहारी मिश्र, टाण्डाकला, सेवढी, जनौली, अवही, एवती समितियों को सीधे रैक प्वाइंट से उर्वरक (खाद) बिक्री हेतु पहुंचा दिया गया है।



सहकारी समिति से खाद प्राप्त करते किसान।

### ब्रिस्बेन टेस्ट पर बारिश का साया मंडराया

**ब्रिस्बेन।** यहां भारत और मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम के बीच 14 दिसंबर शनिवार से होने वाले तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है। इसका कारण है कि यहां तेज बारिश हो रही है। ब्रिस्बेन में 75.8 मीटर बारिश हुई है। ये फरवरी के बाद साल का सबसे ज्यादा बारिश वाला दिन रहा। इसे बेमौसम बारिश माना जा रहा है। ऐसे में अब शनिवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में भी खलल की आशंका बढ़ गयी है। गाबा मैदान पर ही भारतीय टीम ने साल 2021 में ऐतिहासिक जीत के साथ-साथ सीरीज जीती थी। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिस्बेन टेस्ट में बारिश का अधिक प्रभाव नहीं होगा। शनिवार को बारिश की केवल 20 फीसदी ही संभावना है। वहीं बचे हुए चारों दिन में ये केवल 30 फीसदी ही होगी। बारिश के के कारण पिच पर भी प्रभाव पड़ा है। इससे तेज गेदंबाजों को सहायता मिलेगी। भारतीय टीम के तेज गेंदबाजों ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पांच टेस्ट मैचों की इस टेस्ट सीरीज में अभी दोनों ही टीमें 1-1 से बराबरी पर हैं।

## प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ के मद्देनजर सुरक्षा के बंदोबस्त

**डीडीयू नगर।** प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में जाने वाले स्नानार्थियों की भीड़ स्थानीय रेलवे स्टेशन पर बढ़ेगा। विशेष स्नान पर्व पर स्टेशन पर एक लाख से ज्यादा यात्रियों का दबाव हो सकता है। वहीं अन्य दिनों में चालीस से पैंतालीस हजार से ज्यादा यात्री रेलवे स्टेशन पर पहुंचेंगे। इसके साथ ही ट्रेनों में छह लाख से अधिक यात्रियों का दबाव होगा। इसको देखते हुए स्थानीय स्टेशन पर सुरक्षा तैयारियां तेज हो गई है। प्रयागराज में 12 वर्ष बाद लगने वाले महाकुंभ में 48 करोड़ लोगों के आने का अनुमान लगाया जा रहा है।

देश के विभिन्न कोनों से ट्रेनों से स्नानार्थी प्रयागराज पहुंचेंगे। स्थानीय रेलवे स्टेशन से अप में वाराणसी और प्रयागराज जबकि डाउन में गया और पटना रूट की ट्रेनें जाती है। ऐसे में स्नानार्थियों के लिए स्टेशन ठहराव स्थल हो सकता है। इसको देखते हुए रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी है। महाकुंभ के दौरान स्टेशन पर चप्पे-चप्पे पर अर्धसैनिक बल, जीआरपी, जिला पुलिस, आरपीएफ और होमगार्ड के 500 जवान मुस्तैद रहेंगे। वहीं 200 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। आरपीएफ की ओर से रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में 72 कैमरे लगे हैं। अब 125 और कैमरें लगाए जाएंगे। वहीं जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के लिए एक कंपनी अर्धसैनिक बल, पुलिस और होमगार्ड की मांग की है। 15 दिसंबर तक होमगार्ड, पुलिस और अर्धसैनिक बल के डीडीयू स्टेशन पर पहुंच जाएंगे। इन्हें नगर के नगर पालिका इंटर कॉलेज में ठहराया जाएगा। वहीं रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए यात्री ठहराव स्थल बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। जब कि छठ पूजा के दौरान स्टेशन पर एक यात्री ठहराव स्थल का निर्माण किया गया । अब अन्य स्थल पर ठहराव की व्यवस्था की जाएगी। महाकुंभ के दौरान स्टेशन पर यात्री ठहराव के साथ ही यात्रियों को सुरक्षित पास कराना बड़ी चुनौती होगी। स्थानीय रेलवे स्टेशन से वर्तमान में रोजाना तीन सौ ट्रेन गुजरती है।

इससे तीन लाख से अधिक यात्री आवागमन करते हैं। महाकुंभ के दौरान यात्रियों की संख्या पांच से छह लाख हो सकती है। वर्तमान में रोजाना प्रयागराज रूट पर 120 ट्रेनों का आवागमन होगा। इन यात्रियों को सुरक्षित भेजना चुनौती होगी।इस बाबत वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज ने कहा कि महाकुंभ के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इसके लिए अतिरिक्त फोर्स लगाए जाएंगे। जरूरत पड़ने पर सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन से भी भीड़ की निगरानी की जाएगी।

## सीएम सामूहिक विवाह की तैयारी में जुटा ब्लॉक प्रशासन

**तैयारी**

**जनपद के किसानों को उर्वरक के लिए नहीं उठानी होगी जद्दोजहद**

**जनसंदेश न्यूज**

**सकलडीहा।** सकलडीहा ब्लाक मुख्यालय पर आगामी 14 दिसम्बर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन होना है। इसको लेकर ब्लाक प्रशासन तैयारियों में जुट गया। लाभार्थियों द्वारा किए गए आवेदनों की जांच की जा रही है। जिसमे से पात्रों को चयनित कर उनकी शादी कराई जाएगी।




सकलडीहा ब्लॉक मुख्यालय पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आगामी 14 दिसम्बर को होना है। इसके लिए कुल 60 आवेदन पड़े थे। जिसकी जांच करने पर 38 पात्र पाए गए। इन पात्र जोड़ो की शादी कराई जाएगी। वही एडीओ समाजकल्याण आशीष गुप्ता ने बताया कि इस योजना में अनुसूचित,अनुसूचित जन जाति, पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग सभी की शादी होती है। उस परिवार की सालाना आय दो लाख रुपये से कम है। इसमे शासन की तरफ से 51 हजार रुपये मिलता है। जिसमे 35 हजार कन्या के खाते में ऑनलाइन भेजा जाता है। 10 हजार का उपहार,और छह हजार शादी के क्रियान्वयन में खर्च होता है। बीडीओ विजय कुमार सिंह ने बताया कि शादी शासन के मंशा अनुरूप होगी है।ग रीब लड़कियों की शादी के लिए यह योजना चलाई गई है। कहा कि तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है। इस मौके पर एडीओ पंचायत बजरंगी पाण्डेय,एडीओ आईएसबी हवलदार यादव रहे।

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पीछे हटना पीसीबी के लिए संभव नहीं

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) चैंपियंस ट्रॉफी के हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार नहीं किया है। उसने चैंपियंस ट्रॉफी टूनार्मेंट से हटने की धमकी दी है पर उसके लिए ऐसा करना आसान नहीं रहेगा। अगर वह इससे हटता है तो उसे भारी नुकसान होगा। इसके अलावा आईसीसी उसपर पाबंदी भी लगा कसता है। इसके साथ ही उसे मुकदमों का भी सामना कर पड़ सकता है जो वह नहीं चाहेगा। वहीं एक अधिकारी ने कहाकि पाकिस्तान ने न केवल आईसीसी के साथ मेजबानी से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, बल्कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी देशों की तरह उसने आईसीसी के साथ सदस्यों की अनिवार्य भागीदारी से संबंधित समझौते (एमपीए) पर भी हस्ताक्षर किए हैं।


उन्होंने कहा, आईसीसी के टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए एमपीए पर हस्ताक्षर करने के बाद ही कोई सदस्य देश आईसीसी प्रतियोगिताओं से होने वाली कमाई का हिस्सा पाने का अधिकारी होता है। सबसे अहम बात किया है कि आईसीसी ने अपनी सभी प्रतियोगिताओं के लिए प्रसारकें से समझौता किया है जिसमें उसने गारंटी दी है कि चैंपियंस ट्राफी सहित आईसीसी की प्रतियोगिताओं में उसके सभी सदस्य देश भाग लेंगे। आईसीसी पिछले सप्ताह हुई बैठक में चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल से करवाने पर सहमति हासिल करने में सफल रहा था। इसके अनुसार भारत अपने मैच दुबई में खेलेगा। इसके अलावा आईसीसी की 2027 तक होने वाली प्रतियोगिताओं में यह व्यवस्था बरकरार रहेग। इसकी हालांकि अभी तक औपचारिक घोषणा नहीं की गई है. अगर यह समझौता हो जाता है तो इसका मतलब होगा कि पाकिस्तान 2027 तक होने वाली आईसीसी प्रतियोगिताओं के लिए भारत का दौरा करने के लिए बाध्य नहीं होगा। वहीं अगर पीसीबी चैंपियंस ट्रॉफी से हटता है तो आईसीसी और यहां तक कि आईसीसी कार्यकारी बोर्ड में शामिल अन्य 16 सदस्य देश भी उसके खिलाफ मुकदमा कर सकते हैं।

**प्रतिबंध के साथ ही मुकदमों का खतरा रहेगा**





### ब्रिसबेन टेस्ट के परिणामों पर आधारित रहेगा शमी को ऑस्ट्रेलिया भेजने का फैसला

**एडीलेड।** भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में हार के बाद से ही तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टीम में शामिल किये जाने की मांग उठ रही है। वहीं टीम प्रबंधन चाहता है कि शमी पहले पूरी तरह से फिटनेसा हासिल कर लें। ये भी माना जा रहा है कि प्रबंधन बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मोहम्मद शमी को शामिल करने का फैसला ब्रिस्बेन में होने वाले तीसरे टेस्ट के परिणाम को देखकर करेगा। शमी को टीम में शामिल किये जाने से पहले उन्हें एनसीए से फिटनेस टेस्ट भी पास करना होगा। शमी ने पिछले दो हफ्तों में कई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच खेले हैं। इन सभी खेलों में, उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर फेंके हैं, और उनमें से लगभग सभी में, वह पूरे 20 ओवर तक मैदान में रहे थे। इससे वह फिट नजर आ रहे हैं। हालांकि अगले गेम के लिए तैयार होने के लिए उन्हें अब भी फिजियो सपोर्ट की जरूरत है। इन बातों पर अभी टीम प्रबंधन का ध्यान है। घरेलू क्रिकेट में 4 ओवर फेंकना और टेस्ट मैच में एक दिन में 15 ओवर फेंकना अलग बात है। ऐसे में कहा जा रहा है कि शमी को मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले टीम में तभी शामिल किया जाएगा जब ब्रिस्बेन में भारत का प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार न हो।



जनपद स्तरीय दो दिवसीय 46वीं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन समारोह में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं।

# जौनपुर



# दुकानदार की सिर कूंचकर निर्मम हत्या



घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस व मौजूद ग्रामीण



खाली पड़े मकान में असलम का शव व इन्सेट में फाइल फोटो

जनसंदेश न्यूज

**वारदात**

### थानागद्दी पुलिस चौकी से कुछ दूर खाली पड़े मकान में मिला शव

### मुकदमा दर्ज कर हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस

**केराकत/थानागद्दी।** केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के थानागद्दी पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर एक युवक की सिर कूंचकर बेरहमी से हत्या कर दी गई।

घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थानागद्दी गांव निवासी 35 वर्षीय असलम पुत्र अलाउद्दीन की पराऊगंज बाजार में चूड़ी बिंदी की दुकान है। मंगलवार की देर शाम दुकान बंद कर वह घर चला गया। कुछ देर बाद उसको किसी ने फोन किया जिसके बाद रात करीब 8 बजे वह घर से बाइक लेकर निकल गया।

बुधवार की सुबह केराकत मार्ग पर छोटेलाल विश्वकर्मा के खाली पड़े मकान में असलम की लाश मिली। उसके सिर, मुंह और शरीर पर गहरे चोट के निशान मिले हैं। घटना की सूचना मिलते ही सीओ अजीत कुमार रजक, कोतवाल अवनीश कुमार राय और थानागद्दी चौकी प्रभारी विद्यासागर सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गए। फॉरेन्सिक टीम ने भी घटना स्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस अधीक्षक नगर अरविन्द कुमार वर्मा ने भी मौके का मुआयना किया और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### पुलिस को रात में मिली थी बाइक

थानागद्दी पुलिस को रात में ही युवक की बाइक सड़क के किनारे मिली थी। पुलिस बाइक को लावारिस समझकर उठा ले गई थी लेकिन सुबह पता चला कि उसी जगह सड़क के किनारे एक युवक की हत्या की गई है।

### पिता ने बाइक देख मृतक की पहचान की

चेहरे पर गंभीर चोट के कारण पहले मृतक की पहचान नहीं हो सकी लेकिन जब परिजनों ने बाइक देखी तब उन्होंने असलम की पहचान की। मृतक के पिता अलाउद्दीन ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले असलम को किसी ने धमकी दी थी। उन्होंने बाजार के दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इस जघन्य हत्या से थानागद्दी और आसपास के इलाकों में डर और आक्रोश का माहौल है।

## फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर किये जा रहे अभद्र पोस्ट

**जफराबाद।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के एक युवक ने लाईन बाजार थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी फोटो इत्यादि लगाकर फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाई गई है जिससे अभद्र पोस्ट, वीडियो भी अपलोड किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के परियावा गांव निवासी सत्य प्रकाश मानव जो कि आजाद समाज पार्टी काशीराम का जिला अध्यक्ष है लाइन बाजार थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी फोटो इत्यादि को लगाकर सविता एसपी के नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाई गई है, जिसके माध्यम से गाली-गलौज और अभद्र पोस्ट डाले जा रहे हैं। साथ ही एक अन्य युवक के द्वारा उन पोस्ट को शेयर भी किया जा रहा है। सत्यप्रकाश ने अपनी तहरीर में सामाजिक और राजनीतिक छवि को खराब किए जाने के आरोप भी लगाये हैं। प्रभारी निरीक्षक लाइन बाजार सतीश सिंह का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## कोर्ट के आदेश पर 20 को होगी पुनर्मतगणना

**गिने जाएंगे वोट**

### शाहगंज ब्लॉक के सोंधी कार्यालय में तैयारी शुरू

**खेतासराय।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2021 में हुए जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में वार्ड संख्या 8 के प्रत्याशियों की 20 दिसंबर को पुनर्मतगणना होगी। इसकी सूचना सभी 13 प्रत्याशियों को पत्र के माध्यम दे दी गई है। पुनर्मतगणना सोंधी ब्लाक कार्यालय सभागार में होगी। वर्ष 2021 के जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में वार्ड संख्या आठ से शोले राजभर निर्वाचित घोषित हुए थे। मतगणना में धांधली का आरोप लगाते हुए पाराकमाल गांव निवासी प्रत्याशी मौलाना मतिउद्दीन ने न्यायालय में याचिका दाखिल किया था। इस मामले में अपर जिला जज चतुर्थ न्यायालय से निष्पक्ष और पारदर्शिता पूर्ण तरीके से पुनः न्याय पंचायत पाराकमाल के 25 बूथों की मतगणना का आदेश पारित किया है। जिसमें पाराकमाल, हाजी रफीपुर, अरंद, अशरफपुर उसराहटा, आर्यनगर कला, डांडसौली, सैद गोरारी ग्राम सभा शामिल है। बीडीओ शाहगंज जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 20 दिसम्बर को पारा न्याय पंचायत की पुनः मतगणना ब्लॉक मुख्यालय के मीटिंग हाल में होगी। उक्त वार्ड के 13 प्रत्याशियों को सूचना भेजी जा रही है। 20 दिसम्बर को 25 मतदान स्थलों की पुनर्मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगी। इसके लिए पांच मतगणना टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक गणना पर्यवेक्षक, तीन गणना सहायक नियुक्त रहेंगे। मतगणना पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए वीडियोग्राफी कराई जाएगी। पुनर्मतगणना उपजिलाधिकारी बदलापुर सन्तबीर सिंह और तहसीलदार शाहगंज आशीष कुमार सिंह की मौजूदगी में संपन्न होगी।

## 10 लीटर कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**पवांरा।** थाना पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मंगलवार की शाम उपनिरीक्षक प्रभुनाथ यादव, हेड कान्सटेबल सर्वेश तोमर, कान्सटेबल पीयूष यादव के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील होकर संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि मुखबिर की सूचना पर अमोध पुलिस के पास से एक अभियुक्त अमन गौतम पुत्र मन्नीलाल गौतम निवासी शाहपुर थाना पवांरा को एक जर्किन में दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है। गिरफ्तारी टीम में आबकारी निरीक्षक इन्द्रजीत कुमार, आबकारी कॉन्सटेबल अखिलेश भी शामिल रहे।

## शॉर्ट सर्किट से इन्वर्टर की दुकान में लगी आग

**अगलगी**

### आठ लाख रुपये का सामान जलकर राख



**मुंगराबादशाहपुर।** प्रतापगढ़ रोड स्थित भगत सिंह मुहल्ले में बैटरी व इन्वर्टर की दुकान में बुधवार की अलसुबह शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग में नकदी समेत लाखों रुपए की बैटरी इन्वर्टर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। थाना क्षेत्र के गांव सटवां निवासी कुलदीप सिंह (लकी) की प्रतापगढ़ रोड स्थित भगत सिंह मुहल्ले में कुलदीप इंटरप्राइजेज के नाम से बैटरी, इनवर्टर, बाइक बैट्री, सोलर पैनल एवं इलेक्ट्रिकल सामान की दुकान है। वह रात में करीब आठ बजे दुकान बंद करके घर सटवां चले गए। सुबह चार बजे भोर में पड़ोसियों ने दुकान से धुआं उठता देख तुरंत दुकानदार कुलदीप सिंह को फोन पर सूचना दी। मौके पर पहुंचे कुलदीप सिंह ने जैसे ही दुकान का शटर खोला आग की लपटें पूरे दुकान में फैल चुकी थी।

दुकान में भीषण आग को देखकर आसपास के लोगों ने अपने-अपने घरों से बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने में जुट गए। घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह आग में काबू पाया जा सका। दुकान मालिक के मुताबिक आग में बारह हजार रुपए नकदी समेत आठ लाख रुपए की बैटरी, इनवर्टर समेत दुकान में रखा अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गया। दुकान में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा का कहना है कि आग लगने की सूचना पर पुलिस पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटी रही। प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह शार्ट सर्किट लग रही है।

## गोविन्द से भी बढ़कर है गीता : प्रोफेसर पाण्डेय

जनसंदेश न्यूज

**संबोधन**

### गीता जयंती पर आयोजित हुई विचार गोष्ठी



**सुइथाकला।** बुधवार को गीता जयंती के पावन अवसर पर क्षेत्र के गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर के संस्कृत विभाग में प्राचार्य प्रोफेसर रणजीत कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी आयोजित हुई।

विश्वविद्यालय की चल रही सेमेस्टर परीक्षा के कारण संक्षिप्त किये गये गीता जयंती के अवसर पर आयोजित ज्ञानयज्ञ में प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डेय ने कहा कि आज से लगभग 5 हजार वर्ष पूर्व मोक्षदा एकादशी के दिन भारतीय संस्कृति के महानायक लीला पुरुषोतम भगवान श्रीकृष्ण ने कुरूक्षेत्र में विषादग्रस्त अर्जुन को जो कर्तव्योपदेश दिया था, वह श्रीमद्भगवद्गीता और संक्षेप में गीता नाम से प्रख्यात हुआ। विश्व के इस सर्वश्रेष्ठ दर्शन का संसार के शीर्ष चिंतकों, विद्वानों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों ने मुक्तकंठ से गुणगान करते हुए सार्वभौम और सार्वकालिक गीताशास्त्र को मानवमात्र का अमूल्य धरोहर माना है, जिसके कुल 18 अध्यायों और 700 श्लोकों में समग्र जीवन दर्शन प्रस्तुत किया गया है। शंकराचार्य, महात्मा गांधी, अमेरिकन संत थोरो आदि के द्वारा माता के रुप में स्वीकृत व पूजित सुगीता गीता को भारत के प्रधानमंत्री मोदी विश्व के लिए सर्वश्रेष्ठ उपहार मानते हैं।

साक्षात भगवान श्रीकृष्ण की दिव्यवाणी, सर्वमान्य, प्रमाणस्वरुप अलौकिक, ज्ञान-योग-भक्ति से पूर्ण इसकी महिमा अपरिमित है। गागर में सागर की भांति अनंत तत्त्व-रहस्य से भरा हुआ यह अन्यतम ग्रंथ है। गंगा और गायत्री से बढ़कर माने जाने वाली गीता को स्वयं भगवान से भी बढ़कर मानना अत्युक्ति नहीं है क्योंकि भगवान ने स्वयं कहा है कि- गीताश्रयेऽहं तिष्ठामि गीता में चोत्तमं गृहम, गीताज्ञानमुपाश्रित्य त्रींल्लोकान पालयाम्यहम।। ज्ञानयज्ञ में गीता पर अपना पक्ष रखते हुए विशिष्ट अतिथि रासेयो के पूर्व समन्वयक प्रोफेसर राकेश कुमार यादव ने गीता को मानवविकारों को दूर कर जीवन को सरल, सरस व सुगम बनाने वाला बताया। बहुविध दुःखों से आक्रांत मनुष्य यदि गीता के कथनानुसार ईश्वर के शरणागत हो जाय तो उसके योग-क्षेम का वहन स्वयं भगवान् करेंगे। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ सहायक आचार्य डॉ. अवधेश कुमार मिश्रा ने कहा कि ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में चमत्कारी प्रगति वाले आज के इस अशांत विश्व में गीतादर्शन ही उपयुक्त एवं लाभदायक है। मुख्य अनुशास्ता डॉ. अविनाश वर्मा ने कहा कि गीता अद्भुत और बेजोड़ है। इसकी प्रासंगिकता सभी काल में रहेगी। इस अवसर पर बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज सिंह कहा कि गीता परम रहस्यमय ग्रंथ है। इसमें सम्पूर्ण वेदों का सार संग्रह किया गया है। इस अवसर पर डॉ. नीलमणि सिंह, डॉ. जितेन्द्र सिंह, डॉ. वंदना तिवारी, डॉ. नीलम सिंह, और डॉ. विकास यादव ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विष्णु कांत त्रिपाठी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. लालमणि प्रजापति ने किया। इस अवसर पर डॉ. संदीप सिंह, बिंद प्रताप सिंह, अखिलेश सिंह, पंकज, गंगा प्रसाद, राजेश, राहुल, शिक्षा, रीशू, आर्या, रातिमा, अंजलि, रागिनी, प्रतिभा, वैभव, अमन, श्रेयांश आदि उपस्थित रहे।

### थानाध्यक्ष ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक

**पवांरा।** महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत मड़वा दोदक गांव में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक किया गया। थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने कहा कि मुश्किल में महिलाएं व बालिकाएं हेल्पलाइन नम्बर डायल करें, मदद जरुर मिलेगी। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि स्कूल आते-जाते समय आप लोगों के साथ कोई मनचला व अनजान व्यक्ति छींटाकशी, छेड़खानी करता हो या रास्ता रोकता हो व महिलाओं से कहा कि कहीं आते-जाते समय अनजान व्यक्ति व मनचला छींटाकशी, छेड़खानी करता हो या रास्ता रोकता हो तो तत्काल 1090, 112, 1076, 181 पर कॉल कर सूचना देकर मदद ले सकती हैं। सूचना देने वाले का नाम व पता गोपनीय रखा जायेगा। थाने पर महिला हेल्प डेस्क बना है, जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहती हैं। थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। इस दौरान गांव के सम्भ्रान्तजन भी मौजूद रहे।

## शिक्षा के बिना हमारी नई नस्ल मजबूत नहीं हो सकती : डा. टीके सुन्दरमूर्ति

**किया सावधान**

### नव स्थापित ग्रीन वैली इंग्लिश स्कूल का उद्घाटन समारोह



**केराकत।** यदि हमें राष्ट्र को बेहतर बनाना है तो हमें अपनी पीढ़ी को बेहतर बनाना होगा और पीढ़ी को बेहतर बनाने के लिए बेहतर शिक्षा आवश्यक है। इसरो में विभिन्न संचार उपग्रहों के मिशन के नेतृत्वकर्ता वैज्ञानिक डॉ. टीके सुन्दरमूर्ति ने बुधवार को क्षेत्र में नव स्थापित ग्रीन वैली इंग्लिश स्कूल के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए उक्त विचार व्यक्त किए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा के बिना हमारी नई नस्ल मजबूत नहीं हो सकती। जब हमारी नस्ल मजबूत नहीं होगी तो एक मजबूत और सक्षम राष्ट्र का सपना सिर्फ सपना ही रह जाएगा। संस्था के चेयरमैन डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि बेहतर शिक्षा एक बेहतर शिक्षक ही दे सकता है और बेहतर शिक्षक का चयन ही उनकी प्रथम प्राथमिकता होती है। उन्होंने क्षेत्र को आश्वस्त किया कि किसी भी स्थिति में वह शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता नहीं करेंगे। उद्घाटन समारोह को धर्मबंधु डॉ. काशीनाथ सिंह व अन्य विद्वानों ने भी संबोधित किया। ग्रीन वैली इंग्लिश स्कूल की छात्राओं और छात्रों ने विभिन्न आकर्षक और मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इसके पूर्व डॉ. टीके सुन्दरमूर्ति ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर अवकाश प्राप्त प्रोफेसर तारकेश्वर सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रमोद कुमार सिंह, डॉ. विरेंद्र सिंह, ध्रुव कुमार सिंह, डॉ. राजेंद्र जायसवाल, डॉ. प्रवीन त्रिपाठी, प्रवीण कुमार सिंह व अजय कुमार सिंह, शत्रुघ्न उर्फ बाढू सिंह व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दीवार से टकराई बाइक युवक की मौके पर मौत

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के शिकारपुर बाजार के पास मंगलवार देर रात को बाइक सवार युवक की दीवार से टकरा जाने के कारण मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दे कि ईश्वरी सिंह नेवादा गाव निवासी राम सुआरथ का 22 वर्षीय पुत्र गगन गौतम होटल में भोजन बनाने का कार्य करता है। मंगलवार को वह जौनपुर शहर के एक होटल में खाना बनाने के बाद देर रात करीब 12 बजे जब वह जौनपुर से मल्हनी रोड होते हुए घर के लिए जा रहा था।

इसी दौरान वह शिकारपुर बाजार के पास एक दीवार से टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास लोगों ने उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। देर रात जब गगन घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन करना शुरू किया तो पता चला कि गगन मैरेज हॉल से काफी समय पहले ही निकल चुका था। लोगों ने तलाश जारी रखी तो पता चला कि शिकारपुर के समीप सड़क हादसे में गगन की मौत हो गई है। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### गगन परिवार का था इकलौता चिराग

मृतक गगन अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था। पिता खेती किसानी करके परिवार का भरण पोषण करते है। गगन होटल में कामकाज करके जीविकोपार्जन करता था। गगन की कुछ माह पूर्व सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के छबीलेपुर में शादी हुई थी।

## संक्षेप

### दर्जन भर लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण, सात रेफर

**सुइथाकला।** क्षेत्र के दो अलग गांवों में विभिन्न मामले को लेकर हुई मारपीट में कुल दर्जन भर लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण कराए जाने का मामला बुधवार को सामने आया है। पुलिस सभी का स्थानीय सीएचसी पर चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए विधिक कार्रवाई शुरु कर दी है। जबकि परीक्षण के दौरान कुल सात लोगों की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार को क्षेत्र के सराय मोहिउद्दीनपुर में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच उपजे विवाद में हुई मारपीट में उक्त गांव से जहां प्रथम पक्ष से प्रियंका 28, भगीरथी 60, जनार्दन 38, शैलेश 38, रेखा 36, किरन 28 व प्रदीप 35 वहीं दूसरे पक्ष से रवीकान्त 47, माइकल 24, अतुल कुमार 22 व सुमित कुमार 19 घायल हो उठे। वहीं एकडला गांव में ननिहाल से लौट रहे कटघर गांव निवासी बाइस वर्षीय बृजेश कुमार पुत्र श्रीराम को मनबढ़ किस्म के लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। फिलहाल दोनों मामलों में सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को स्थानीय सीएचसी पर चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं परीक्षण के दौरान प्रियंका, भागीरथी, जनार्दन, शैलेश, किरन, सुमित व रविकान्त की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### आपदा में स्कॉउट गाइड करें तन मन से मदद : डॉ. अब्दुल कादिर

**जौनपुर।** पांच दिवसीय स्काउट/गाइड शिविर के समापन के अवसर पर जिला संगठन आयुक्त राकेश कुमार मिश्र ने स्काउट/गाइड को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया। शिविर में स्काउट गाइड को आपदा में चिकित्सा हेतु प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें टोली विधि, टेंट निर्माण, प्रार्थना, झंडा गीत, प्रतिज्ञा नियम सिद्धांत, सेल्यूट इतिहास की जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को आपदा में किसी प्रकार की कठिनाई हो तो उसकी तन मन से मदद करें। साथ ही यह भी बताया कि शिविर में स्काउट/गाइड को इस प्रकार प्रशिक्षित किया जाता है कि किसी की मदद करने योग्य बन सके। शिविर के समापन पर प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान ने स्काउट गाइड को बताया कि किसी भी आपदा में स्काउट गाइड अपने कठिन परिश्रम और लगन से ही अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकते हैं। स्काउट/गाइड की ट्रेनिंग प्राप्त करना अपने आप में गर्व का अनुभव कराता है तथा नौकरियों में बोनस अंक भी प्राप्त होता है। पांच दिवसीय शिविर में विद्यालय के स्काउट अध्यापक धर्मेंद्र कुमार यादव, सह स्काउट अध्यापक मोहम्मद जैस, सैयद सलाहउद्दीन, सुशील सिंह, अनुपम सिंह तथा ट्रेनर अंबुज सिंह एवं खुशबू मौर्य ने स्काउट/गाइड को प्रशिक्षित किया।

### सीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सुइथाकला।** चौंकिए नहीं, जनाब सी ओ पद नहीं बल्कि एक वारण्टी का नाम है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उक्त वारण्टी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जिसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा स्थानीय सीएचसी पर चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई। बताया जा रहा है कि क्षेत्र का करीमपुर विंद निवासी 50 वर्षीय सी ओ वर्मा पुत्र राजपत वर्मा न्यायालय द्वारा वारण्टी रहा। जिसे बुधवार को क्षेत्रीय पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस स्थानीय सीएचसी पर उक्त का चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ग्राम प्रधानों को किया गया सम्मानित

**गौराबादशाहपुर।** धर्मापुर विकास खंड के किरतापुर ग्राम पंचायत के प्रधान विनोद कुमार यादव को विश्व शौचालय दिवस पर जिला मुख्यालय पर आयोजित समारोह में डीपीआरओ नत्थूलाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा ब्लाक के पिलखिनी की ग्राम प्रधान मंजू सिंह, कोतवालपुर के प्रधान राजेश यादव, रायपुर के प्रधान हीरालाल यादव और समोपुरकला के प्रधान लालबहादुर यादव को धर्मापुर ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान ग्राम प्रधानों को सबसे अच्छा सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता में चयनित होने पर मिला है।

### सड़क दुर्घटना में पीआरडी जवान की मौत



पीआरडी जवान की फाइल फोटो

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के सरोखनपुर स्थित निरीक्षण भवन के समीप बुधवार की सुबह ड्यूटी से वापस घर लौटते समय एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक पीआरडी जवान की अस्पताल पहुंचते मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। खुटहन थाना क्षेत्र के रमनीपुर गांव निवासी प्रज्वलीत उपाध्याय का करीब 45 वर्षीय पुत्र संजय कुमार उपाध्याय तेजीबाजार थाना पर पीआरडी जवान के रूप में तैनात थे। बुधवार की सुबह वह रात्रि ड्यूटी करके घर वापस आ रहे थे कि बदलापुर निरीक्षण भवन के पास पहुचे तभी एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से संजय की अस्पताल पहुंचते मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी है।

### चेयरमैन ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

**जफराबाद।** नगर पंचायत कचगांव के चेयरमैन ने बुधवार को कस्बे में हो रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होने निर्माण कार्य में प्रयोग हो रहे मटेरियल की गुणवत्ता को भी देखा। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र में इन दिनों हो रहे विकास कार्यों के निरीक्षण के क्रम में बुधवार को कंचगांव के चैयरमैन फिरोज अहमद खान ने वार्ड संख्या 9 में सुबह-सुबह ही पहुंच गये। उन्होंने वार्ड में हो रहे रामजानकी मंदिर से राजभर बस्ती को जाने वाली 700 मीटर तक सीसी रोड के निर्माण कार्य को देखा और ठेकेदार को निर्धारित समय में उक्त कार्य को पुर्ण करने की हिदायत भी दी। इस दौरान रामू राजभर, दुर्गेश राजभर सहित अन्य वार्डवासी मौजूद रहे।

### स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने आया युवक लापता, परिजन परेशान



लापता युवक का फाइल फोटो

**जंघई।** स्थानीय जंक्शन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने आया एक युवक लापता हो गया। मुम्बई न पहुंचने पर परिजन परेशान हो गये है। स्टेशन से उसका एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें युवक छीनैती व मारपीट का आरोप लगा रहा है। बरसठी थाना के चमरहा गाँव निवासी धीरज यादव 9 दिसम्बर की शाम ट्रेन पकड़ने जंक्शन रेलवे स्टेशन आया था। रात 10 बजे के बाद वह स्टेशन पर रोते हुए आप बीती बता रहा था कि कुछ लोगों ने उसका मोबाइल और दस हजार रुपया छीन लिया तथा पुलिस के लोगों ने भी उसे मारा पीटा। इसी बात का कुछ लोगों ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इधर दो दिन बाद युवक न तो घर लौटा और न ही मुम्बई पहुंचा तथा सोशल मीडिया पर वायरल उसके वीडियो से परिजन परेशान हो गये। उसका भाई नीरज यादव जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर जीआरपी आरपीएफ और स्टेशन अधीक्षक से लिखित शिकायत करके भाई के खोजने की गुहार की है। जीआरपी चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार यादव का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है पीड़ित का मोबाइल मिल गया है उसके परिजनों को सूचना दे दिया गया है।

### दो हत्यारोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मड़ियाहूं।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने बुधवार को 2 बजे मुखबिर की सूचना पर नंदगंज बाजार से हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त अतुल कुमार राजभर उर्फ प्रिंस पुत्र राम तीरथ राजभर निवासी ग्राम मिर्जाबेग थाना दुगखर जिला अंबेडकर नगर व सूरज चौहान पुत्र अरविंद चौहान निवासी ग्राम मिर्जाबेग थाना दुगखर जिला अंबेडकर नगर नंदगंज बाजार में मौजूद है। मुखबिर की सूचना पर 2:05 पर प्रभारी निरीक्षक पुलिस टीम के साथ वहां पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्यवाही की जा रही है। घटना 1 दिसंबर की है। बेलवा निवासी राम आसरे यादव ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात बोलेरो चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था जिसमें जांच के दौरान पुलिस ने बोलेरो में अतुल कुमार उर्फ प्रिंस राजभर पुत्र राम तीरथ राजभर, सूरज चौहान पुत्र अरविंद चौहान मनीष राजभर पुत्र रामाशीष राजभर निवासी ग्राम मिर्जाबेग थाना दुगखर जिला अंबेडकर नगर व अभिषेक वर्मा पुत्र परशुराम वर्मा निवासी ग्राम सिकरोहर अकबरपुर जनपद अंबेडकर नगर का नाम प्रकाश में आया। उक्त लोग बोलेरो से 1 दिसंबर को बेलवा गांव से एक युवती को उसकी मर्जी के बिना जबरदस्ती उसे ले जाने का प्रयास कर रहे थे। लड़कियों के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने पीछा किया। बोलेरो पर बैठे चारों लोगों ने जानबूझकर बोलेरो को तेज चलाते हुए जान से मारने की नीयत से पीछा कर रहे अनुज यादव व नीरज यादव की मोटरसाइकिल जो बोलेरो को रोकने का इशारा कर रहे थे बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मौके पर ही नीरज यादव की मृत्यु हो गई थी और अनुज यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने पहले साधारण दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया था। किंतु पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद उसमें हत्या के मुकदमे की बढ़ोतरी की गई। गिरफ्तारी टीम में सत्य प्रकाश सिंह प्रभारी निरीक्षक, उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह, हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार पाठक, रविकांत यादव आदि रहे।

# अब लेडिज बैग से धार्मिक स्थलों की ब्रांडिंग




जनसंदेश न्यूज

## हुनर निखरेगा


### पर्यटन विभाग के मंच से इस हुनर को देश-विदेश में किया जाएगा प्रदर्शित

**वाराणसी।** बनारस समेत संपूर्ण उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों की ब्रांडिंग अब लेडिज बैग के जरिए की जाएगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग स्वयं मंच उपलब्ध कराएगा। ताकि धार्मिक स्थलों की पहचान पूरी दुनिया में हो सके।

इस तरह की तामाम उपलब्धियों को हासिल करने वाली बनारस की बेटी व अंतरराष्ट्रीय डिजाइनर आकांक्षा सिंह ने इस कार्य का बीड़ा उठाते हुए इस कार्य में पूरी तन्मयता से जुटी हैं। आकांक्षा ने लेडीज बैग पर अब तक अयोध्या के राम मंदिर और वाराणसी के सारनाथ और घाटों की अनुकृतियों को केमिकल रहित रंगों से सजाया व संवारा है। वर्तमान में उनका लक्ष्य प्रयागराज में होने वाला महाकुंभ का आयोजन है, जिसे वह लेडिज बैग पर अपने हुनर से उकेरेंगी। डिजाइनर आकांक्षा सिंह का मानना है कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीमित संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि मेरे जैसे तमाम युवा देश-विदेश आते-जाते रहे हैं। ऐसे में वहां पर इन बैगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों के बारे में लोगों को बेहतरीन तरीके से जानकारी दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि इन लेडिज बैगों को बिक्री करने का उनका कोई उद्देश्य नहीं है।

बल्कि स्वयं द्वारा निर्मित बैगों को वह उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग को सौंप देंगी। पर्यटन विभाग ही इसे अपने मंच से प्रदर्शित करेगा तथा वही बैगों की बिक्री का भी निर्णय करेगा।

उन्होंने बताया कि एक बैग के पर धार्मिक स्थलों को केमिकल रहित रंगों से चित्रित करने में 40 से 42 घंटे का समय लगता है। जिस बैग पर चित्र बनाया जाता है, उसे बनाने में भी किसी तरह का केमिकल रंग या किसी भी जानवर की खाल का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि इसी तरह भविष्य में ऐतिहासिक धरोहरों की अनुकृतियों को बैग पर बनाएंगी। ताकि उनकी भी बेहतर तरीके से ब्रांडिंग हो सके।



# प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का बना अपार आईडी



रमवल प्राथमिक विद्यालय में छात्रों का बन रहा अपार आईडी।

**रेवतीपुर।** शासन के निर्देश पर वन नेशन वन स्टूडेंट्स आईडी स्कीम के तहत ब्लाक अंतर्गत परिषदीय एवं निजी स्कूलों में पढने वाले छात्र-छात्राओं का अपार आईडी बनाने का काम धीमे गति से शुरू हो गया है, अभी तक करीब 250 छात्र- छात्राओं की यह आईडी बनाने के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है।

बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शासन ने निजी और परिषदीय स्कूलों में पढने वाले हरेक छात्र-छात्राओं का अपार आईडी बनाने का निर्देश दिया है, शिक्षा विभाग के अनुसार वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी स्कीम के तहत हरेक छात्र को एक 12 अंकों का यूनिक आईडी नंबर जारी होगा।जो छात्रों के आईडी के रूप में कार्य करेगा। अधिकारियों के मुताबिक छात्रों के शैक्षिक रिकॉर्ड को एक ही जगह उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी के तहत यह अपार आईडी कार्ड बनाने की शुरूआत की गई है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले पहली से 12वीं कक्षा तक के छात्रों की जानकारी अब सिर्फ एक क्लिक पर उपलब्ध होगी, इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के शैक्षिक दस्तावेजों में पारदर्शिता लाना और दस्तावेजों के सुरक्षित डिजिटलीकरण को सुनिश्चित करना है। बीईओ अशोक कुमार गौतम ने बताया कि शासन के निर्देश पर वन नेशन वन स्टूडेंट्स आईडी स्कीम के तहत छात्रों का अपार आईडी बनाने का काम शुरू हो गया है, बताया कि योजना के तहत यूनिक नंबर के जरिए छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन सहित सभी रिकॉर्ड जानकारियां डिजिटली उपलब्ध रहेंगी।

# प्लास्टिक उन्मूलन पर निकाली जागरूकता रैली

## जागरूक

### नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस

**वाराणसी।** नागरिक सुरक्षा की स्थापना दिवस के सप्ताह व्यापी का कार्यक्रम के अंतर्गत भेलूपुर प्रखंड वाराणसी के स्वयंसेवकों की ओर से प्लास्टिक उन्मूलन के खिलाफ जन जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही लोगों को प्रेरित किया गया कि प्लास्टिक का प्रयोग ना करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नीरज मिश्र डिप्टी कंट्रोलर वाराणसी, एडीसी विवेक राय इरफान उल हुदा अमूल श्रीवास्तव नागरिक सुरक्षा के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में भेलपुरी प्रखंड के डिवीजनल वार्डन वीवी सुंदर शास्त्री, डिप्टी डिवीजनल वार्डन अभिषेक जायसवाल के नेतृत्व में इस रैली का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रखंड के सभी स्वयंसेवकों वरिष्ठ वार्डन, स्टाफ ऑफिसर अरुण रतन बनर्जी, प्रखंड के सभी वरिष्ठ पोस्ट वार्डन मुख्य रूप से संतोष मिश्र संदीप कुमार, संतोष कुमार गुप्त, प्रस्तावित पोस्ट वार्डन भूपेंद्र सिंह गिल, डॉ बख्शी, गणेश सैनी, मनोज कुमार राय मुन्ना लाल यादव अनुपम भट्टाचार्य अनूप कुमार सिंह,महिला स्वयंसेवक में सुरैया बानो, शरबानी धारा एवं अन्य महिला स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।



# पीआरडी जवानों ने दिखायी ताकत




## स्पर्धा

### स्थापना दिवस समारोह में खेल व परेड प्रतियोगिताएं

### मार्च पास्ट में टोली नंबर-2 को प्रथम स्थान

**वाराणसी।** प्रांतीय रक्षक दल व युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जनपद स्तरीय पीआरडी स्थापना दिवस समारोह बुधवार को काशी कृषक इण्टर कालेज हरहुआ में आयोजित किया गया। समारोह में जनपद के 88 पीआरडी जवानों ने चार टोलियां बनाकर हिस्सा लिया। इसमें एक टोली में महिला पीआरडी जवान भी शामिल थी। पीआरडी जवानों की टोलियों के बीच वालीबॉल, रस्साकसी प्रतियोगिता व रैतिक परेड हुई।

मुख्य अतिथि एमएलसी व भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने परेड की सलामी ली। उन्होंने पीआरडी जवानों के कार्यों व परेड की तारीफ कर शुभकामनाएं दी। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आराजी लाइन, सेवापुरी, काशी विद्यापीठ व बड़ागांव की टीम प्रथम और चिरईगांव, चोलापुर, हरहुआ व पिंडरा की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

रस्साकसी प्रतियोगिता में चिरईगांव, चोलापुर, हरहुआ, पिंडरा की टीम प्रथम और आराजी लाइन, सेवापुरी, काशी विद्यापीठ बड़ागांव की टीम द्वितीय स्थान पर रही। मार्च पास्ट में टोली नंबर-2 ने प्रथम, टोली नंबर-1 ने द्वितीय तथा टोली नंबर-4 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेता व उप विजेता टोलियों में शामिल जवानों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# मॉरीशस रवाना हुए डॉ. सचिन सनातनी

**वाराणसी।** प्रयागराज हिंदी साहित्य सम्मेलन संस्थान के हिंदी भाषा के दूसरे देशों तक प्रचार-प्रसार के क्रम में मॉरिशस स्थित संस्थान के हिंदी प्रचारिणी सभा के प्रथमा, उत्तमा व मध्यमा हिंदी परीक्षा के बेहतर प्रबंधन एवं अवलोकन के लिए मॉरीशस के हिंदी प्रचारिणी सभा की अध्यक्षा रोहणी रामरूप के निमंत्रण पर हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रचार मंत्री डॉ.सचिन सनातनी, प्रधानमंत्री कुंतक मिश्र व इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो डॉ. एमपी तिवारी (पूर्व विभागाध्यक्ष, विधि संकाय इलाहाबाद विश्वविद्यालय) पर्यवेक्षक की भूमिका में रवाना हुए। ज्ञातव्य हो कि डॉ. सचिन सनातनी विगत 12 वर्षों से हिंदी भाषा के विस्तार व हिन्दी भाषा को राष्ट्र भाषा की दर्जा प्राप्त करवाने के उद्देश्य से 15 देशों सहित वर्तमान में मॉरिशस में हिंदी प्रचारिणी सभा के माध्यम से भाषा के प्रचार-प्रसार के कार्य में जुटे हुए हैं। जहां भारतीय मूल के नागरिकों के बीच अपने भारतवर्ष के गौरव हिंदी भाषा की ओर ध्यानाकर्षण करते हुए भारतीयता के बोध का आभास करवाने का कार्य कर रहे हैं।

# हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग प्रैक्टिकल कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज

**जमानियां।** स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को स्नातक कला वर्ग एवं विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं का योगा प्रैक्टिकल महाविद्यालय के ओल्ड बिल्डिंग में समपन्न कराया गया। इस अवसर पर योगा प्रशिक्षक डॉ. विजय श्याम पांडेय ने छात्र-छत्राओं को योग के महत्व को बताते हुए प्रैक्टिकल सपन्न कराया।

योग प्रैक्टिकल की शुरूआत इतनी शक्ति हमें देना दाता मन का विश्वास कमजोर हो न शीर्षक नामक प्रार्थना से प्रारंभ हुई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विजय श्याम पांडेय ने बताया कि इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य योग सत्र को गीता के गूढ़ विचारों और पाठों के साथ जोड़ते हुए मन और शरीर के बीच संतुलन बनाना और आंतरिक शांति को बढ़ावा देना है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. श्रीनिवास सिंह ने बताया कि हम अपने को स्वस्थ रखने के लिए काफी कुछ करते हैं, जिनमें से एक है योग करना। योग का अर्थ होता है जीवात्मा का परमात्मा से मिल जाना और पूरी तरह से एक हो जाना। योग इंसान को स्वस्थ बनाने के साथ-साथ तंदुरुस्त भी बनाता है। योग में कई ऐसे आसन है, जिनकी मदद से हमारे शरीर को कई लाभ मिल सकते हैं। छात्र-छात्राओं को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार सिंह, बलिराम सिंह, सूरज कुमार जायसवाल, डॉ. अभिषेक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### मातृ भाषा को बढ़ावा देना ही संस्कृति से प्रेम : प्रो. वांगचुक

**वाराणसी।** सारनाथ केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के कुलपति प्रो. वांगचुक दर्जे नेगी ने कहा कि भारतीय जनमानस के बीच मातृ भाषा के प्रसार को बढ़ावा देना ही अपनी भाषा एवं संस्कृति के प्रति विशेष प्रेम उत्पन्न करना होता है। यह बात उन्होंने बुधवार को महान तमिल कवि, लेखक व स्वतंत्रता सेनानी महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर आयोजित भारतीय भाषाएं: विकसित भारत की पहचान विषयक संगोष्ठी में कही। प्रो. रामसुधार सिंह ने कहा कि भारत समग्र चेतना का देश रहा है। इसलिए सभी भारतीय एक सांस्कृतिक सूत्र में आपस में बंधे हुए हैं। डॉ आरसी नेगी ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुचिता शर्मा व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. हिमांशु पांडेय ने किया। अतिथियों का स्वागत अनुराग त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर प्रो. नवांग तेनफेल, डॉ. वज्राचार्य, डॉ. रवि रंजन द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित थे।

### खलिहान में लगी आग से जला धान

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर प्रयागराज सीमा पर स्थित प्रयागराज जिले के मड़फा कलां निवासी तीन किसानों की मड़ाई के लिए रखी 19 बीघा धान की फसल में अज्ञात कारणों से मंगलवार की रात दस बजे आग लग गई। आग की लपटे उठती देखकर किसान शोरगुल मचाते हुए खलिहान पर पहुंचे। लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। सूचना पर दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची लेकिन तब तक सबकुछ जलकर राख हो चुका था। बुधवार दोपहर तक खलिहान में आग सुलगती रही। मड़फा कलां गांव निवासी किसान सरजू प्रसाद पाण्डेय संगम लाल पांडेय व आद्या प्रसाद पाण्डेय तीनों सगे भाई हैं। क्षेत्र के महेशपुर गांव में उनकी साढ़े नौ बीघा जमीन व गांव मड़फा कलां गांव में दस बीघा जमीन है।कुल साढ़े उन्नीस बीघा धान की फसल मड़ाई के लिए मड़फा कलां और महेशपुर गांव की सीमा पर तीन जगहों पर खलिहान में रखे हुए थे जहां मंगलवार देर रात खलिहान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। मौके पर ग्रामीण डिब्बा बाल्टी में पानी लेकर पहुंचे लेकिन आग बुझाने में सफलता हाथ नही लगी। घटना की खबर पाकर मौके पर पहुंचे प्रधान पति बैजनाथ बिंद ने पीड़ित किसानों को शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं बुधवार दोपहर तहसीलदार कोरांव विनोद बरनवाल ने भी घटना की जांच कर किसानों को शासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। तहसीलदार कोरांव विनोद बरनवाल ने एसडीएम लालगंज आशाराम वर्मा से भी किसानों को शासन से मुआवजा दिलाने के संबंध में वार्ता की।

### मंडल व जिला अध्यक्षों की बैठक 19 को

**अदलहाट।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह के निर्देशन पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महाकुंभ प्रयागराज के परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय पंचायत संगम शिविर 19 से 21 जनवरी को आयोजित किया गया है। पंचायत को सफल बनाने हेतु प्रदेश के समस्त मंडल अध्यक्षों व जिला अध्यक्षों की एक बैठक 19 दिसंबर को परेड ग्राउंड प्रयागराज में मंडल प्रभारी अनिल कुमार मौर्य के नेतृत्व मे आयोजित की गई है। बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक मुन्ना पांडेय व सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी सुनील भांटी मौजूद रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी बजरंगी कुशवाहा मुख्य महासचिव भाकियू लोक शक्ति ने दी।

### कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को उपनिरीक्षक आनन्द शंकर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबीर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से आरोपी दीना कुमार पुत्र रमाशंकर निवासी विजयपुर थाना विन्ध्याचल को गिरफ्तार कर उनके पास से प्लास्टिक के गैलन में रखी हुई 20लीटर अवैध कच्ची देशी शराब बरामद की गयी। पुलिस ने सम्बंधित धाराओ में आरोपी के विरुध्द कार्यवाई की।

### विक्षिप्त लड़के द्वारा फेंकी गई मूर्ति मिली

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव के बगीचे नीम के पेड़ के नीचे रखी गई मूर्तियों को गांव के ही एक विक्षिप्त लड़के द्वारा रविवार को बगल में स्थित गड़ई नदी में फेंके जाने के बाद पुलिस द्वारा सभी मूर्तियो को फेक दिए जाने के बाद पुलिस ने खोजबीन कर सभी मूर्तियो को बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ ने बताया की गांव के ही मानसिक रूप से कमजोर 13 वर्षीय शुभान पुत्र हारून द्वारा नीम के पेड़ के पास से उठाकर नदी में फेंक दिया गया था तथा दो मूर्ति पानी के किनारे रख दिया गया, जिसको बरामद कर लिया गया है। कोई लिखित शिकायत नहीं मिलने के कारण सुभान एव उसके पिता को कड़ी चेतावनी दिया गया है।

# विश्व के सभी ग्रंथों में गीता का स्थान अद्वितीय: ब्रह्मचारी

**चौबेपुर।** क्षेत्र के कादीपुर कलां गांव में परमहंस हास्पिटल के तत्वावधान में यथार्थ गीता पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें प्रवचन के दौरान अड़गड़ानंद महाराज के शिष्य ब्रम्हचारीजी महाराज ने कहा कि गीता सार्वभौम है। धर्म के नाम पर प्रचलित विश्व के समस्त धर्मग्रंथों में गीता का स्थान अद्वितीय है। अड़गड़ानंद जी के परमशिष्य सक्तेशगढ़ आश्रम के मास्टर बाबा ने कहा कि यज्ञ से बचे हुए अन्न को खाने वाले संतान सब पापों से मुक्त हो जाते हैं। यज्ञ पूर्ण हो जाने पर बचा हुआ ब्रम्ह ही अन्न है। इस मौके पर चंद्रशेखर सिंह, डा. नरेन्द्र बहादुर सिंह, डा. बीर बहादुर सिंह, भाजपा नेता जयप्रकाश, श्याम प्रताप सिंह, धनश्याम सिंह पूर्व प्रधान, अजीत सिंह पूर्व प्रधान सहित कई प्रमुख लोग शामिल रहे। आयोजक डा. अन्नू सिंह ने सभी आये आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। अखंड यथार्थ गीता पाठ के आयोजन के बाद यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# बच्चों के ज्ञान के कायल हुए परीक्षक



## माना लोहा

### काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता में अफसरों ने भी परखा ज्ञान

### प्रतियोगिता में शामिल होकर सीडीओ ने परखा अपना ज्ञान

**वाराणसी।** काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता 2024 में बच्चों के ज्ञान को देखकर परीक्षक भी दंग रह गए। प्रतियोगिता में पूछे गए सवालों में उलझने के बजाय बच्चों ने झटपट उसका उत्तर दे दिया। बच्चों के ज्ञान को देखकर उनके शिक्षकों में काफी खुशी रही। काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता के प्रथम चरण में तीन विकास खंडों व पांच जोन में 202896 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें विशिष्टजनों और अधिकारियों ने भी हिस्सा लेकर अपने ज्ञान को परखा। सीडीओ विकास भवन में प्रतियोगिता में शामिल हुए।

सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता में काशी के लोग अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर रहे हैं। कक्षा 1 से 8 तक के जूनियर वर्ग में कुल 125406, कक्षा 9 से 12 सीनियर वर्ग में कुल 50471, आमजन की प्रतियोगिता में 19685, उच्च शिक्षा विभाग में 7072 लोगों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा कलेक्ट्रेट में 140 व विकास भवन में 122 लोगों ने अपने ज्ञान को परखने के लिए प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथियों ने भी भाग लिया। विकास भवन में सीडीओ हिमांशु नागपाल ने स्वयं हिस्सा लिया और अन्य प्रतिभागियों के साथ परीक्षा दी। परीक्षा को लेकर सभी में खासा उत्साह रहा। प्रतियोगिता का अगला चरण 18 दिसंबर को होगा।

# श्रीराम कथा सुनने के लिए भक्तों की लग रही भीड़



श्रीराम कथा के दौरान अलौकिक प्रसंग का श्रवण कर भक्तिरस में डूबे भक्त।

**दिलदारनगर।** भगवान शिव के पवित्र धाम कैलाश मानसरोवर की मुक्ति आंदोलन के निमित्त आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के छठम दिवस पर श्रीराम कथा मर्मज्ञ अंतराष्ट्रीय कथावाचक परम पूज्य आचार्य शान्तनु जी महाराज के मुखारबिंद से श्रीराम वन गमन का अद्भुत एवं अलौकिक प्रसंग का श्रवण कर भक्तिरस में आनंदित रहे।

रघुवंश की माताओं का चरित्र सुनाते हुए महाराज ने मां कौशल्या सुमित्रा मां जानकी एवं उर्मिला जी के चरित्र को आदर्श चरित्र होता है और कहां यह देश यह धर्म संस्कृति यदि सुरक्षित है। इन्हीं माताओं और बहनों के कारण जिन्होंने अपने पुत्रों को अपने भाइयों को अपने बेटों को तिलक लगाकर धर्म की रक्षा के लिए भेज दिया। महाराज ने कहा जो राम राज का किला प्रभु भगवान दिखता है उसके न्यू में जनक परिवार की बेटी चुनी गई। जब भगवान मां जानकी लक्ष्मण जी के साथ उनके लिए निकले पूरी अयोध्या मां कैकेई को धिक्कार देते हुए साथ चल पड़े। यही तो अयोध्या वासियों का भगवान के प्रति प्रेम और समर्पण है। हो जाते हैं। इस मौके पर राजेश जायसवाल लखन, मानवेन्द्र सिंह मानव, दीपक गुप्ता इत्यादि लोग रहे।

# तहसील सगड़ी इकाई की बैठक संपन्न

## चुनाव

### बजरंगी विश्वकर्मा बने आइडियल पत्रकार संगठन के मंडल अध्यक्ष



**पटवध (आजमगढ़)।** आइडियल पत्रकार संगठन की एक बैठक मंगलवार को महराजगंज नगर पंचायत के उज्जवल डे केयर सेंटर पर आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मत से बजरंगी विश्वकर्मा को आजमगढ़ मंडल अध्यक्ष, अमरनाथ मौर्य को प्रदेश संगठन मंत्री, तथा रामकृष्ण यादव को सगड़ी तहसील अध्यक्ष व हरिवंश चतुर्वेदी को महामंत्री चुना गया।

बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र ने कहा कि पत्रकारों के हित के लिए संगठन सदैव तत्पर रहेगा तथा किसी साथी के मान-सम्मान पर कोई आंच नहीं आने दी जायेगी। राष्ट्रीय महासचिव रोशन लाल ने कहा कि वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता एक जोखिम भरा कार्य है किंतु हमारे साथियों को शासन से किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं प्राप्त होती है।

हम सब मिलकर वैधानिक तरीके से अपनी मांगों के लिए लड़ाई लड़ेंगे। प्रदेश प्रभारी रामनरायन राय उर्फ बबलू ने कहा कि पत्रकारों को संरक्षण प्रदान करने का कार्य मात्र संगठन ही करता है। ऐसी स्थिति में हम सभी पत्रकारों को ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक संगठन को मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। कार्यक्रम में अमरनाथ मौर्य, हरिवंश चतुर्वेदी, रामकृष्ण यादव, इंद्रजीत मौर्य, कमलाकांत शुक्ल आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

### ग्राम प्रहरियों का सम्मान, पुलिसकर्मियों की सुनी समस्या

**आजमगढ़।** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने महराजगंज थाने का वार्षिक निरीक्षण करने के साथ सराहनीय कार्य करने वाले ग्राम प्रहरियों को सम्मानित किया और पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर उनकी समस्या भी सुनी। निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, भोजनालय, बैरक, शौचालय, माल निस्तारण, शस्त्रों के रख-रखाव व महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा कार्य सरकार हेतु थाने के उपनिरीक्षक व महिला हेल्प डेस्क को टैबलेट व मोबाइल वितरित किया गया तथा विवेचना का ओआर भी किया गया। एएसपी ग्रामीण द्वारा ग्राम प्रहरियों द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के लिए नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### बकाया रुपए मांगने पर दुकानदार के साथ मारपीट

**हलिया।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के दुर्जनीपुर गांव में नेशनल हाईवे के किनारे बिरयानी की दुकान चला रहे रामपुर जिला निवासी मुकेश कुमार ने बकाया रूपए मांगने पर मारपीट करने व सोने की चैन छीनने का आरोप लगाते हुए बुधवार को थाने में चार लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दी गई तहरीर में दुकानदार ने आरोप लगाया कि लालगंज थाना क्षेत्र के नैड़ी कठारी निवासी युवक नैड़ी कठारी स्थित एक निजी अस्पताल के डाक्टर और उसके साथ आए दो लोग मंगलवार की रात चार पहिया गाड़ी से आए। सभी लोग शराब के नशे में थे। चारों लोग मुझे काउंटर से घसीटते हुए मारपीट की साथ में आए दो लोग मेरे गले से सोने की चेन खींचकर कांउटर गिराते हुए भाग निकले। दुकानदार ने आरोप लगाया कि बीते सोमवार की शाम यह लोग दुकान पर आए थे पिछला बकाया 955 रूपए मांगने लगा तो सभी लोग गाली गलौज व धमकी देते हुए चले गए थे। पीड़ित दुकानदार ने दो नामजद और दो अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि दुकानदार की तहरीर पर घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर हमला

**जमानियां।** पांडेय मोड़ पर रंजिश के चलते एक युवक पर फाइटर और लोहे की रॉड से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल युवक को उसके गांव के लोगों ने कोतवाली पहुंचाया, जहां से पुलिस ने उसे इलाज के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की।

पीड़ित आशीष उर्फ मोनू यादव निवासी हरपुर जमानिया ने बताया कि वह सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे पांडेय मोड़ पर अपनी मोटरसाइकिल के साथ खड़ा था। इसी दौरान, विशाल यादव, वीरू यादव और शिवा सिंह निवासीगण हरपुर ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। तीनों ने रंजिश के चलते फाइटर और लोहे की रॉड से प्रार्थी को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

आशीष के मुताबिक हमलावर उसे अधमरा हालत में छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद सड़क पर लहूलुहान पड़े आशीष को गांव के कुछ लोगों ने देखा और तुरंत कोतवाली पहुंचाया। पुलिस ने मामले की तहरीर दर्ज कर ली है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी अशेष नाथ सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।